आश्विन कृष्ण पक्ष तृतीया उपरांत 09:15 चतुर्थी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 232, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वैज्ञानिकों ने खोज निकाला सबसे बड़ा ब्लैकहोल जेट 16

अपने बेटों को जब वी मेट दिखाना चाहती हैं करीना 15

## बिहार में दबंगों ने दलितों के 80 घर जलाए

### पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी सहित 15 को किया गिरफ्तार

नवादा/पटना, एजेंसी

बिहार के नवादा जिले में बुधवार शाम को दबंगों ने दलित बस्ती के करीब 80 घरों में आग लगा दी। इस दौरान फायरिंग भी की गई। घटना के पीछे जमीन का विवाद कारण बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से 34 घरों के आग के चपेट में आने की बात कही जा रही है।

कृष्ण नगर माझी टोले में हुई इस घटना में पुलिस ने अभी तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की निंदा करते हुए सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। नवादा के जिलाधिकारी (डीएम) आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि माझी टोला में एक समूह ने करीब 34 घरों को नष्ट कर दिया। आगजनी से प्रभावित ज्यादातर घर एससी/एसटी समुदाय के लोगों के थे। डीएम ने कहा कि यह आशंका भी जताई जा रही कि आरोपियों ने घरों में आग लगाने से पहले हवा में गोलियां चलाईं।



बिहार के नवादा में दबंगों द्वारा दलित बस्ती में लगाई गई आग में जलते घर।

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की घटना की निंदा

## बबुआ के राज में माफिया चलाते थे समानांतर सरकार

### योगी ने कहा-जनता पिसती थी, बबुआ 12 बजे सोकर उठता था, 1005 करोड़ की 93 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव पर कड़े प्रहार किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार के समय हर जिले का बड़ा माफिया व गुंडा सीधे सपा से जुड़ा था। पदाधिकारी या शागिर्द भी उसी पार्टी का था।

कहा कि बबुआ 12 बजे तक सोता था। बबुआ घर से बाहर नहीं निकलता था। माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। अराजकता व गुंडागर्दी करते थे। वह मिल्कीपुर में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 1005 करोड़ की 93 परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के समय में संगठित अपराध था। पशु, वन, खनन और भू-माफिया थे। मुस्लिम तुष्टिकरण की हद थी। पर्व व त्योहारों में इन लोगों ने अराजकता फैलाई थी। सारा काला चिट्ठा सामने आएगा तो मुंह दिखाने लायक नहीं बचेंगे। होली, दिवाली, रक्षाबंधन-शिवरात्रि, रामनवमी-जन्माष्टमी को प्रतिबंधित कर दिया था। जन्माष्टमी के आयोजनों पर थाना, पुलिस लाइन, जेलों में रोक लगा दी थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इनके संस्कार हैं। कहते थे कि जन्माष्टमी में भजन न गाओ। हरे रामा, हरे कृष्णा की धुन कुछ लोगों को पसंद नहीं है। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाती थी। दुर्गा पूजा में अयोध्या का दंगा हर किसी ने देखा। सपा सरकार में अयोध्या के देवकाली मंदिर में मूर्ति चोरी हो गई थी। बतौर सांसद गोरखपुर से आकर मैंने आंदोलन किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ। गुर्गों पर कार्रवाई की तो सरगना को तकलीफ हो रही है। उन्होंने अयोध्या के विकास कार्यों की फेहरिस्त गिनाई। उनके साथ प्रदेश सरकार के कई मंत्री, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मंच पर मौजूद थे।



#### समाजवादी पार्टी को डकैती डालने के लिए अंधेरा ही चाहिए

योगी ने कहा कि दीपोत्सव पर अयोध्या के मंदिरों पर जब दीप जलते हैं तो सिर्फ सपा मुखिया और पाकिस्तान को परेशानी होती है। इन्हें मालूम है कि अयोध्या में जलने वाला एक-एक दीप अयोध्या, प्रदेश व देश को रोशन करेगा। पाकिस्तान भारत का दुश्मन है, उसे तो परेशानी होती है, लेकिन हिंदू विरोधी मानसिकता के कारण समाजवादी पार्टी को भी दिक्कत होती है। सपा को डकैती डालने के लिए अंधेरा ही चाहिए।

### एक नजर

#### महंत नृत्य गोपालदास की फिर बिगड़ी तबीयत



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की फिर से तबियत बिगड़ने के बाद गुरुवार को उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि फिर उन्हें यूरिन की समस्या हुई है। भोजन-पानी भी नहीं ले रहे थे। उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि कुछ जांच भी होनी है, जिसके लिए दो दिन भर्ती रहना होगा।

#### सलमान के काफिले में घुसे युवक पर मामला दर्ज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के सुरक्षा काफिले में घुसे मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि यह घटना बीती रात बांद्रा में महबूब स्टूडियो और गैलेक्सी अपार्टमेंट के बीच हुई, जहां अभिनेता का घर है। अभिनेता को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से कई धमकियां मिली हैं और उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा वाई-प्लस सुरक्षा दी गई है। घटना के समय सलमान अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि रात लगभग 12.15 बजे जब काफिला महबूब स्टूडियो से गुजरा तो मोटरसाइकिल पर सवार उजैर फैज मोहिउद्दीन (21) ने सलमान की कार के पास जाने की कोशिश की।

## कश्मीर में नहीं लागू होने देंगे खून बहाने का पाकिस्तानी एजेंडा : मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा-पड़ोसी मुल्क के इशारे पर खेल रहे नेकां और कांग्रेस

- दावा-दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में 370 वापस नहीं ला सकती
- भरोसा : जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इसे पूरा करेगी

श्रीनगर/जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधाते हुए आरोप लगाया कि यह गठबंधन आतंक के आका पाकिस्तान के उसी एजेंडे को जम्मू-कश्मीर में लागू करना चाहता है, जिसने यहां पीढ़ियां बर्बाद की और खून बहाया। अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे और दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती है। मोदी जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।



इससे पहले, उन्होंने दिन में श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया। दोनों ही जनसभाओं में प्रधानमंत्री ने इस पूर्ववर्ती प्रदेश के लोगों को भरोसा दिलाया कि जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इस प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। कटरा की रैली में मोदी ने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को लेकर जम्मू-कश्मीर में भले ही उत्साह न हो, लेकिन पड़ोसी देश इन्हें लेकर बहुत उत्साह में है। पाकिस्तान में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन की बल्ले बल्ले हो रही है। इनके घोषणापत्र से पाकिस्तान बहुत खुश नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का खुलकर समर्थन किया है, जिन्होंने कहा है कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा वही है जो पाकिस्तान का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यहां वही काम किया जो आतंक के आका पाकिस्तान को फायदा पहुंचाता था। उन्होंने कहा कि आज भी यह आतंकी आका के उसी एजेंडे को लागू करना चाहते हैं। लेकिन मोदी आज कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को डंके की चोट पर कह रहा है कि हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे। दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती। ज्ञात हो कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक पाकिस्तानी समाचार चैनल से बातचीत में कहा है कि उनका देश कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के विचारों से सहमत है कि अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाना चाहिए।

#### कांग्रेस-पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तानी मंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि इससे फिर से यह स्पष्ट हो गया है कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री द्वारा अनुच्छेद 370 और 35ए पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का समर्थन करने की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इस बयान ने पुन: यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू पर एफआईआर



- राहुल गांधी पर की थी टिप्पणी

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयानों को लेकर उनके खिलाफ टिप्पणी के लिए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के विरुद्ध यहां एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। गुरुवार को पुलिस ने बताया कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। बिट्टू ने रविवार को कहा था कि जब बम बनाने में माहिर लोग राहुल गांधी का समर्थन कर रहे हैं, तो वह देश के नंबर एक आतंकवादी हैं।'इस बयान की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की थी।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बिट्टू ने कहा कि वह अपनी टिप्पणी पर कायम हैं और पुलिस शिकायतों से नहीं डरते। प्राथमिकी दर्ज होने पर रेल राज्य मंत्री बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा प्राथमिकी और पुलिस मामले दर्ज करके डराने की कोशिश करती है। मैं बिल्कुल भी चिंतित नहीं हूं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में जो भी कहा है, मैं उस विचार से कैसे सहमत हो सकता हूं।

## अब रामपुर में ट्रैक पर खंभा रख ट्रेन पलटाने की साजिश

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

- बिलासपुर में शरारती तत्वों की करतूत, लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा

**अमृत विचार :** रामपुर में रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने लोहे का खंभा रखकर उधर से गुजर रही देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस को बेपटरी करने की कोशिश की लेकिन लोको पायलट की सजगता हादसा टल गया। पायलट ने वक्त रहते खंभे को देखकर ट्रेन को रोक लिया। जानकारी मिलने पर रेल अधिकारियों में खलबली मच गई। खंभे को हटाने के बाद ट्रेन आगे रवाना हुई।

सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र तथा जीआरपी के पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआयना किया। जीआरपी रामपुर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रुद्रपुर बॉर्डर से सटी क्षेत्र की बलवंत एनक्लेव कालोनी के पीछे पिलर संख्या 45/10 तथा 45/11 के बीच रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने टेलीफोन लाइन बिछाने में इस्तेमाल होने वाला लोहे का खंभा रख दिया। देहरादून-काठगोदाम जन शताब्दी एक्सप्रेस (12091) बुधवार की रात को करीब 10 बजे देहरादून से काठगोदाम जा रही थी। लोको पायलट ने ट्रैक पर लोहे का खंभा रखा देखकर ट्रेन रोक ली और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इसके बाद लोको पायलट ने खंभे को रेलवे लाइन से हटाकर ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन को 9:45 पर रुद्रपुर पहुंचना था। घटना के चलते वह ट्रेन 10:15 बजे रुद्रपुर स्टेशन पहुंची। हाल ही में ट्रेन पलटाने की कई साजिशें हुई हैं। 17 अगस्त को साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे लोहे के टुकड़े के कारण डीरेल हो गई थी। 8 सितंबर को कालिंदी एक्सप्रेस तथा 24 अगस्त को फर्रुखाबाद पैसेंजर को पलटाने की साजिश की गई थी।



बिलासपुर क्षेत्र में रेलवे लाइन पर लोहे का खंभा पड़ा होने की जानकारी पर मैंने मौके का निरीक्षण किया। रामपुर जीआरपी में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। -**आशुतोष शुक्ला**, एसपी रेलवे, मुरादाबाद मंडल

## दुष्कर्म पीड़िता को गोली से उड़ाया

### मां तथा भाई के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रही थी छात्रा

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

- कार सवार हमलावरों ने बाइक से खींचकर छात्रा को मार दी गोली
- कैलादेवी थाना क्षेत्र की वारदात आरोपी व मामा के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में मां और भाई के साथ बाइक से घर लौट रही दुष्कर्म पीड़िता कक्षा नौ की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मां और भाई का आरोप है कि कार में सवार दुष्कर्म के आरोपी ने अपने मामा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस दूसरे पहलू पर भी जांच कर रही है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के भमोरी पट्टी गांव निवासी किसान गाजियाबाद के साहिबाबाद मंडी में ट्रैक्टर चलाता है। उसकी पत्नी बुधवार को बेटी के साथ गाजियाबाद से गांव लौट रही थी। सौंधन पहुंचने पर उन्हें लेने के लिए बेटा बाइक लेकर आ गया। बारिश की वजह से रात 10 बजे तक सौंधन में ही रहे। इसके बाद तीनों बाइक से गांव को रवाना हुए। छात्रा की मां का आरोप है कि रास्ते में सरकारी स्कूल के सामने कार सवार लोगों ने बाइक रोक ली। उनकी बेटी से दुष्कर्म करने का आरोपी रिंकू पुत्र राकेश निवासी भमौरी पट्टी अपने मामा पप्पू पुत्र जुगली निवासी सेतुआ थाना रजपुरा के साथ कार से उतरा और बाइक पर बैठी बेटी को खींच लिया और उसे गोली मार दी।

सूचना पर थाना पुलिस के साथ एएसपी श्रीशचंद और सीओ अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे। सीओ अनुज चौधरी ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिंकू और उसके मामा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने रिंकू को जेल भेजा था, वह 20 दिन पहले ही जमानत पर छूटा है।

## आतिशी 21 को लेंगी मुख्यमंत्री पद की शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी



- पांच कैबिनेट मंत्री भी होंगे, एक नया चेहरा शामिल

दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व में नया मंत्रिमंडल 21 सितंबर को शपथ लेगा। मंत्रिमंडल में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे जबकि चार मंत्री बरकरार रहेंगे।

'आप' ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की मुख्यमंत्री नामित की गईं आतिशी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी 21 सितंबर को पद की शपथ लेंगे। आप ने कहा कि निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मंत्रीमंडल का हिस्सा रहे गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और इमरान हुसैन को पुनः मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक के विश्वासपात्र सहयोगियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन द्वारा पिछले साल फरवरी में इस्तीफा देने के बाद आतिशी और भारद्वाज को केजरीवाल के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

## बेनतीजा रही वार्ता, डॉक्टरों की हड़ताल जारी

आरजी कर अस्पताल मामला

कोलकाता, एजेंसी

आरजी कर अस्पताल मुद्दे पर गतिरोध को हल करने के लिए प्रदर्शनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों और पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों के बीच दूसरे दौर की वार्ता बुधवार रात को बेनतीजा रही जिसके कारण चिकित्सक हड़ताल जारी रखेंगे।

चिकित्सकों का आरोप है कि राज्य सरकार ने बैठक का लिखित विवरण देने से इनकार कर दिया। बैठक के बाद चिकित्सकों ने घोषणा की कि वे अपना आंदोलन और 'काम रोको' अभियान तब तक जारी रखेंगे जब तक सरकार बैठक में हुई सहमति के अनुसार सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की सुरक्षा के संबंध में लिखित निर्देश जारी नहीं कर देती। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों में शामिल डॉ. अनिकेत महतो ने कहा कि बातचीत तो सुचारू रूप से हुई लेकिन सरकार ने उन मुद्दों का हस्ताक्षरित और लिखित विवरण सौंपने से इनकार कर दिया जिन पर चर्चा हुई। महतो ने कहा कि हम अपनी मांगों की विस्तृत जानकारी देते हुए कल एक ईमेल भेजेंगे। स्वास्थ्य सचिव एन एस. निगम के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने की मांग को भी सरकार ने नहीं माना।

#### पूर्व प्राचार्य संदीप घोष का चिकित्सा पंजीकरण रद



पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद (डब्ल्यूबीएमसी) ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष का पंजीकरण गुरुवार को रद कर दिया। घोष आरजी .कर अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामलें में इस समय सीबीआई की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी द्वारा तैयार की जाने वाली पंजीकृत चिकित्सकों की सूची से घोष का नाम 19 सितंबर को हटा दिया गया।

## भाजपा विधायक के मामा की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)



- हसनपुर के घंसूरपुर खालसा गांव में हुई घटना

**अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव घंसूरपुर खालसा में बुधवार रात गोशाला में सो रहे हसनपुर विधानसभा से भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के मामा सत्यप्रकाश (72) की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से उन्हें मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। देर शाम डीआईजी मुनिराज जी ने गांव में पहुंचे। हसनपुर कोतवाली के गांव घंसूरपुर खालसा में सत्यप्रकाश खड़गवंशी (70) परिवार सहित रहते हैं। सत्यप्रकाश के भांजे महेंद्र सिंह खड़गवंशी हसनपुर से विधायक हैं। उनके भतीजे महेश खड़गवंशी भाजपा में मंडल महामंत्री हैं। भतीजे महेश खड़गवंशी का कहना है कि पशुओं की रखवाली के लिए बुधवार रात सत्यप्रकाश घर के पास ही पशुशाला में चारपाई पर सो रहे थे। रात में गोली की आवाज सुनकर वह पशुशाला में पहुंचे तो सत्यप्रकाश लहूलुहान मिले।

## शफी पंडित के निधन पर मोदी ने जताया शोक

**श्रीनगर।** कश्मीर के पहले मुस्लिम आईएएस अधिकारी मोहम्मद शफी पंडित का गुरुवार को निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पंडित के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने पंडित की प्रशंसा की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने श्रीनगर में एक रैली के दौरान कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि कश्मीर के पहले आईएएस अधिकारियों में से एक और क्षेत्र के लिए गौरव का स्रोत पंडित का कल रात निधन हो गया। अपनी सेवानिवृत्ति के बाद भी, उन्होंने समाज के कल्याण के लिए काम करना जारी रखा। इस दुख की घड़ी में, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

## हरिद्वार में नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़

### देहरादून में किराए के मकान से चला रहे थे नकली नोटों का कारोबार, 2 लाख 25 हजार रुपये के नकली नोट बरामद

ब्यूरो, हरिद्वार

**अमृत विचार :** हरिद्वार पुलिस ने जाली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के चार सदस्य हरिद्वार और दो देहरादून में पकड़े गए हैं। नकली नोटों का यह धंधा देहरादून में किराए के मकान से चल रहा था। इनके कब्जे से 2 लाख 25 हजार रुपये कीमत के 500-500 के नकली नोट बरामद किए गए हैं।

रानीपुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो मोटर साइकिलों पर सवार चार लोगों को रोका। तलाशी में उनके पास से 500-500 के 44 नोट मिले। नोटों की गहनता से जांच की तो वे नकली पाए गए। इसके बाद पुलिस इन चारों आरोपियों सौरभ निवासी देवबंद (सहारनपुर), निखिल निवासी सरसावा (सहारनपुर), अनंतबीर बाबूगढ छावनी (हापुड़) और नीरज निवासी गांधी कॉलोनी देवबंद को कोतवाली ले आई। वहां पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनके दो अन्य साथी मोहित और विशाल देहरादून के सुद्धोवाला में मकान किराए पर लेकर रहते हैं। वहां लैपटॉप व प्रिंटर की मदद से नकली नोट बनाने का काम करते हैं। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल ने तत्काल एक पुलिस टीम को देहरादून भेजा। टीम ने प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सुद्धोवाला में एक मकान में दबिश देकर मोहित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 500-500 के 200 नकली नोट यानी कुल एक लाख रुपये बरामद हुए। वहीं कमरे से लैपटॉप, प्रिंटर, दो ब्लेड कटर, दो चमकीली ग्रीन टेप और नोट छापने का सामान भी मिला। इसके बाद टीम ने पटेलनगर थाना क्षेत्र के दून एनक्लेव से विशाल को भी पकड़ लिया। उसके पास 500-500 के 207 नकली नोट यानी कुल एक लाख तीन हजार रुपये बरामद हुए।



बरामद नकली नोट बनाने के उपकरण।

#### यूट्यूब से सीख बनाने लगे नकली नोट

मोहित गिरोह का सरगना है और वह नकली नोट बनाने में माहिर है। यूट्यूब देखकर उसने नकली नोट छापना शुरू कर दिया। यह सब काम इतनी सफाई से करता था कि पहली नजर से नोट में असली-नकली का अंतर कर पाना मुश्किल है। मोहित और निखिल कुमार इससे पहले भी नकली नोट छापने और बाजार में चलाने के आरोपी में हिमाचल प्रदेश के नहान में जेल जा चुके हैं।

#### असली नोट स्कैन कर बनाते थे नकली

आरोपियों ने 500 के असली नोट स्कैन कर रखे थे। उसी से नकली नोट प्रिंट करते थे। नकली नोटों को आरोपी देहरादून और हरिद्वार के बाजारों में बड़ी चालाकी से चलाते थे। नकली नोट ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों और बुजुर्ग दुकानदारों के पास चलाते थे। दुकानदार को 500 का नोट देकर 100 या 150 रुपये का सामान लेते थे।

## एक नजर

### दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक आज

**हरदोई, अमृत विचार।** उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि 01 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान तथा 11 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक शुक्रवार को तहसील सभागार में आहूत की गई है।

### रोजगार मेले में 63 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी रामवीर सिंह ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा गुरुवार को आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में पांच कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में लगभग 138 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कम्पनियों के अधिकारियों ने उपस्थित अभ्यर्थियों को कम्पनी एवं उससे सम्बन्धित कार्य तथा प्राप्त वेतन भत्ते के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। साक्षात्कार में 63 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

### बीमा अभिकर्ता के निधन पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**शाहाबाद, हरदोई।** भारतीय जीवन बीमा निगम के जीवन ज्योति भवन स्थित शाखा कार्यालय में वरिष्ठ अभिकर्ता राकेश मिश्र के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में शाखा प्रबंधक संदीप कुमार सिंह ने दिवंगत अभिकर्ता मिश्र के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि वह एक निगम के समर्पित कार्यकर्ता थे। उनके निधन से हुई अपूर्णीय क्षति हुई है। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे। सहायक शाखा प्रबंधक मुनेंद्र कुमार, सैयद अंजुम आफ़ाक ने एलआईसी में उनके किये गए योगदान की चर्चा की। शोक सभा में भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता परिषद के अध्यक्ष प्रमोद पाठक, महामंत्री रमाकांत मौर्य, शिव कुमार सिंह, संजय शुक्ला, अली शेर, शिव नंदन राजपूत, सत्यम सक्सेना, विशाल द्विवेदी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सीपी वर्मा, निर्मल सिंह, दिनेश पाल, डील चंद्र, विकास अधिकारी दीवान सिंह, सभी एचजीए तथा अन्य बीमा कर्मचारी बृजेश, अमन सोनी, अमित पाल, अभिषेक, शुभम, सूर्यपाल, सोनू श्रीवास्तव, उमेश, नितिन आदि शामिल हुए।

# स्टेशन पर 100 फीट ऊंचे पोल से नदारद है तिरंगा झंडा



रेलवे स्टेशन पर स्थापित 100 फुट ऊंचे पोल से नदारद तिरंगा झंडा।

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन हरदोई पर तैनात तैनात अधिकारी कितने जागरूक एवं सतर्क हैं, इसकी एक और बानगी उजागर हुई है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर स्थापित 100 फीट ऊंचे पोल से तिरंगा झंडा गायब है। कई महीनों से तिरंगा नदारद हैं लेकिन अधिकारियों को कोई जानकारी नहीं या जानबूझकर अनजान बने हुए हैं। स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि उन्हें याद भी नहीं कि पिछले समय कब पोल पर तिरंगा झंडा देखा था।

अगस्त 2019 में हरदोई स्टेशन पर 100 फीट ऊंचा पोल स्थापित कर इस पर 30 फुट लंबा और 20 फुट चौड़ा तिरंगा झंडा फहराया गया था। तिरंगा झंडा दूर से ही दिखता था और यात्रियों व लोगों को आकर्षित करता था। हरदोई के जिम्मेदारों ने तिरंगा झंडा में भी खेल किया और अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी के चलते कई बार यह झंडा फट भी गया। अब बीते लगभग दो महीने से अधिक से हरदोई रेलवे स्टेशन पर लगा 100 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा गायब है। झंडे के स्थान पर केवल लोहे की रॉड दूर से चमक रही। जिस स्थान पर यह झंडा लगा है वहां से लगातार अधिकारियों का आवागमन भी होता है। साथ ही 100 फीट ऊंचा झंडा एडीईएन कार्यालय से भी देखा जा सकता है, लेकिन बीते कई महीनो से गायब तिरंगा झंडा लगाने में एडीईएन समेत स्टेशन के जिम्मेदारों ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई और अधिकारियों की लापरवाही कोताही के चलते सरकार के लाखों रुपए पानी में जाते हुए नजर आ रहे हैं।

पिछले दिनों हरदोई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे डीआरएम राजकुमार सिंह को भी स्टेशन पर लगे 100 फीट ऊंचे पोल पर नदारद तिरंगा नहीं दिखा। लाखों रुपये की लागत से स्थापित किए गए तिरंगे के प्रति अधिकारियों की उदासीनता स्थानीय लोगों को भी अखर रही है।

**उदासीनता**

**▸▸ हरदोई रेलवे स्टेशन पर स्थापित किया गया था ऊंचा तिरंगा झंडा**

**बोले स्टेशन अधीक्षक**

इस बाबत जब स्टेशन अधीक्षक नरसी लाल मीणा से जानकारी लिए तो उनके द्वारा कहा गया कि 15 अगस्त के बाद झंडा उतार लिया गया था, जो तेज हवाओं के कारण झंडा फट गया था। झंडे को लगाने और रखरखाव का काम एडीईएन का है। इस संबंध में आगे की जानकारी उनके पास नहीं है। हालांकि रेल से जुड़े सूत्र बताते है कि 15 अगस्त को भी स्थिति जस की तस थी।

# अधेड़ की हत्या कर शव नदी में फेंके जाने की आशंका

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** अरवल थाने के सुदनीपुर गांव के पास रामगंगा नदी में उतराते मिले शाहजहांपुर निवासी अधेड़ के शव के मामले में हत्या की आशंका जाहिर की गई है।

बुधवार को उसका शव नदी से बरामद किया गया था। उसके पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की गई थी। उसकी पहचान श्याम सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी बरुआ ज़िला शाहजहांपुर के रूप में की गई थी। जिसके बाद एसएचओ अरवल सोमपाल गंगवार ने उसके परिजनों को सूचना दी थी। श्याम सिंह पत्नी रेखा, दो बेटों हिमांशु, दीपांशु और एक बेटी शिखा के साथ दिल्ली में रहकर वहीं सिलाई का काम करता था। गुरुवार को उसकी पत्नी रेखा ने बताया कि 13 सितंबर को वह काम पर चली गई थी। जब शाम को वापस लौटी तो बच्चों ने उसे बताया कि पापा को एक अंकल बुला ले गए थे। उसके बाद से वापस नहीं लौटे। श्याम के पिता और भाई उसे तलाशने दिल्ली पहुंच गए। उन्होंने उसे तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। घर वालों का आरोप है कि जो अजनबी श्याम को बुलाकर ले गया था। उसी ने उसकी हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया।

# जिला अस्पताल के अंदर केवल मरीज के वाहन को मिले प्रवेश

## जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधिकारियों को जारी किए निर्देश

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरुष चिकित्सालय तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय को अस्पतालों के अंदर मरीजों के वाहनों को छोड़कर अन्य किसी वाहन को प्रवेश न दिए जाने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि प्रवेश द्वारों से अन्य वाहनों के प्रवेश के चलते मरीजों एवं उनके परिजनों के आवागमन में कठिनाई होती है। विशेष परिस्थितियों में एम्बुलेंस व मरीजों के परिजन की गाड़ी को ही सम्बंधित वार्ड तक जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

पूर्व में भी कई अवसरों पर निर्देशित किया गया है कि अस्पताल परिसर में केवल उसी वाहन को प्रवेश दिया जाये जिस वाहन में मरीज हो और मरीज को उतारने के बाद उस वाहन को भी पार्किंग स्थल में पार्क करने हेतु कहा जाये। इसके अतिरिक्त चिकित्सालय में कार्यरत स्टॉफ के समस्त दो पहिया व चार पहिया वाहनों की भी निर्धारित स्थल पर पार्किंग करायी जाये। मरीजों के वाहनों को छोड़कर किसी भी वाहन को अस्पताल परिसर के अंदर किसी भी दशा में प्रवेश न दिया जाये। इसके लिए आवश्यक है कि मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा गार्डों की तैनाती कर उन्हें इस बात का प्रशिक्षण दिया जाये कि कौन सा वाहन अस्पताल के अंदर प्रवेश करेगा। अस्पताल परिसर में अनावश्यक एवं अवांछित वाहनों का प्रवेश प्रत्येक दशा में रोका जाये।

### कार्यालय में बैठकर जन समस्याएं हल करें अधिकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** जनपद में शिकायत निस्तारण के लिए लागू नई पर्ची व्यवस्था के तहत जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने गुरुवार को अपने कलेक्टेट कार्यालय में फरियादियों की शिकायतों का सुना तथा शिकायतों का शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्ची के रूप में शिकायतकर्ता के पास प्रमाण होगा और उन्हें शिकायत निस्तारण के लिए भटकना नहीं पड़ेगा तथा जन शिकायतों के निस्तारण में तेजी आयेगी। इस नई व्यवस्था से शिकायतकर्ता काफ़ी खुश नजर आए। जिलाधिकारी ने समस्त तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नियमित रूप से कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने कहा है कि शिकायतों के निस्तारण से संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकेगें। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा की टीम ने एक ऐसा सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है जिसके माध्यम से किसी भी शिकायत को ट्रेस किया जा सकता है एवं शिकायतकर्ताओं को एक आठ अंकों का शिकायत क्रमांक दिया जायेगा, जिससे शिकायत क्रमांक से शिकायत निस्तारण की स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी की जा सकती है। पहली पर्ची सुशील कुमार के नाम से कटी।

# हत्याभियुक्त को आजीवन कैद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश यशपाल ने फैसले में हत्या के मामले में आरोपित को जुर्म साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता सत्यम तिवारी ने बताया कि थाना पचदेवरा क्षेत्र के खदरी गांव निवासी मुन्ने उर्फ जनार्दन सिंह ने सात अगस्त 2009 को शाम करीब 6:20 बजे गांव के ही सुनील पर बंदूक से फायर करके उसकी हत्या कर दी। इस मामले की रिपोर्ट मृतक के भाई लालू सिंह ने दर्ज कराई। घटना के कारणों में आरोपित वादी की जमीन पर खूंटा गाड़ रहा था। जिससे मना करने पर घटना को अंजाम दिया गया। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों के दलीलों को सुनकर आरोपित पर जुर्म साबित पाया और उसे सजा सुनाई। जुर्माना की धनराशि जमा होने पर आधी धनराशि वादी मुकदमा को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है।



### हत्या के प्रयास में दोषी को पांच साल की कैद

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश अच्छे लाल सरोज ने एक फैसले में हत्या के प्रयास में आरोपित को जुर्म साबित होने पर पांच साल की कड़ी कैद और 27,000 रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। थाना कछौना क्षेत्र के पूर्वी बाजार निवासी अरविंद उर्फ छुन्ना ने 20 फरवरी 2020 को पुलिस वालों पर तमंचा से फायर कर उनकी हत्या का प्रयास किया। इस मामले की रिपोर्ट एस एच ओ राय सिंह ने दर्ज कराई। कहा कि घटना के पूर्व मुखबिर की सूचना पर आरोपित का पीछा किया गया तो उसने घटना को अंजाम दिया। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपित पर हत्या के प्रयास का जुर्म साबित पाया और उसे पांच साल की कड़ी कैद और विभिन्न धाराओं में 27,000 रुपये में जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

### जन-सुनवाई के समय एसपी के सामने पहुंची वृद्ध महिला, की सहायता

**हरदोई।** एसपी ऑफिस में जन-सुनवाई हो रही थी, उसी बीच एक वृद्धा एसपी नीरज कुमार जादौन के सामने खड़ी हो गई। एसपी ने पूछा 'अम्मा क्या बात है' लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। एसपी ने फिर वही सवाल किया, लेकिन फिर कोई जवाब नहीं मिला। उसके बाद एसपी सब समझ गए। बुज़ुर्ग कोतवाली देहात के एक गांव से आई थी। एसपी ने पता कराया तो पता चला कि वृद्धा न तो बोल सकती थी और न उसे सुनाई देता है। इतना ही नहीं बुनियादी ज़रूरतों से कोसों दूर उस बुज़ुर्ग को निवाले के भी लाले पड़े थे। इतना सब जानने के बाद उन्होंने एसएचओ कोतवाली देहात को बुज़ुर्ग की मदद करने को कहा। साथ ही खुद भी उसके अंधेरे घर में रोशनी के साथ ही उसके लिए दो जून की रोटी का बंदोबस्त कराया। वृद्धा कुछ बोली तो नहीं लेकिन उसकी आंखें डबडबा गईं।

## जांच में झूठी निकली टप्पेबाजी की घटना

**हरदोई, अमृत विचार।** 2.10 लाख की टप्पबाज़ी की घटना पुलिस की जांच में फर्जी पाई गई। दरअसल पिता को धोखा देने के लिए पुलिस को झूठी तहरीर दी गई थी। पुलिस को गुमराह करने वाले को जेल भेज दिया गया है। साण्डी थाने के हरवंशापुर निवासी राजवीर सिंह पुत्र कामता प्रसाद ने बुधवार को पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उसके बैग में 2 लाख 10 हज़ार रुपये रखे हुए थे, जिन्हे कोई टप्पबाज़ी कर उड़ा ले गया। तहरीर आते ही पुलिस ने तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि राजवीर घर से 20 हज़ार रुपये ले कर निकला था और रुपये उसने बैंक में जमा कर दिए। जांच में सामने आया कि करीब 4 साल पहले राजवीर को उसके पिता ने कारोबार के लिए 2 लाख रुपये दिए थे। उसने रुपया मौज-मस्ती में उड़ा दिए थे। दोबारा पैसों की ज़रूरत पड़ने पर राजवीर ने अपने पिता को धोखा देने के लिए टप्पबाज़ी की झूठी कहानी गढ़ते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने राजवीर की कहानी के सारे पन्ने पलट कर सामने रख दिए। पुलिस ने राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।

# आग में झुलसी महिला की मौत, केस दर्ज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आग से बुरी तरह झुलसी सीमा की तीसरे दिन मौत हो गई। उसके भाई की तहरीर में कहा गया था कि बहनोई ने दूसरी शादी कर ली थी, बहन को रास्तें से हटाने के लिए दहेज़ में दो लाख रुपये की मांग कर प्रताड़ित किया जाता था। मंगलवार की आधी रात को ससुरालियों व सौतन ने पेट्रोल डाल कर आग लगा दी थी। पहले तो पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की, लेकिन एसपी के एक्शन लेते ही कोतवाली देहात पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। आग से झुलसी सीमा की गुरुवार की देर शाम मेडिकल कालेज में मौत हो गई।

बताते चलें कि मंगलवार की आधी रात को कोतवाली देहात के नानक गंज झाला निवासी वीरेंद्र राठौर की पत्नी सीमा राठौर (30) संदिग्ध हालत में आग से झुलस गई थी, जिसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। सीमा के भाई अंकित राठौर निवासी सिकंदरपुर कल्लू शाहाबाद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उसकी बहन की शादी साल 2010 में हुई थी, उसके दो बेटी और एक बेटा है। आरोप है कि बहनोई वीरेंद्र ने शिल्पी पाल से दूसरी शादी कर ली। इसके बाद सीमा को रास्ते से हटाने के लिए उसे प्रताड़ित कर दहेज़ में दो लाख रुपये की मांग करने लगा। मंगलवार की आधी रात में पति वीरेंद्र, ससुर गयाप्रसाद, सास मल्लो देवी, देवर गोविंद और वीरेंद्र की दूसरी पत्नी शिल्पी पाल ने उसकी बहन पर पेट्रोल डाल कर उसके आग लगा दी। बुरी तरह झुलसी सीमा को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां गुरुवार की देर शाम उसकी मौत हो गई। वहीं इससे पहले पुलिस ने अंकित की तहरीर पर कोई सुनवाई नहीं की थी।

### पुलिस ने तहरीर में कर दिया खेल

सीमा के भाई अंकित का आरोप है कि उसके बहनोई के परिवार वालों की काफी ऊंची पहुंच है। इसी वजह से पुलिस सुनवाई करने में टाल-मटोल कर रही थी, लेकिन एसपी से शिकायत करने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। अंकित का कहना है कि उसने तहरीर में वीरेंद्र की दूसरी पत्नी शिल्पी पाल का नाम दिया था, लेकिन पुलिस ने उसका नाम हटा दिया। पुलिस ने पति, सास-ससुर और देवर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मंत्री व डीएम की डांट के बाद भी बाहर की लिख रहे दवाएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अब तो पूरी तरह से साबित हो चुका है कि मेडिकल कालेज के डाक्टरों की ज़िद के अच्छे-अच्छे पानी मांग जाएगा। एक दिन पहले की बात है कि मेडिकल कालेज पहुंचें ज़िले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने खुद देखा कि डाक्टर बाहर से दवाएं और जांच लिख रहें है। इससे नाराज़ हुए प्रभारी मंत्री ने डीएम से तीन दिन में रिपोर्ट तलब की और सीएमएस से डाक्टरों की ऐसी हरकत पर कंट्रोल रखने को कहा था, लेकिन उसके दूसरे ही दिन डाक्टर अपनी हरकत से बाज़ नहीं आए और पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती बच्चों को बेधड़क अंदाज़ में बाहर की दवाएं लिख रहें है।

बताना ज़रूरी है कि मेडिकल कालेज में सारी सुविधाएं होने के बाद भी डाक्टर दवा से ले कर ब्लड की जांच ही नहीं बल्कि एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड तक बाहर से लिख रहें है। इससे पहले डीएम मंगला प्रसाद सिंह भी डाक्टरों की इस हरकत पर नाराज़गी ज़ाहिर कर चुके थे। मंगलवार को ज़िले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण जब मेडिकल कालेज पहुंचें तो वहां उन्होनें खुद देखा कि मेडिकल कालेज के डाक्टर कमीशनखोरी का कैसा जाल फैलाए हुए है। नाराज़ हुए प्रभारी मंत्री ने न सिर्फ डाक्टरों को फटकार लगाई बल्कि सीएमएस डा. जेके वर्मा से कहा कि जो हो रहा है, बहुत गलत है, इसके लिए वे खुद स्वास्थ्य मंत्री से बात करेंगे। उन्होनें सीएमएस से इस पर कंट्रोल करने और डीएम से तीन दिन के अंदर रिपोर्ट तलब की है। लेकिन उसके अगले ही दिन पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती बच्चों को बाहर से दवाएं लिखी गई, जब इस बारे में वहां के ज़िम्मेदारों से सवाल किया गया तो उन्होनें बड़े सलीके से सवाल टाल दिया और कहा कि किसी दूसरे बच्चे के लिए बाहर से दवा लिखने की रिक्वेस्ट करने पर खाली सीरप लिखा गया था। फिलहाल इतना तो तय है कि मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने साबित कर दिखाया कि उनकी मर्ज़ी के आगे किसी दूसरे की मर्ज़ी नहीं चलेगी, क्यों न मंत्री ही क्यों न हो।

## सार-संक्षेप

### तैराकी प्रतियोगिता में नौ छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी




उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित छात्र।

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल के सात छात्र व दो छात्राओं ने तैराकी प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक दो रजत पदक पर कब्जा किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य के के शर्मा ने बताया कि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल उरई जालौन में सीबीएसई जोनल मीट पूर्वी ज़ोन तैराकी प्रतियोगिता में बिहार, यूपी, झारखंड के लगभग एक हजार बच्चों ने प्रतिभाग किया था। विद्यालय के छात्रों में सिध्दांत श्रीवास्तव ने तीन स्वर्ण पदक दो रजत पदक व अनिकेश कुमार एक रजत पदक पर कब्जा कर ज़िले व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एलपीएस के विजेताओं का राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में चयन हुआ है। अक्टूबर माह में उड़ीसा में होने वाली प्रतियोगिता में देश विदेश के सीबीएसई स्कूलों के छात्र छात्राओं का प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय में स्विमिंग पूल का सदप्रयोग करके शिक्षक विशाल पटेल ने बच्चों उच्च शिखर पहुंचाया है। उन्होंने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### मानसिक विक्षिप्त महिला की डूबकर मौत

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** बीते चार पांच दिनों से क्षेत्र में घूम रही अज्ञात मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला की नगरा चौधरपुर गांव के पास भरे पानी में डूबकर मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार बीते चार पांच दिनों से क्षेत्र ने एक लगभग 60 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त अज्ञात महिला घूम रही थी। गुरुवार को उसका शव थाना क्षेत्र के नगरा चौधरपुर गांव के पास भरे पानी में मिलने से ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया। महिला के शरीर पर कोई चोट आदि का निशान नही मिला। शव का पंचनामा भरकर पुलिस अग्रिम विधिक कार्यवायी में जुट गई है।

### सराफा दुकान का ताला काट कर चोरी, दी तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** उधरनपुर मोहल्ले में चोरों ने एक सर्राफा व्यापारी की दुकान का ताला काट कर लगभग डेढ़ लाख रुपए के जेवरात चोरी कर लिए। घटना की लिखित तहरीर कोतवाली में दी गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उधरनपुर निवासी योगेश मिश्रा पुत्र राम प्रकाश मिश्रा के अनुसार शुक्ला बंधु मार्केट में उनकी सराफा की राम जी आभूषण भंडार के नाम से दुकान है। 18 तारीख को शाम तकरीबन 6 बजे अपनी दुकान बंद करके घर गए थे। सुबह तकरीबन 6 बजे दुकान टूटे होने की सूचना मिली तो वह दुकान पर पहुंचे और उन्होंने दुकान में ताला टूटा पाया और सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। तकरीबन डेढ़ लाख रुपए का जेवरात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। योगेश ने तत्काल 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। तत्पश्चात कोतवाली में तहरीर दी। सूचना पाकर क्षेत्रीय हल्का इंचार्ज राम जी आभूषण भंडार पहुंचे और दुकान का मौका मुआयना किया। योगेश ने बताया उसका डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इसी शुक्ला बंधु मार्केट में कुछ माह पूर्व कई दुकानों का ताला तोड़कर एवं शटर तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए की चोरी की, लेकिन कोतवाली पुलिस आज तक किसी भी चोरी का पर्दाफाश नहीं कर सकी

### मण्डी के सामने मिले शव की हुई शिनाख्त

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर की फल/सब्ज़ी मण्डी के गेट पर देर रात में युवक का शव पड़ा हुआ देखा गया था। गुरुवार को चौथे दिन सोशल मीडिया के माध्यम से परिजनों ने उसकी शिनाख्त की। बतातें चलें कि सोमवार की देर रात लखनऊ रोड पर फल/सब्ज़ी मण्डी के गेट पर युवक का शव पड़ा मिला था। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। उसी बीच कोतवाली देहात के महोलिया चक निवासी शोभित पुत्र भानु प्रताप को सोशल मीडिया से पता चला कि जिस युवक का शव पड़ा पाया गया, उसका हुलिया उसके बड़े भाई 21 वर्षीय राहुल से काफी मेल खाता है। शोभित अपनी मां जयंती के साथ गुरुवार को कोतवाली देहात पहुंचा, जहां उसने युवक की शिनाख्त बड़े भाई राहुल के रूप में की। उसकी मां ने बताया कि राहुल सोमवार को घर से गेंहू पिसाने के लिए निकला था, उसके बाद से वापस नहीं लौटा। तलाश करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। 10वीं तक पढ़ाई करने के बाद वह अपने पिता के काम में हाथ बंटाता था।



पहलवानों का परिचय कराते पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा।

### पूर्व उप मुख्यमंत्री ने किया दंगल का उद्घाटन

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** गंज जलालाबाद में जलविहार मेले में विशाल दंगल का आयोजन प्रधान अभिषेक दीक्षित ने कराया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने दंगल कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गुरुवार को गंज जल्लाबाद में चल रहे जल विहार मेले में विशाल दंगल कार्यक्रम में दूर दराज के पहलवानों ने आपने दांव पेंच दिखाकर एक दूसरे को पटखनी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री राज्य सभा सांसद श्री शर्मा ने पहुंचकर पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारम्भ कराया। कहा कि गांवों में मेले की उत्सुकता देखने लायक है। दंगल खेल का देश में अलग महत्व है। प्रधान अभिषेक दीक्षित ने चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर विकास पुरुष समाजसेवी नरेश दीक्षित, जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ला, राजीव रंजन मिश्रा, राम बहादुर, गौरव पाठक, विशाल जायसवाल, विवेक सिंह मौजूद रहे।

**आयोजन** ब्राह्मण परशुराम संगठित समाज संरक्षण विश्व फाउंडेशन के महासम्मेलन में कहा-

# ब्राह्मणों को एकता के साथ रहने की जरूरत

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में गुरुवार को ब्राह्मण परशुराम संगठित समाज संरक्षण विश्व फाउंडेशन का महासम्मेलन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा उपस्थित हुए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमाकांत पांडे ने ब्राह्मणों को एकता में रहने का और अपने अधिकारों के प्रति सजग होने के बारे में बताया।

कार्यक्रम में अजीत सिंह बब्बन जिला अध्यक्ष भाजपा, राजीव रंजन मिश्रा, सौरभ मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष, सुशील अवस्थी छोटे महाराज, आत्मानंद गिरि महाराज, त्रिलोकी नाथ मिश्रा, बाल शास्त्री ने ब्राह्मणों के हितार्थ उद्बोधन किया। इसके चलते ब्राह्मण शिरोमणि राम प्रकाश पांडे ने मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा को फरसा, अजय मिश्रा उर्फ लाली द्वारा माल्यार्पण प्रदेश महासचिव अनूप दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव राजेश अवस्थी, प्रदेश उपाध्यक्ष मयंक दीक्षित, राष्ट्रीय अध्यक्ष रमाकांत पांडे, अभिषेक मिश्रा ने पुष्प भेंट किए। इसी अवसर पर भुवनेश मिश्रा सवाजयपुर विधानसभा अध्यक्ष, नवीन तिवारी बिलग्राम तहसील अध्यक्ष, सर्वेश कुमार, रोहित अग्निहोत्री, अमित मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, ओमकार अवस्थी द्वारा पटका और पगड़ी भेंट की गई तथा ब्राह्मण परशुराम का स्मृति चित्र भेंट किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा जिला के सम्मानित चिकित्सक, शिक्षाविद तथा समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। जिसमें डॉ वीएस पांडेय, डॉ विजय त्रिवेदी, डॉ रामबाबू त्रिवेदी, डॉ अरुण मिश्रा, डॉ एनसी त्रिपाठी, डॉ आकाश मोहन, डॉ पुनीत मिश्रा। इसी कार्यक्रम में पत्रकार बंधुओं को शिव प्रकाश त्रिवेदी, अनिल मिश्रा, शूलपाणी मिश्रा, शिव शंकर पांडे, बीडी शुक्ला इन सभी को सम्मानित किया गया। संगठन की जिला अध्यक्ष पूजा शुक्ला द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित दिनेश शर्मा सांसद उपमुख्यमंत्री को नगर के जिंदपीर चौराहे पर ब्राह्मण परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने तथा उसे चौराहे को ब्राह्मण परशुराम चौराहा घोषित करने तथा डीएम चौराहे को रामचंद्र चौराहा और रामचंद्र की प्रतिमा स्थापित करने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन सुशील अवस्थी ने किया।



ब्राह्मण महासम्मेलन में पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा को फरसा प्रदान करते आयोजक।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मल्लावॉं, जनपद हरदोई**

पत्र सं: 19/न0पा0परि0मॉ0 /नामान्तरण/2024-25 दिनांक: 08/08/2024

**सार्वजनिक सूचना (भवन मानचित्र स्वीकृत)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद वकील पुत्र स्व0 महमूद अली, शबाना आजमी पत्नी मो0 वकील निवासी मोहल्ला भगवन्तनगर मल्लावां हरदोई द्वारा दिनांक 07/08/2024 को भवन मानचित्र स्वीकृत हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें उनके द्वारा बताया गया की एक किता आवासीय भूमि बैनामें के आधार पर मोहल्ला गंगारामपुर में क्रय की गयी है उक्त भूमि अभिलेखों के आधार पर न0पा0परि0 मल्लावां सीमांतर्गत भवन मानचित्र स्वीकत की अनुमती दी जानी है। जिसमें कुल एरिया 250.93 वर्ग मीटर है जिसमें भूतल कर्वड एरिया 212.20 वर्ग मीटर, प्रथम तल 250.93 वर्ग मीटर व ओपेन एरिया 38.73 वर्ग मीटर है जिसकी चौहद्दी निम्नवत् है।

**पूरब – निकास व कच्चा रास्ता 20 फिट। कच्चा रास्ता 20 फिट।**
**पश्चिम – प्लाट विक्रेता।, प्लाट अरमान अग्रवाल।**
**उत्तर – निकास व कच्चा रास्ता 25 फिट, प्लाट मो0 वकील।**
**दक्षिण– प्लाट विक्रेता, प्लाट सीमा खातून।**

इस भवन मानचित्र स्वीकृत प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**अध्यक्ष,** नगर पालिका परिषद, मल्लावॉं हरदोई

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मल्लावॉं, जनपद हरदोई**

पत्र सं: 20/न0पा0परि0मॉ0 /नामान्तरण/2024-25 दिनांक: 08/08/2024

**सार्वजनिक सूचना (नामान्तरण (दाखिल खारिज)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मल्लावाँ के अन्तर्गत मोहल्ला भगवंतनगर मल्लावाँ हरदोई के निवासी श्री मोहम्मद वकील पुत्र स्व0 महमूद अली, शबाना आजमी पत्नी मो0 वकील ने नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 07/08/2024 को प्रस्तुत किया है जिसमें मोहल्ला गंगारामपुर मल्लावां हरदोई में निम्न चौहद्दी के अनुसार भूमि क्रय की गई है जिसकी चौहद्दी निम्नवत् है।

**पूरब – रास्ता कच्चा 20 फिट। निकास व रास्ता कच्चा 20 फिट।**
**पश्चिम – प्लाट विक्रेता।, प्लाट अरमान अग्रवाल।**
**उत्तर – निकास व कच्चा रास्ता 25 फिट, प्लाट मो0 वकील।**
**दक्षिण– प्लाट विक्रेता, प्लाट सीमा खातून।**

इस नाम दर्ज हेतु प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा

**अध्यक्ष,** नगर पालिका परिषद, मल्लावॉं हरदोई

# कटियारी में नदियां उफनाईं, संपर्क मार्ग बाधित

## बाढ़ ग्रस्त इलाके के 36 बेसिक स्कूल बंद कराए गए, सैकड़ों गांवों की कृषि भूमि जलमग्न

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** बीते तीन दिनों से नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ने से कटियारी इलाके की नदियों ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। क्षेत्र की गंगा, रामगंगा व गम्भीरी तथा गर्रा नदियों में बढ़ते जलप्रवाह के चलते कटियारी क्षेत्र के कई सम्पर्क मार्गों पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त होने की कगार पर है। अरवल इलाके की नदियों के किनारे सैकड़ों बीघा कृषि भूमि जलमग्न है। सुरक्षा की दृष्टि से पलिया उपकेंद्र के दो फीडरों के 85 गांवों की आपूर्ति बंद करते हुए 36 बेसिक स्कूलों को भी बंद करा दिया गया है।

क्षेत्र की गंगा, रामगंगा, गम्भीरी व गर्रा नदियों के जलस्तर में लगातार बृद्धि जारी है। अर्जुनपुर से लेकर कन्नौज के कुसुमखोर तक रामगंगा नदी ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया है। यहां रामगंगा व गंगा के बीच तथा किनारे की लगभग एक सैकड़ा से अधिक कृषि भूमि पर खड़ी फसले पूरी तरह जलमग्न हो गयी है। रामगंगा व गम्भीरी नदी के तेज प्रवाह से चौंसार गांव के पास पुल से पहले चौंसार-अरवल मार्ग पर पानी की तेज धार सड़क काट रही है। श्रीमऊ-भदार मार्ग पर, बारामऊ-अर्जुनपुर मार्ग पर सड़क के ऊपर पानी बहने से आवागमन ठप हो गया है। अरवल इलाके के बेहथर-बेड़ीजोर मार्ग पर पहले से ही रामगंगा नदी से पानी के तेज बहाव से हुए कटान के चलते लगभग 70 से 80 फिट मुख्य मार्ग पर आवागमन ठप है। विगत वर्ष इसी मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया पानी की धार में बह जाने से रामगंगा नदी का पानी गम्भीरी नदी में गिरने लगा था। लेकिन साल भर बाद भी शासन प्रशासन को इसकी सुध नहीं आई और अब इस मार्ग पर बसे गांवों का थाना मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने से समीपवर्ती गांव टिलिया घटवासा की गौशाला में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। रामगंगा नदी के कहर से दहेलिया-मोर्चा रामनगर जाने वाले मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है। बारामऊ-कडहर मार्ग पर भी आवागमन ठप हो गया है। बाढ़ के चलते विद्युत उपकेंद्र पलिया के दो फीडरों के 85 गांवों की विद्युत आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गयी है। सुरक्षा की दृष्टि हरपालपुर विकास खण्ड के 36 बेसिक स्कूलों को बंद कर दिया गया है।


प्राथमिक विद्यालय दस्योली में भरा बाढ़ का पानी।


चौंसार में अरवल मार्ग पर कटान करता पानी।


पानी भरे घर में चारपाई पर बैठा दिव्यांग। अमृत विचार

### दर्जनों स्कूल बंद, 85 गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप

हरपालपुर विकास खण्ड के 36 बेसिक स्कूलों में बाढ़ का पानी घुसने से शिक्षण कार्य बंद करा दिया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने इन स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय कुढ़ा नगरिया, अर्जुनपुर, खरगपुर सरेसर, नरौथा, सुरजूपुर दुर्जना, बारामऊ, दहेलिया, मुर्बा शाहबुद्दीनपुर, करनपुर, के अलावा कम्पोजिट विद्यालय ढकपुरा, अरवल, प्राथमिक विद्यालय मोर्चा, मोर्चा बाग, कुढ़ा नगरिया, प्रतिपालपुर, अर्जुनपुर, रबियापुर, खरगपुर सरेसर, नरौथा, ककराही, सुरजूपुर दुर्जना, बारामऊ, गढ़िया, ढकपुरा, जवाहरपुरवा, जीवनपुरवा, सुलखामऊ, मुर्बा शाहबुद्दीनपुर, मुरचिया, बेहटा लाखी, करनपुर, बेहटा मुड़िया, आलमपुर, मोर्चा रामनगर, गौरिया, सरेसर सहित 36 बेसिक स्कूलों को खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने तत्काल बंद करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही विद्युत उपकेंद्र पलिया के 85 बाढ़ ग्रस्त गांवों की विद्युत आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गयी है। सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत उपकेंद्र पलिया से खद्दीपुर फीडर के 67 व चौंसार फीडर के 18 सहित कुल 85 गांवों की विद्युत आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है।


बाढ़ पीड़ितों को भोजन बांटते लोग। अमृत विचार

# बिलग्राम में गंगा का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की चपेट में आए दर्जनों गांव

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई,

**अमृत विचार।** गंगा का जल स्तर बढ़ने से गंगा नदी के किनारे बसे लगभग एक दर्जन गांव के रिहायशी मकानों में पानी पहुंचाना शुरू हो गया है। उधर फसलों में भी पानी भर गया है, जिससे किसानों को काफी परेशान होना पड़ रहा है।

बिलग्राम तहसील क्षेत्र के अंतर्गत राजघाट के आसपास के इलाके में गंगा नदी में हुई पानी की बढ़ोतरी से गंगा की तेज धार बढ़ने लगी है, जिससे तराई क्षेत्र के गांव कटरी बिछुईया, चिरंजू पुरवा, नोखे पुरवा, घासीराम पुरवा, निहालपुरवा, उम्मेदपुरवा, शेखपुरवा, देवीपुरवा, बख्शीपुरवा समेत क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में खड़ी मक्का धान मूंगफली की फसलों में पानी भरने से फसले जलमग्न हो गई हैं। रिहायशी इलाकों में भी पानी पहुंच गया है, जिससे घरों में रखा गल्ला आदि भी लोगों ने निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया लोग छतों पर रह कर जिंदगी गुजार रहे हैं। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में खाने पीने की चीजों की किल्लत हो रही है। मक्कूपुरवा, निवासी रामनारायण, बसंतलाल, अरविंद, राकेश, राजेश, रामगिरीश, बब्लू, ब्रजनाथ, के घरों में पानी घुसने से खुले आसमान के नीचे रहना पड़ रहा है। ऐसा ही माजरा कटरी बिछुईया नोखे पुरवा निहालपुरवा गावों का का भी है। जहां पर पीड़ित मदद की राह तक रहे हैं। वहीं तहसील प्रशासन से मिल रही जानकारी के अनुसार अभी तक बाढ़ प्रभावित लोगों को खाने पीने की चीजें मुहैया कराई जा रहीं हैं। गुरुवार को 750 बोरी आलू व 750 बोरी राशन किटें शासन की तरफ से तहसील मुख्यालय पहुंच चुकीं है जिन्हें शुक्रवार को बांटा जायेगा।


जलभराव के चलते गांव से पलायन करते लोग। अमृत विचार


बाढ़ के पानी से घिरे घर। अमृत विचार

### बोले ग्रामीण


गंगाश्री व उसकी बेटी


राकेश


लक्ष्मी

मक्कूपुरवा गांव निवासिनी गंगा श्री ने बताया कि पूरे गांव में पानी भरा हुआ है खाने-पीने की व्यवस्था करने में दिक्कत हो रही है घरों में इतना पानी भर गया कि हम लोगों को चारपाई पर ही बैठना पड़ रहा है और पढ़ाई लिखाई भी बच्चों की नहीं हो पा रही है। कटरी परसोला गांव निवासी राकेश ने बताया कि गांव में पानी भरा हुआ है लोगों को बहुत दिक्कत हो रही है। एसडीएम ने गांव का निरीक्षण किया। मक्कूपुरवा निवासिनी लक्ष्मी ने बताया कि कुछ दिनों से गंगा का जलस्तर बढ़ने से पूरे गांव में पानी ही पानी आ गया घरों में पानी घुस गया, गृहस्थी का सामान भीग गया है।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारियां शुरू

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा की तैयारियां शुरू हो गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने समस्त प्रधानाचार्यों को अपने विद्यालय में मौजूद भौतिक संसाधन व अन्य सुविधाओं की सूचना 25 सितंबर तक बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

सचिव भगवती सिंह ने भेजे पत्र में परीक्षा केंद्र निर्धारण के लिए विद्यालय के प्रत्येक द्वार, प्रत्येक परीक्षा कक्ष व प्रश्न पत्रों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूमों तथा सीलिंग पैकिंग रूम में वॉयस रिकार्डयुक्त सीसीटीवी कैमरे लगे होने की अनिवार्यता बताई है। विद्यालय के चारों ओर सुरक्षित चारदिवारी व लोहे के गेट लगे हों। शिक्षक कक्षों की खिड़कियों में लोहे की जाली लगी हो, इसके अलावा अन्य कई मानक निर्धारित किए हैं। यह सब सूचनाएं 25 सितंबर तक विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। किसी भी भ्रामक त्रुटिपूर्ण सूचना पर परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। ऐसे विद्यालय भी परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जाएंगे, जिनमें पूर्व में प्रश्न पत्रों की चोरी व नकल आदि पकड़ी गई हो। जिन स्ववित्त पोषित विद्यालयों के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों में विवाद होगा उन्हें भी परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा।

जिन विद्यालयों में प्रबंधक या प्रधानाचार्य का आवास अथवा छात्रावास होगा ऐसे विद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। हालांकि राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों को इससे छूट दी गई। तमाम बोर्ड से आए निर्देशों को पालन करते हुए सभी विद्यालयों को बोर्ड द्वारा निर्धारित 25 सितंबर की तिथि तक सारी सूचनाएं बोर्ड की वेबसाइट पर उपलबध करानी है।

### बोर्ड परीक्षा

**25 सितंबर तक किया जाना है परीक्षा केंद्रों का निर्धारण**

### दबंगों ने बंद कर दिया निकास, कस्बे में हो रहा जलभराव

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में आवासों के पीछे दबंगों द्वारा रास्ता बंद कर देने से जलभराव व गन्दगी फैल रही है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अतिक्रमण व गन्दगी हटाने, रास्ते को अवरुद्ध करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला अन्नपूर्णा नगर निवासी निहारिका बाजपेई, अमित कुमार गुप्ता, अंकित, अरविंद, अंकिता, आरती, राम मोहन आदि ने भेजे पत्र में कहा कि उनके मकानों के पीछे मोहल्ले के निवासी मुन्ना पुत्र छोटेलाल ने चबूतरा को बढ़ाकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिससे नाली का गंदा पानी खड़ंजे पर भरा है। इससे राहगीरों को निकलने में दिक्कतो का सामना करना पड़ा है। जलभराव से मलेरिया व डेंगू आदि बीमारियों का खतरा मडरा रहा है।


कस्बे में लोगों के घरों के पीछे हो रहा जलभराव व पड़ी गंदगी। अमृत विचार

### सार-संक्षेप

#### विभिन्न समस्याओं को लेकर किसानों ने की पंचायत

**टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र मवैया में भारतीय किसान यूनियन क्रांति संगठन ने किसान पंचायत का आयोजन किया। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर संगठन ने पीड़ित किसानों के बीच चर्चा की। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को जल्द ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। जिसमें किसान यूनियन क्रांति के जिलाध्यक्ष सत्यवीर ने किसान पंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो हमारा संगठन जन आंदोलन करेगा और जिले का घेराव किया जाएगा। सभा के संयोजक व संचालक जिला उपाध्यक्ष शिवम् तिवारी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अपात्र ले रहे हैं। आगामी योजना में अगर जन प्रतिनिधियों ने पात्रों को लाभ नहीं दिलाया तो उनकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में अभिषेक तिवारी, अवनीश वर्मा, आशुतोष अवस्थी, कमलेश पाठक, मोहित यादव, गोविन्द, रोबिन, वेद प्रकाश, अश्विनी गुप्ता, रामपाल वर्मा, सचिन परमार, भोला, शमीम व तौक़ीर सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

#### तीज पर विदा होकर मायके आई बेटी ने लगाई फांसी

**हरदोई, अमृत विचार।** तीज पर मायके आई युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेनीगंज कोतवाली के चपरतला निवासी कमलेश सिंह ने करीब डेढ़ साल पहले अपनी 20 वर्षीय पुत्री दामिनी सिंह की शादी उन्नाव के हीराखेड़ा थाना फत्तेपुर चौरासी निवासी विशाल सिंह के साथ की थी। दामिनी के फिलहाल बच्चे नहीं हैं। पिता कमलेश सिंह तीज पर दामिनी को विदा करा लाया था। तब से वह मायके में ही रह रही थी। बुधवार की शाम दामिनी ने कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा ली। जानकारी मिलने पर दामिनी के ससुराल वाले भी उसके मायके पहुंचे। फिलहाल उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

#### फंदे से लटकता मिला ई-रिक्शा चालक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** ई-रिक्शा चला कर गुज़र-बसर कर रहा युवक बुधवार की रात में खाना खाने के बाद छत पर सोने गया था। अगली सुबह उसका शव गांव के किनारे पेड़ में रस्सी से फांसी पर लटका हुआ देखा गया। सुरसा थाने के भिखारी पुर निवासी 20 वर्षीय ब्रजेश पुत्र रामशंकर तीन भाइयों में छोटा था, उसकी शादी नहीं हुई थी। वह ई-रिक्शा चलाकर गुज़र-बसर कर रहा था।पिता रामशंकर ने बताया बुधवार की शाम को ब्रजेश ई-रिक्शा चलाने के बाद घर पहुंचा और खाना खाने के बाद सोने के लिए मकान की छत पर चला गया।गुरुवार की सुबह गांव के कुछ लोग शौच करनें के लिए खेतों की तरफ पहुंचें, वहां देखा खेत के किनारे खड़े बेरी के पेड़ में ब्रजेश का शव रस्सी से बंधा फांसी पर लटक रहा था। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। वहां काफी लोगों की भीड़ लग गई। ब्रजेश के घर वालों का कहना है कि उसने आत्महत्या की, लेकिन उसने ऐसा क्यों किया? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं था। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। उसका कहना है कि सारे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल की जा रही है।


प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

#### प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों का प्रशिक्षण संपन्न

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों का ब्लाक स्तरीय चार दिवसीय प्रशिक्षण के अंतर्गत विकास खण्ड सांडी के ब्लाक संसाधन केंद्र पर चल रहे प्रशिक्षण के सातवें व आठवें बैच के शुभारम्भ अवसर पर एआरपी अभय यादव व शैलेंद्र कुमार ने उपस्थित शिक्षकों को मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय को निपुण बनाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक शेरपाल, अरुण प्रकाश अवस्थी व दृष्ट धुम्न ने प्रशिक्षण में शिक्षण रणनीति के विषय में जानकारी साझा की। स्कूल रेडीनेस, पुनरावृत्ति, शिक्षक संदर्शिका एवं पाठ्य पुस्तक के अनुसार दक्षताओं पर कार्य करने के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्रशिक्षण में शिक्षक अजीत शुक्ल, अनवारुल हक, पुष्पेंद्र शुक्ल, संजय शुक्ल, आलोक कुमार, शशांक अग्निहोत्री, नीतू सिंह, दिव्या अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## बाजार से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**अतरौली, अमृत विचार।** अतरौली थाना क्षेत्र के बहुती गांव के ग्रामीणों ने बाजार से अवैध निर्माण व अतिक्रमण हटवाने की मांग एसडीएम से की है। बहुती प्रधान सुषमा देवी व ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बहुती के मजरा गोविंद खेड़ा गांव में ग्राम पंचायत की आरक्षित बंजर भूमि के नाम दर्ज है। यहां पर पांच दशक से साप्ताहिक बाजार लगती चली आई है। जहां गांव के ही एक व्यक्ति ने पक्की दीवार बनाकर टीनशेड डाल ली है। एसडीएम अरुणिमा श्रीवास्तव ने बताया कि मामले जांच कराई जाएगी।

# विद्यालय से होती है शिक्षक की पहचान : डायट प्राचार्य

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शिक्षा को और बेहतर करने के लिए शिक्षक और शिक्षिकाओं के साथ बच्चों के अभिभावकों का अहम योगदान होता है। विद्यालय मन्दिर हैं और बच्चे उस मन्दिर के भगवान। बुधवार को बावन ब्लाक की न्याय पंचायत सधई बेहटा में हुई शिक्षक संकुल की बैठक में ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्राचार्य योगेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक की पहचान उसके विद्यालय से होती है।

प्राचार्य श्री सिंह ने कहा कि अगर एक बच्चे को अच्छी और बेहतर शिक्षा हासिल करता है तो उससे उसकी तीन पीढ़ियों की तस्वीर और तकदीर बदल सकती है। बैठक में राज्य अध्यापक पुरस्कार से पुरस्कृत राजीव सिंह चौहान को सम्मनित किया गया। न्याय पंचायत के सभी शिक्षक संकुल ने श्री चौहान को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। साथ ही एडु लीडर्स अवार्ड की हकदार बनी पिरोज़ापुर की शिक्षिका वन्दना गुप्ता को भी सम्मनित किया गया। एआरपी दीप्ति त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों को अक्टूबर माह में होने वाले आकलन में निपुण बनाने का प्रयास करें। बैठक में न्याय पंचायत प्रभारी संतोष कुमार, शिक्षक संकुल मनीष राठौर, सोमेंद्र यादव, ज्योति बाजपेई आदि शिक्षकों ने अपने विचार रखे। संचालन शिक्षक संकुल सत्येंद्र श्रीवास्तव ने किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बेहटा सधई की प्रधानाध्यापिका मंजूषा रानी ने राज्य अध्यापक पुरस्कार से पुरस्कृत श्री चौहान का स्वागत कर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया, साथ ही न्याय पंचायत के सभी शिक्षक संकुल ने श्री चौहान की इस सफलता के लिए उनको स्मृति चिन्ह प्रदान किया। एडु लीडर्स अवार्ड से सम्मानित शिक्षिका वंदना गुप्ताकका भी सम्मान किया गया। बैठक में अजय कुमार मिश्र, धीरज मिश्रा, राजेश कुमार, निवेदिता शुक्ला, अरुण कुमारी, शिखाराम कुमार, साधना, निशा बाजपेई, मेनका राठौर, गंगाराम, आशीष अग्निहोत्री, दीपेन प्रताप सिंह, राकेश कुमारी, राजकुमारी, अरुणेश बाजपेई, बृजेश कटारिया, सुषमा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



राजीव सिंह को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

अभियान | अभियान पर निकलने से पहले पर्वतारोही ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

# माउंट यूनम पर तिरंगा फहरायेंगे अभिनीत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी कार्यालय पर डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने पर्वतारोही अभिनीत मौर्य को तिरंगा देकर एक नए अभियान के लिए शुभकामनाएं दी। पर्वतारोही अभिनीत कल एक नए अभियान के लिए अपने गृह जनपद हरदोई से रवाना होंगे। अभिनीत इस बार हिमाचल प्रदेश के माउंट यूनम पर चढ़ाई करके देश की आन बान शान तिरंगा को फहराने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी से मुलाकात करके, एक नए मिशन के लिए निकले। पर्वतारोही अभिनीत ने इसके पहले यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस व अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर तिरंगा फहराया है। साथ ही देश की कई ऊंची चोटियों पर सफलता पूर्वक चढ़ाई कर देश का तिरंगा फहराया है। जिलाधिकारी ने कहा पर्वतारोही अभिनीत ने देश, प्रदेश व जिले का नाम पहले भी रोशन किया है और अभिनीत आगे भी ऐसे ही देश का नाम रोशन करते रहेगें। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ है। अभिनीत ने कहा कि जिलाधिकारी की कार्य करने की ऊर्जा सदैव एक प्रेरणा देती है।



अभिनीत को तिरंगा देते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह।

### माउंट यूनम की 20300 फीट है ऊंचाई

माउंट यूनम हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति घाटी में बारालाचा दर्रे के पास लाहौल घाटी की सबसे ऊंची चोटी है। यह चंद्रभागा और मुल्किला रेंज के शानदार दृश्य प्रस्तुत करता है। चढ़ाई करना कठिन हो सकता है लेकिन यह बढ़ने से आसान है। जिसकी ऊंचाई 20300 फीट है। इस अभियान के लिए पर्वतारोही ने बताया कि इस अभियान में लगभग 8 से 10 दिन लगेंगे। इस अभियान की शुरुआत पर्वतारोही मनाली से करेंगे, पहले दो दिन मनाली में पर्वतारोहण अभियान के लिए अभ्यास करेंगे, उसके बाद केलांग पहुचेंगे, फिर भरतपुर बेस कैंप पहुंचकर मुख्य अभियान की शुरुआत होगी।

# जून से अब तक जिले में 855 मिमी वर्षा हुई दर्ज

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** जिले में कई वर्षों बाद इस बार इंद्रदेव मेहरबान रहे। लगभग सभी नक्षत्रों ने जल बरसाया। मौसम विभाग के अनुसार अब बारिश की संभावना बहुत कम है। इस वर्ष धान के किसानों को फसल बेहतर होने की उम्मीद है।

बताते चलें कि पिछले कई वर्षों से जिले में बरसात नाममात्र की रही, लेकिन इस वर्ष बरसात ने सभी के चेहरों को खिला दिया। एक जून से बारिश का मौसम माना जाता है जो 30 सितंबर तक रहता है। जिले में इस बार अब तक 855 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम वेधशाला प्रभारी आरपी वर्मा के अनुसार अब मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। सोमवार तक मौसम शुष्क रहने की संभावना होने जताई है। साथ ही अब वर्षा न होने की संभावना भी व्यक्त की है। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 31.5 रहा। न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्शियस रहा। आसमान में बादल छाए रहे। चार किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली पुरवा हवाओं ने मौसम को सुहावना कर दिया।

### आकलन

**कई वर्षों बाद हुई अच्छी बरसात, धान की अच्छी फसल की उम्मीद**

## एक नजर

### पदुम सिंह बने राष्ट्रीय करणी सेना के मीडिया प्रभारी

**नेरी, सीतापुर :** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने पदुम सिंह तोमर को विधानसभा मीडिया प्रभारी युवा प्रकोष्ठ पद पर नियुक्ति किया। जिला संगठन मंत्री देवांग सिंह ने कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। इस मौके पर सत्यप्रकाश सिंह तोमर, जीतू सिंह, पंकज शर्मा, प्रभात सिंह, लवकुश सिंह, महेश सिंह, मुकेश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ने दिया ज्ञापन

**कमलापुर :** कमलापुर के भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जवाहर चीनी मिल के वरिष्ठ गन्नाधिकारी चन्द्रप्रकाश मिश्रा पर गन्ना घटतौली, ट्रांसपोर्ट संचालन, अवैध गन्ना खरीद जैसे विभिन्न गंभीर आरोप लगाए हैं। इनके द्वारा सहकारी गन्ना विकास समिति कमलापुर के सचिव माधव राम को ज्ञापन दिया गया है। दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि चन्द्रप्रकाश मिश्रा का तत्काल स्थानांतरण कराया जाए, साथ ही उनके कार्यों की जांच भी हो। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशा शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### महोली में शनिवार को होगी साप्ताहिक बंदी

**नेरी :** महोली में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक हुई। इसमें नगर पालिका द्वारा हाउस टैक्स बढ़ाए जाने सहित विभिन्न मामलों पर मंथन हुआ। व्यापारियों ने नगर पंचायत द्वारा हाउस टैक्स व वाटर टैक्स की दरों में भारी भरकम बढ़ोतरी, नगर में दुकानों के आगे ई रिक्शा के खड़े रहने से लगने वाले जाम की समस्या, बिजली आपूर्ति व स्मार्ट मीटर को लेकर बिजली अधिकारियों की मनमानी व साप्ताहिक बंदी समेत अन्य समस्याओं पर विचार-विमर्श कर समाधान कराने की मांग की। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता ने कहा कि हाउस टैक्स व वाटर टैक्स की बढ़ोतरी को लेकर व्यापारियों के संग मिलकर विरोध करते हुए इसे रद कराया जाएगा। विद्युत विभाग के अधिकारियों से मिलकर बिजली की समस्या का भी समाधान कराया जाएगा। साप्ताहिक बंदी को लेकर सभी व्यापारियों द्वारा शनिवार को अपने ने प्रतिष्ठान बंद रखने की सहमति जताई गई। व्यापारी शैलेंद्र मिश्रा, विश्वनाथ शुक्ला, महेश अग्रवाल, कैलाश मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, नितिन मित्तल, डॉ. पंकज मिश्रा सहित व्यापारी मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन ने तीन बालिकाओं को रौंदा, सगी बहनों की मौत

## लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के भदफर इलाके में टहलने के निकली थीं तीनों, घायल किशोरी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

संवाददाता भदफर, सीतापुर




आरती व रंजना। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार:** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित भदफर चौराहे के निकट गुरुवार सुबह टहलने निकलीं तीन लड़कियां सड़क हादसे का शिकार हो गईं। अज्ञात वाहन की टक्कर से दो सगी बहनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल किशोरी का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के भगहरपुरवा मजरा रुखारा की आरती (12) पुत्री रमाशंकर अपनी 7 वर्षीय बहन रंजना को लेकर गुरुवार सुबह टहलने निकली थी। इनके साथ गांव की खुशबू (13) पुत्री मनोज कुमार भी थी। तीनों लड़कियां इलाके में भदफर चौराहे पर स्थित आर्यावर्त बैंक के करीब पहुंचीं, इसी दौरान लखीमपुर से खंमरिया की ओर जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में आरती और उसकी सगी बहन रंजना की मौके पर ही मौत हो गई। आरती कक्षा 6 की छात्रा थी, जबकि छोटी बहन रंजन कक्षा 3 में अध्ययनरत थी।

भदफर पुलिस घटनास्थल ने गंभीर रूप से घायल खुशबू को आनन- फानन में अस्पताल भेजा, जहां उसका उपचार हो रहा है। पुलिस ने मृतक दोनों सगी बहनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की। दो बहनों की मौत के बाद गांव में शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने वालों की भीड़ देर शाम तक लगी रही। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



हादसे के बाद घर के बाहर जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

**सिर में आई गंभीर चोटों के कारण मौत:** डीसीएम की तेज ठोकर से तीनों के सिर पर गंभीर चोटे आई हैं। हाथ और शरीर पर भी गहरे जख्म हुए। जिससे आरती और रंजना ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल खुशबू के होश में न आने की बात बताई जा रही है।

**गांव में कोहराम, शोकाकुल परिवार के घर पर उमड़ा लोगों का हुजूम:** पढ़ने में होनहार बेटियों के पिता रमाशंकर की गांव और आसपास अच्छी छवि है। ऐसे में हादसे की खबर मिलते ही नजदीकी रिश्तेदारों के अलावा बड़ी संख्या में लोग आ पहुंचे। शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

### रुखारा में तड़के भागो मगरमच्छ आया, खबर बनी काल



घर के बाहर रोते-बिलखते परिवारीजन। अमृत विचार

मगरमच्छ की खबर रुखारा गांव में काल बनकर आई, कुछ लोग टहलने निकले तो उन्हीं के साथ बेटियां भी हमराह हो गईं। ऐसे में केले से लदी डीसीएम ने एक साथ दो जानें ले लीं। तीसरी जिंदगी पाने के लिए संघर्ष कर रही है। रुखारा गांव वासी रमाशंकर की मानों दुनिया ही उजड़ गई। बेटियों से लाड़-प्यार रखने वाले रमाशंकर बताते हैं कि उनके दो पुत्र मुकेश और आलोक हैं। आलोक तो खेती बाड़ी में उसका हाथ बटाता है। लेकिन छोटा पुत्र श्रीजवाहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केवलपुरवा लखीमपुर खीरी में कक्षा 9 का छात्र है। बताया कि इसी के साथ उसी विद्यालय में कक्षा 6 में पढ़ रही आरती जाती थी। छोटी पुत्री रंजना जिले के दंडपुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 3 की छात्रा थी। तड़के परिवार के सभी लोग जग गए थे, तभी गांव में चीख पुकार होने लगी कि मगरमच्छ आ गया है। सभी लोग रोज की तरह टहलने निकले, बच्चों की नजर मगरमच्छ को देखने के लिए आगे बढ़ गई, ऐसे में केले से भरी डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों बेटियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया कि हादसा चौकी से महज 500 मीटर दूर हुआ। उधर, लखीमपुर खीरी के एक अस्पताल में भर्ती घायल खुशबू की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# 241294 लक्ष्य के सापेक्ष 2447 शेष बचे आवास

संवाददाता सीतापुर

- मुख्य विकास अधिकारी की समीक्षा बैठक में सामने आई जानकारी

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी खंड विकास अधिकारियों संग 2016-2017 से 2023-2024 तक प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। समीक्षा के दौरान अब तक कुल-241294 लक्ष्य के सापेक्ष 2447 आवास बनने शेष बचे हैं, जिनमें से 2217 आवासों की तीसरी किस्त लाभार्थियों के खाते में जानी बाकी है। इस किस्त के खातों में पहुंचते ही प्रधानमंत्री आवास योजना का उक्त लक्ष्य लगभग पूर्ण हो जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अपने विकास खंड में कुछ नया काम करें, विकास करें, किसी भी काम को लम्बित न रखा जाये। कुछ ऐसे काम होने चाहिए जो मॉडल के रूप में विकसित हो। जो प्रधान काम नहीं कर रहे हैं, लाभार्थियों को दौड़ाने का काम कर रहे हैं। उनकी जांच कराकर पावर सीज कर दिए जाय। गांवों में नालियों की सफाई, मुख्य मार्गों पर झाड़ियों आदि को साफ करवाने का काम प्रधानों द्वारा किया जाए। सीडीओ ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों की निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र का भ्रमण जरूर करें। जर्जर विद्यालयों की समस्या को दूर करने के लिए नियमानुसार मध्यान्ह भोजन आदि की समुचित व्यवस्थाएं ग्राम प्रधान की ओर से समय से उपलब्ध कराई जाएं।

## मंत्री ने दी पीड़ितों को राशन किट

**लहरपुर सीतापुर:** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने बाढ़ प्रभावित ग्राम रतौली के 500 ग्रामीणों को बाढ़ राहत सामग्री वितरित की। कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम के साथ क्षेत्र के ग्राम शाहपुर स्थित दंडपाले स्वर मंदिर परिसर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित ग्राम रतौली के 500 ग्रामीणों को बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया। इ उन्होंने उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी बाढ़ प्रभावित ग्रामीण राहत सामग्री से वंचित नहीं रहना चाहिए, जांच कराकर सभी बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा देने की कार्रवाई की जाए। इस मौके पर लवकुश शुक्ला, विनोद शुक्ला, तरुण मिश्रा, राजा शुक्ला, रतौली के प्रधान श्रीकृष्ण भार्गव, महेंद्र तिवारी, पुरुषोत्तम मिश्रा, पवन मिश्रा, रामशरण, गोविंद आदि रहे।

# ओपीडी में दो घंटे में आए तेज बुखार के दो सौ रोगी

संवाददाता सांडा, सीतापुर

### परेशानी

- अस्पताल से ही दी जा रही हैं मरीजों को जरूरी दवाएं और जांच की सुविधा
- गांवों में चिकित्सकों की टीम ने पहुंचकर बीमारों की जांच की और दी सलाह

**अमृत विचार:** सकरन के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में तेजी से बढ़ते मरीजों के बीच स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी में लोग बढ़े हैं। ऐसे में चिकित्सा अधीक्षक की ओर से मरीज और तीमारदार दोनों को जरूरी सलाह भी दी जा रही है। वहीं गांव में शिविर लगाकर चिकित्सक ग्रामीणों की जांच करके उनमें दवाएं वितरित कर रहे हैं।

सांडा स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को तेज बुखार के मरीज अधिक थे। ओपीडी में इनकी संख्या दो घंटे में 300 पार कर चुकी थी। सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार सचान ने बताया कि तेज बुखार की चपेट में आए मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसी कारण 6-7 घंटे की ओपीडी की जा रही है। मरीजों को दवाओं के साथ मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू जैसी मच्छर जनित जानलेवा बीमारियों से बचने के उपाय भी बताए जा रहे हैं। अस्पताल में देर शाम तक स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जा रहा है। गांव में शिविर लगाकर चिकित्सीय परीक्षण भी कराए जा रहे हैं। उधर, महेश का कहना है कि गांव में जमे पानी को हटाकर कीटनाशक का छिड़काव कराने की जरूरत है। शिवराज यादव ने बताया कि आसपास कई परिवार बुखार की चपेट में हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को और अधिक गंभीर होना पड़ेगा। दिनेश का कहना है कि विकास खंड क्षेत्र के सभी जिम्मेदारों को गांव गांव कीटनाशक के छिड़काव के साथ रोजाना सफाई भी करानी होगी। वरना हालात और बिगड़ेंगे। राजाराम, रामकिशोर, सरोज, प्रताप, रामकुमार, दिवाकर, संतराम, देशराज फागिंग को अभियान के रूप में चलाए जाने की बात कही है। एडीओ पंचायत दिनेश कुमार यादव का कहना है कि सभी प्रधानों और पंचायत सचिवों को गांवों में समुचित रूप से फॉगिंग कराने के साथ मच्छर रोधी कीटनाशकों के छिड़काव कराए जाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।



गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

# दबंगों की पिटाई से युवक की मौत, आरोपी फरार

संवाददाता नेरी, सीतापुर

- महोली कोतवाली क्षेत्र के हरैय्या फत्तेपुर गांव का मामला

**अमृत विचार:** गांव के दबंगों ने युवक की पिटाई कर दी। जमकर हुई मारपीट में युवक को चोटें आईं, जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार का आरोप गांव के ही लोगों पर पीट- पीटकर हत्या किये जाने का है। महोली कोतवाली क्षेत्र के हरैय्या फत्तेपुर गांव में हुई घटना को लेकर पुलिस कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है।

महोली कोतवाली क्षेत्र के हरैय्या फत्तेपुर गांव वासी बिट्टू के मुताबिक, शाम को उसका पति भोजपाल पुत्र ललतू घर से निकला था। इसी दौरान गांव के ही दबंग मिल गए। आरोप है कि किसी बात को लेकर सभी ने मिलकर 35 वर्षीय भोजपाल की जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसे गंभीर चोटे आईं, इसी के बाद वो मरणासन्न अवस्था में गांव के बाहर स्थित अमृत सरोवर तालाब पर मिला। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, मरने से पहले भोजपाल ने बताया कि उसे गांव के हिटलर, जयकरन और सत्यपाल ने बुरी तरह से मारा-पीटा है। इसी के बाद उसकी मौत हो गई। गांव में दोनो पक्ष होने के कारण हंगामा बढ़ गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपियों की तलाश शुरू की गई। कोतवाली प्रभारी महोली विनोद मिश्रा का कहना है कि परिवार के लोग गांव के ही हिटलर, जयकरन और सत्यपाल पर पिटाई किये जाने का आरोप लगा रहे हैं, इसको लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर भी दी गई है। फिलहाल आरोपी के करीबी मिले हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि मौत किन कारणों से हुई, इसको लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्थितियां पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएंगी।

# शातिरों ने ठेला चुराया, कैमरे में कैद हो गई करतूत



सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर की तस्वीर।

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

- लहरपुर कस्बे के मोहल्ला अंबर सरांय का है मामला

**अमृत विचार:** कस्बे के मोहल्ला अंबर सराय में शातिर रात के अंधेरे में घर के बाहर खड़ा ठेला ले उड़े। अपराधियों की करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई। साक्ष्य को संकलित कर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अंबर सरांय निवासी हीरालाल पुत्र मोतीलाल के मुताबिक, वो तहसील के पास ठेला लगाकर पान, पुड़िया- सिगरेट ट्रॉफी बेचने का काम करता है। बुधवार रात दुकान बंद कर ठेला लाकर रोज की तरह घर के बाहर खड़ा कर दिया। सुबह जब सो कर उठे, तो देखा ठेला गायब था। तलाश के बाद खाली ठेला रामलीला मैदान के पास झाड़ियों में मिला। ठेले में रखी 800 की नकदी और 20 हजार रुपये का सामान गायब था। हीरालाल ने वारदात की सूचना पुलिस को दी है। इंस्पेक्टर लहरपुर मुकुल प्रकाश वर्मा का कहना है कि छानबीन के बीच इलाके में लगे सीसीटीवी में अपराधी की तस्वीर सामने आई है। साक्ष्य के आधार पर कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरा बीए प्रथम वर्ष 2018–19, द्वितीय वर्ष 2019–20 और तृतीय वर्ष 2020–21 जिसका अनुक्रमांक 1940970011305 का अंकपत्र कहीं खो गया है। **तुषार पांडेय, निवासी जगदीशपुर, डीह, जिला रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **शिवरतन पुत्र चेतराम, निवासी– मो0 पुराना बोर्डिग हाउस, हरदोई,** मेरा पुत्र श्रीधर शराबी तथा विकलांग है तथा मानसिक रूप से परेशान है वह सभी से विवाद तथा मारपीट करता है उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से मेरा उसका कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सबाना अली पत्नी शहीद अली, निवासिनी–170/355, जहाँगीरपुर, पो.– शाहजहाँपुर परगना व तहसील भोगनीपुर, जिला– कानपुर देहात।** मेरे पासपोर्ट नम्बर एल. 9620715 में नाम सबाना बेगम व पता इलाहाबाद व जन्मतिथि 10–02–1981 दर्ज हैं। जो कि गलत हैं। जबकि मेरा सही नाम सबाना अली व पता– ग्राम जहाँगीरपुर पोस्ट शाहजहाँपुर परगना व तहसील भोगनीपुर जिला कानपुर देहात व जन्मतिथि 30–09–1977 हैं। जो कि सत्य व सही हैं। तथा यह नाम पता तथा जन्मतिथि आधार कार्ड संख्या 4288 5968 2800 में अंकित है।

**सूचना**

सूचित हो कि **मो0 फईम पुत्र मो0 नईम, निवासी– 572 निराला नगर रायबरेली उ0प्र0 229001,** मेरे बैंक एकाउण्ट में मेरा नाम मो0 फईम वारिस दर्ज है, जोकि पूर्णतः गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मो0 फईम पुत्र मो0 नईम है जो कि सत्य व सही है। मेरा नाम मो0 फईम तथा मो0 फईम वारिस जोकि दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि **रामकेवल पुत्र मुल्क राज, निवासी– गौसपुर पोस्ट अकबरपुर, परगना तहसील– अकबरपुर जनपद अम्बेडकर नगर,** यह कि कैलाश पुत्र सुग्रीव व जयसिंह पुत्र सुग्रीव एक ही व्यक्ति के दो नाम है। इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति है

**सूचना**

सूचित हो कि मैं आकृति अग्रवाल पुत्री राकेश अग्रवाल मोहल्ला घसियारीपुरा निकट सिटी मांटेसरी स्कूल कोतवाली देहात की निवासी हूं। मेरा सही नाम akriti agrawal है। मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। **आकृति अग्रवाल पुत्री राकेश अग्रवाल, मोहल्ला घसियारीपुरा, कोतवाली देहात बहराइच।**

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है,कि प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0,ग्राम पंचायत अटवा कटैया वि0ख0 अहिरोरी जनपद हरदोई की प्रथम बैठक 20 सितंबर 2024 को प्रात: 11:00 बजे ग्रा0 पं0 अटवा कटैया स्थित पानी की टंकी के पास आहूत की जानी है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**प्रस्तावित सचिव**
**प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0, ग्राम पंचायत अटवा कटैया वि0ख0 अहिरोरी, हरदोई**



## क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

**आलमबाग**
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**सीतापुर :** कोतवाली देहात क्षेत्र के खजुरिया गांव से युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पिता सुरेश चंद्रा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। कहा गया है कि अमन कुमार घर से निकलने के बाद लापता हो गया था। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### किसान मंच करेगा डीएम कार्यालय का घेराव

**सीतापुर :** राष्ट्रीय किसान मंच ने एक बैठक आयोजित की। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया जायेगा। बता दें कि सहकारी गन्ना विकास परिषद रामगढ़ के अंतर्गत गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मंच जिला गन्नाधिकारी को ज्ञापन सौपा चुका है। सट्टे की पर्ची सहित अन्य समस्याएं भी किसानों को हैं। मांगें पूरा न होने पर फैसला लिया गया है। इस अवसर पर किसान मंच के प्रदेश प्रभारी मोहित मिश्रा, प्रदेश महासचिव भारतेंदु मिश्रा, राष्ट्रीय किसान मंच के ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश सिंह, नरेंद्र सिंह, राम स्वरूप राजवंशी, ब्रजेश सिंह, रमेश चंद्र सिंह, देशराजलसिंह, भोला सिंह, विजयपाल सिंह मौजूद रहे।

### प्रधानाध्यापक का निधन

**हरगांव, सीतापुर :** हरगांव विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मंगरुवा के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक की गंभीर बीमारी के चलते इलाज के दौरान मौत हो गई। हरगांव विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरियाडीह के मजरा मंगरूवा में स्थिति प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार सिंह पुत्र राजकरन सिंह व्लाक मछरेहटा के भिठौरा गांव के निवासी थे। जो वर्तमान में सीतापुर मुख्यालय के हुसैनगंज में अपनी पत्नी व दो बच्चों सहित रहते थे।।

### अधिकारी ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**लहरपुर :** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार पटेल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदारों को निर्माण कार्यों में मानकों को ध्यान में रख कर ही निर्माण कार्य करने की बात कही। ऐसा न करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ उनका भुगतान भी रोकने का काम किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी ने पालिका परिषद द्वारा कस्बे में कराये जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को जांचने के लिए बाइक पर सवार होकर जायजा लिया। जहां-जहां निर्माण कार्य चल रहे थे उन स्थानों पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांची।

# पेट्रोल पंप पर दो पक्ष आपस में भिड़े, वीडियो वायरल

संवाददाता, महमूदाबाद सीतापुर

- मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार:** सिधौली मार्ग स्थित विश्वकर्मा पेट्रोल पंप पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मामला पुलिस तक पहुंचा तो जांच पड़ताल शुरू की गई। इस दौरान युवक द्वारा तमंचा लहराते वीडियो वायरल हुआ।

समाचार लिखे जाने तक केस दर्ज नहीं हुआ है। ग्राम भेथरामाधव के निकट विश्वकर्मा पेट्रोल पंप है। यहां पचदेउराभान निवासी सेल्समैन विशाल काम करता है। बताते हैं कि किसी बात को लेकर उसका झगड़ा फिरोजपुर निवासी अतहर के बीच हो गया। वारदात के दौरान अतहर ने तमंचा लहराया, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ। मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची तो पता चला कि मामला नोंकझोक के बाद समाप्त हो गया है। उपनिरीक्षक देवेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पेट्रोल पंप पर विवाद हुआ था, जांच की जा रही है। पुलिस को अभी तक तहरीर नहीं मिली है। वारदात से जुड़ा हुआ एक वीडियो वायरल हो रहा है। उसी के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया गया है।

# पितृ तर्पण: नैमिषारण्य में लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता नैमिषारण्य, सीतापुर


देवदेवेश्वर घाट पर गोमती नदी में तर्पण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

- श्रद्धालुओं ने किया पितरों के निमित्त पिण्डदान एवं श्राद्ध कर्म

**अमृत विचार:** विश्व विख्यात तीर्थ नैमिषारण्य में पितृ तर्पण का कार्यक्रम सुबह से प्रारंभ हो गया। दूर-दूर से आये श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के निमित्त पिण्डदान एवं श्राद्ध कर्म इत्यादि किया।

नैमिषारण्य भूमि 88000 ऋषियों एवं 33 कोटि देवताओं की तपस्थली के रूप में जानी जाती है, साथ ही यह भूमि पितरों की तृप्ति एवं मुक्ति के लिए जानी जाती है। इसी कारण से नैमिषारण्य तीर्थ को नाभिगया के नाम से भी जाना जाता है। बुधवार सुबह से ही नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ के जल में आचार्य मनीष द्विवेदी द्वारा श्रद्धालुओं को पिण्डदान एवं श्राद्धकर्म इत्यादि कराया गया।

**अर्पण: अपने पूर्वजों को समर्पित करने की भूमि-** नैमिषारण्य तीर्थ में पितृपक्ष के दौरान, श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्माओं को शांति दिलाने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आते हैं। यहां पर विभिन्न अनुष्ठान और पूजा-अर्चना की जाती है, जिसमें पिंडदान, तर्पण, और ब्राम्हणों को यथाशक्ति दान देना शामिल है।

**तर्पण: पितरों की तृप्ति के लिए होता पिंडदान-** शास्त्रों के अनुसार, नैमिषारण्य तीर्थ में पिंडदान करने से पितरों को वैकुण्ठधाम में स्थान प्राप्त होता है। इसके अलावा यहां पर जलदान, वृक्षदान, भवनदान, स्वर्णदान आदि करने से विशिष्ट पुण्यफल प्राप्त होता है।

**समर्पण: अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान-** नैमिषारण्य तीर्थ की महिमा का वर्णन स्कंदपुराण में भी किया गया है, जहाँ यह कहा गया है कि यह तीर्थ बद्रीनाथ और गया के साथ पितृकार्यों के लिए प्रधान तीर्थ है। यहाँ पर अपने पितरों के नाम से तर्पण , पिंडदान ,श्राद्ध करने से पितरों को मुक्ति मिलती है।

**पितृपक्ष में नैमिषारण्य तीर्थ की यात्रा-** पितृपक्ष के दौरान नैमिषारण्य तीर्थ की यात्रा करना एक पवित्र अनुभव है, जो आपको अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान और श्रद्धा की भावना को बढ़ावा देता है। यहाँ पर पितृदोष से पीड़ित व्यक्ति पितरों का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विभिन्न अनुष्ठान कर सकते हैं।

वहीं पुरुषोत्तम शास्त्री, प्रबंधक, पौराणिक काशी विश्वनाथ मंदिर, ने बताया कि नैमिषारण्य तीर्थ प्रधान पितृ भूमि है, यहां पितृपक्ष के 16 दिनों में देश-विदेश से श्रद्धालु पितृकर्म करने आते हैं। असंतृप्त प्राणियों की तृप्ति के लिए काशीकुण्ड तीर्थ पर निर्धारित आचार्यों द्वारा दशगात्र, तेरहवीं, नारायण बलि, सपिंडी श्राद्ध, त्रिपिंडी श्राद्ध आदि पितृ तृप्ति पूजन कर्म करने का विधान है।

# अल्टीमेटम के बाद नैमिषारण्य में चला बुलडोजर

## उपनिदेशक पर्यटन के साथ स्थानीय प्रशासन की सख्ती के चलते दुकानदारों ने समेटा माल

संवाददाता नैमिषारण्य, सीतापुर


नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ मार्ग पर दुकानों को तोड़ता बुलडोजर। अमृत विचार


उपजिलाधिकारी मिश्रिख से आग्रह करता स्थानीय दुकानदार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तीर्थ नैमिषारण्य में कॉरिडोर निर्माण को लेकर प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलाया। अभियान में एक दर्जन से अधिक दुकानें हटाई गईं। प्रशासन की सख्ती के बीच किसी की भी एक न चली। उपनिदेशक पर्यटन के साथ एसडीएम मिश्रिख सहित अन्य प्रशासनिक कर्मी उपस्थित रहे। वहीं कार्रवाई के मार्ग के कई दुकानदारों ने अपना सामान समेट लिया।

शनिवार को ही एसडीएम मिश्रिख पंकज सक्सेना ने नैमिषारण्य में चक्रतीर्थ जाने वाले मार्ग के इर्द-गिर्द लोगों को आगाह कर दिया था कि वे अपनी दुकाने हटा लें। इसके बावजूद भी कई दुकानदार सड़कों पर जमे रहे। गुरुवार को मॉ ललिता देवी मंदिर के करीब उपनिदेशक पर्यटन डॉ. कल्याण सिंह पहुंचे। इनके साथ एसडीएम मिश्रिख पंकज सक्सेना भी थे। बुलडोजर की मदद से एक-एककर सड़क के इर्द- गिर्द दुकानें हटाई जाने लगीं। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने सामान हटाने के लिए समय मांगा, लेकिन पुलिस और हमराह पीएसी के आगे किसी की एक न चली। अतिक्रमण अभियान चक्रतीर्थ मार्ग पर कुछ दूर तक चलाया गया। एसडीएम ने बताया कि हटाए गए दुकानदारों को बलराम धर्मशाला के निकट एवं उत्तराधि मठ के करीब विस्थापित किया जाएगा।

वहीं जिला प्रशासन की कार्रवाई को लेकर उप निदेशक पर्यटन, डॉ. कल्याण सिंह ने बताया कि चक्रतीर्थ मार्ग पर प्रथम चरण में अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया है। आवश्यकता अनुसार आगे भी अभी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

### दुकानदारों और लोगों में दिखी निराशा

कॉरिडोर बनाने के प्रथम चरण में सड़क के किनारे लगी दुकानों पर जिला प्रशासन की ओर से चले बुलडोजर के बाद दुकानदार और स्थानीय लोगों के चेहरे पर काफी निराशा दिखाई दी। ऐसे में लोग अपना-अपना पक्ष रखते नजर आए। वहीं जिला प्रशासन की सख्ती के चलते बुलडोजर ने ध्वस्तीकरण जारी रखा।

### पंचमुखी हनुमत प्लाजा का होगा निर्माण

ललिता देवी मंदिर से लेकर चक्रतीर्थ तक कॉरिडोर प्रस्तावित है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होना है। ललिता देवी मंदिर परिसर के निकट पंचमुखी हनुमत प्लाजा का निर्माण होना है। चक्र तीर्थ के मुख्य गेट के सामने एंट्रेंस प्लाजा का भी निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

### जंगली जानवर ने बछड़े को नोचा, मौत

**संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** गांव के बाद अब कस्बे में भी जंगली जानवर की आमद से लोग दहशत में हैं। ऐसे में लोग घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं। महमूदाबाद कस्बे के शहजानी मोहल्ला निवासी राजाराम के मुताबिक, घर के बाहर तनी झिल्ली के नीचे गाय और उसका बछड़ा बंधा था। देर रात किसी जंगली जानवर ने बछड़े पर हमला बोल दिया और उसे बुरी तरह नोच डाला। हमले में बछड़े की मौत हो गई। सुबह जब राजाराम जगे, तो बछड़े का क्षत-विक्षत शव देख दंग रह गए। वहीं डिप्टी रेंजर संतोष वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जानकारी मिलने पर जांच कराई जाएगी।

### प्रधान के घर को चोरों ने बनाया निशाना

**हरगांव, सीतापुर:** हरगांव थाना के पचैनापुर गांव निवासी पुनीत कुमार ने बताया कि उसकी मां निर्मला देवी ग्राम प्रधान है। बुधवार की देर रात घर के सभी लोग सो रहे थे, उसी समय चोर घर के पीछे के रास्ते से घर में घुस आये और बक्से मे रखा करीब डेढ लाख का जेवर, कपड़ा व पच्चास हजार की नगदी चुरा ले गये। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने कहा-मुझे कोई जानकारी नहीं है।

# चोरों ने समेटी 42 हजार की नकदी और लाखों के गहने


मौके पर जांच-पड़ताल करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

- अपर पुलिस अधीक्षक ने गांव का जाना हाल, फारेंसिक टीम ने बटोरे साक्ष्य

**अमृत विचार:** महमूदाबाद इलाके के कांसा गांव में एक ही रात में चोरों ने अलग-अलग दो घरों को निशाना बनाया। शातिर 42 हजार की नकदी समेत छह लाख से अधिक की गृहस्थी समेटकर फरार हो गए।

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के कांसा गांव में चोरों ने विधान मिश्रा के घर को निशाना बनाया। कमरे में रखी 32 हजार की नकदी समेत कीमती जेवर (चांदी के सिक्के) पार कर ले गए। विधान के अनुसार, गहनों की कीमत पांच लाख से अधिक है। इसके बाद चोरों ने इसी गांव के अभिनेष अवस्थी के घर पर धावा बोला। यहां से 10 हजार की नकदी समेत पीतल के बर्तनों पर हाथ साफ किया और रफूचक्कर हो लिए। खबर मिलने के बाद एएसपी डॉ. प्रवीण रंजन मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत की। ग्रामीणों ने बताया कि रामपुरकलां थाना क्षेत्र के लौना गांव में हिमांशु मिश्र के घर के पास पाइप पर बुधवार रात मटमैला गैंग के नाम से एक चिट्ठी चस्पा मिली। चिट्ठी में कहा गया कि एक हफ्ते के अंदर गांव वालों ने पांच लाख रुपए नहीं दिए तो मटमैला गैंग गांव को मटमैला कर डालेगा। इन्हीं बयानों के बीच फारेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलित किया गया। बढ़ती वारदातों को लेकर इलाका पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**नकदी-गहनों से भरा बैग गायब, हरगांव :** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के टांडा सलारपुर निवासी प्रदीप रस्तोगी की सोने-चांदी की दुकान हरगांव इलाके के उदनापुर में है। सर्राफ के मुताबिक, वो दुकान खोलने जा रहा था। रास्ते में झोला मोटरसाइकिल पर रखकर मंदिर में माथा टेकने चला गया। मंदिर से वापस लौटा तो झोला गायब मिला। प्रदीप के अनुसार, बैग में 8500 नगद, लगभग एक लाख के सोने-चांदी के आभूषण रखे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है।

# पक्की दीवार काटकर पार किए नकदी और गहने

संवाददाता सीतापुर, सीतापुर

- रेउसा थानाक्षेत्र के पकौरी गांव की घटना
- गृहस्वामी की शिकायत पर पुलिस ने की जांच


चोरों ने पक्के घर में लगाई सेंध।

**अमृत विचार:** रेउसा के पकौरी गांव में चोरों ने एक घर में पक्की दीवार को काटकर हजारों की नगदी समेत लाखों के जेवरात चोरी कर लिए, वारदात को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है।

रेउसा थाना क्षेत्र के पकौरी गांव निवासी अवधेश सिंह के मुताबि, वे अपने परिवार के साथ घर पर थे। इसी दौरान रात के किसी पहर चोरों ने धावा बोला। घर के पीछे की पक्की दीवार काट कर शातिर अंद घर घुस आए, कमरे में रखी अलमारी का लाकर तोड़ कर लॉकर में रखे 24 हजार नौ सौ रुपए, करीब दो लाख के सोने-चांदी के गहने और जेवरात पर हाथ साफ किया। उसके बाद में उसी रास्ते से फरार हो गए।

डायल 112 पर दी गई सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले में जांच-पड़ताल की। रेउसा थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने कहा कि मामले में जांच पड़ताल कराई जा रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगा।

# न्याय दिलाने में सहायता करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर


न्यायाधीश के साथ उपस्थित सम्मानित हुए टॉपर। अमृत विचार

- सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन में आयोजित कार्यक्रम में बोले न्यायाधीश नरेंद्र नाथ

**अमृत विचार:** देश और समाज तभी आगे बढ़ेगा, जब समाज में रहने वाले सभी आगे बढ़ेंगे। पढ़ाई के साथ-साथ समाज के गरीब, शोषित, पीड़ित लोगों को उनके अधिकारों कर्तव्यों की जानकारी उपलब्ध करवाकर न्याय दिलाने में सहायता करना भी हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। आप सभी समाज का दर्पण है। जब आप शिक्षित होंगे तभी समाज भी शिक्षित होगा।

सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के शास्त्री सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे व मां भारती के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन करते हुए मुख्य अतिथि अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने यह बात कही। उन्होंने कहा सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हमें जानकारी के अभाव के चलते नहीं हो पाता। आप सभी का यह सौभाग्य है कि प्रदेश की सिरमौर संस्था के विद्यार्थी है। इस शिविर में बताई गई सभी जानकारियों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पहुंचाएं। स्पेशल न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक मिश्र ने कहा कि पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी शामिल होकर माता-पिता अभिभावकों के साथ विद्यालय का नाम रोशन करें। एनसीसी, एनएसएस, स्काउटिंग जैसी अन्य कार्यक्रम आपके जीवन में परिवर्तन लायेंगे। एलएडीसी सुभांशी तिवारी ने कहा कि जैसी संगति होगी वैसा ही समाज परिलक्षित होगा। महिलाओं का सम्मान कीजिए। महिलाओं को अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए। वहीं कार्यक्रम के दौरान डीपीओ प्रिया पटेल ने भी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान स्पेशल न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक मिश्र, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अक्षी गिल, सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रिया मिश्रा, तन्मय जायसवाल, अंजू यादव, आकांक्षा पिपिल, मनुज कृष्ण मिश्र, रंजीत जायसवाल, एलएडीसी सुभांशी तिवारी, डीपीओ प्रिया पटेल, मध्यस्थ अधिवक्ता विमल मोहन मिश्र सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

**टॉपरों का किया गया सम्मान:** वर्ष 2023 हाईस्कूल की यूपी टॉपर प्रियांशी सोनी, 2024 की हाईस्कूल यूपी टॉपर प्राची निगम, प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली नव्या सिंह, पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका वर्मा, छठवां स्थान प्राप्त करने वाली वर्तिका सोनी, सातवां स्थान प्राप्त करने वाली अंशी मौर्या, आठवां स्थान प्राप्त करने वाली अगम्या वर्मा, नवां स्थान प्राप्त करने वाले हेमंत वर्मा व दसवां स्थान प्राप्त करने वाली अपर्णा गुप्ता को सम्मानित किया। एथेलेटिक्स में नेशनल लेवल पर चुनी गई रितिका पटेल व जूडो में बेस्ट फाइटर रिवॉर्ड प्राप्त रीतांशु कुमार को भी मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों ने सम्मानित किया।

## सार-संक्षेप

### टॉपर बच्चों को मदद देकर किया सम्मानित


सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे के राजा बहादुर डाक्टर सूर्य बख्श सिंह इण्टर कॉलेज के टॉपर छात्रों का सम्मान किया गया। उनकी आर्थिक मदद भी की गई। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में कॉलेज के टॉपर छात्र और छात्रा को कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने आर्थिक मदद देकर उनको प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया। उन्होंने ने बताया कि उन्होंने अपने बाबा राजा दिनेश प्रताप सिंह व दादी रानी चंद्रप्रभा के नाम से स्कॉलर के नाम से कालेज के टॉपर छात्र छात्राओं को आर्थिक सहायता और प्रमाण पत्र देना शुरू किया है। यह चार साल से अनवरत जारी है और आगे भी जारी रहेगा। सम्मान पाने वाले आकांक्षा पुत्री अनिल कुमार निवासी जलालाबाद नवागांव, अनमोल सिंह पुत्र जनार्दन सिंह निवासी चितरेहटा, आयुष शर्मा पुत्र नरेंद्र शर्मा निवासी पतारा खुर्द और माही जायसवाल पुत्र लालता प्रसाद निवासी विवेक नगर शामिल हैं।

### प्रभारी मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री


बाढ़ पीड़ितों को राशन किट देते मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह। अमृत विचार

**संवाददाता रामपुर मथुरा, अमृत विचार :** रामपुर मथुरा स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हाल जानने जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह पहुंचे। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। ग्राम पंचायत शुकुलपुरवा मार्ग पर ग्राम पंचायत कनरखी के कन्हई घाट के गोबरहिया नदी के उस पार रहने वाले लोगों से बातचीत की। सेउता विधायक के साथ उन्होंने राहत सामग्री भी वितरित की। जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कटान प्रभावित गांव अखरी का दौरा किया। अंगरौरा परमगोडा गांव का निरीक्षण करते हुए तटबंध पर अखरी के कटान पीड़ित परम गोंडा निवासी इंदल, प्रमोद, देवरिया, देवी, शिवकुमार, राम विजय सहित 15 लोगों को आवासीय पट्टे कलुआ पुर के गुवाहाटी गांव में दिए गए। सेउता विधायक ज्ञान तिवारी के साथ कटान पीड़ित 24 परिवारों को प्रभारी मंत्री ने राशन किट वितरित की। राजस्व टीम से कहा कि जो भी घर घाघरा नदी में समाए हैं और जिनकी कृषि योग्य भूमि व फसल नष्ट हो गई है। सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। ऐसे में ग्रामीणों द्वारा अखरी के आगे ठोकर बढ़ाने की भी मांग की। इस दौरान जिला अधिकारी अभिषेक आनंद, अपर जिला अधिकारी नीतीश कुमार सिंह, एएसपी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, एसडीएम शिखा शुक्ला, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

समस्या | बिसवां- महमूदाबाद मार्ग के रेनकट हादसों का बन रहे कारण

# बारिश के बाद सड़क के गड्ढे हो गए जानलेवा

संवाददाता, पहला सीतापुर


पंकज कुमार।


त्रिनेश कुमार।


बिसवां- महमूदाबाद मार्ग के किनारे बने रेनकट। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर इस बार की बारिश बड़ी समस्या लेकर आई, तेज बारिश के कारण जगह-जगह रेनकट बन गए, ऐसे में सड़क की हालत खस्ताहाल हो चली है। कट के कारण एक माह के भीतर आधा दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं। वहीं जिम्मेदार की अनदेखी से क्षेत्रीय निवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बारिश के बाद सड़क बन गए गड्ढों को ठीक कराने की मांग की है।

क्षेत्र के निवासी अवधेश कुमार का कहना है कि बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर लगने वाली बाजार के कारण लोगों की आवाजाही अधिक है। ऐसे में बारिश के कारण बने कट्स से कई हादसे हो चुके हैं। जितेंद्र यादव का कहना है कि जलनिगम कर्मियों द्वारा जो पाइप लाइन डाली गई, उसमें सड़क में ही गहरी नाली बना दी गई। किसी भी तरह की पटाई नहीं हुई, बारिश के दौरान इसी में गहरे गड्ढे बन गए और रोड के किनारे कटते चले गए। सिराज अहमद का कहना है कि सरैया पुल से लेकर बिसवां तक और बिसवां से लेकर महमूदाबाद तक 24 किमी में करीब 28 बड़े रेनकट हो गए हैं। ऐसे में वाहन चालकों को इस मार्ग पर वाहन पलटने का डर बना रहता है। क्योंकि स्थानों पर सड़क के इर्द- गिर्द खंतिया भी हैं। त्रिनेश और पंकज कुमार कहते हैं कि सैंड बैग एवं बोल्डर से रेनकट को तत्काल दुरुस्त कराया जाना आवश्यक है।

# जंगली जानवर ने कुत्ते को बनाया निवाला

संवाददाता थानगांव, सीतापुर

- थानगांव के मजरा सरैयां भटपुरवा के रड़हापुरवा गांव की घटना
- वन विभाग की टीम कर रही है कॉबिंग, लोगों की दी गई सलाह

**अमृत विचार:** जंगली जानवर ने थानगांव इलाके के मजरा सरैयां भटपुरवा के रड़हापुरवा गांव में देर रात एक कुत्ते को निवाला बनाया। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ क्षेत्र में कॉबिंग की, साथ ही लोगों को जानवर से सतर्क रहने की सलाह दी।

ग्रामीण उमेश मौर्य, अवधराम, विजय सिंह, अमरसिंह मौर्य, वीरेन्द्र कुमार आदि लोगों के मुताबिक, मंगलवार रात एक जंगली जानवर गांव में आ गया था। उसको देखकर कुत्ते भौकने लगे, उनकी आवाज सुनकर ग्रामीण लोग जागते, तब तक जंगली जानवर गांव के कुत्ते को घसीट ले गए और ब्रह्मचारी बाबा वाले मुख्य मार्ग पर कुत्ते को अपना निवाला गया। सुबह ग्रामीण इकट्ठा हुए तो कुत्ते शरीर के अंश मिले। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के बीट प्रभारी सियाराम मौके पर पहुंच कर देखा और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। उनका भी कहना है कि कोई जंगली जानवर हैं। फिलहाल वन विभाग की टीम गांव में कॉम्बिंग पर है। छोटे बच्चों को अकेले बाहर न जाने की सलाह दी गई है। पालतू जानवरों के छोटे बच्चों को घर के अंदर ही रखने के लिए कहा गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# जंगली जानवर ने बच्चे समेत दो पर किया हमला

## अजमल पट्टी में एक युवक के पैर पर भी किया हमला, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम

सिद्धौर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में जंगली जानवर ने दस्तक दी है। बीती रात जानवर ने मां के पास सो रहे बच्चे पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया। फिर गुरुवार को भोर एक व्यक्ति पर हमलाकर भाग गया। शोर मचने पर ग्रामीण एकजुट हुए पर उसका कुछ पता नहीं चला। सूचना पर वन विभाग की टीम ने पहुंचकर तलाश की पर प्रयास बेकार रहा।

ग्राम पंचायत डेहड़ा पट्टी मजरे अजमल पट्टी में औसानेश्वर रोड के किनारे तीन परिवार रहते है। अमेठी के रहने वाले शफीक की पत्नी मरियम कुछ दिन पूर्व अपने मायके अजमल पट्टी आई है। उसके दो बच्चे अपनी नानी के पास सो गए, जबकि छोटा मो शहवाज दो वर्ष अपनी मां के पास बरामदे में टीन शेड के नीचे सो रहा था। बताया जाता है कि आधी रात के बाद जंगली जानवर बरामद में पहुंचा और बच्चे को झपट्टा मारकर उठाने का प्रयास किया तभी बच्चे की मां जाग गई और शोर मचा दिया। पड़ोस में में सो रहे परिवार के लोग भी चिल्लाने लगे, शोर सुनकर जंगली जानवर मौके से भाग गया। बच्चे की कमर के पास जानवर के दांत एवं नाखून के निशान मिले। ग्राम मोहनपुरवा निवासी सफीक पुत्र लियाकत अली 35 वर्ष फेरी का काम करते हैं। सुबह पांच बजे वह ब्रेड लेकर दुकान दुकान देने जा रहे थे, अजमल पट्टी में एक परचून की गुमटी है, वहीं पर रुक कर शफीक ने ब्रेड देने के लिए आवाज लगाई, इसी बीच गुमटी के पास मौजूद जानवर शफीक के पैर पर हमला कर दिया। जानवर पर नजर पड़ते ही वह भयभीत होकर साइकिल सहित गिर पड़ा। दुकानदार के परिजन जंगली जानवर देखकर लाठी डंडा लेकर दौड़े तो जंगली जानवर कहीं गायब हो गया। इसकी सूचना वन दरोगा अनिल कुमार तिवारी को दी गई। उन्होंने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर काफी खोजबीन की पर जानवर का कही पता नहीं चल सका।


जंगली जानवर के हमले में घायल बच्चा।


मौके पर मौजूद वन विभाग की टीम व ग्रामीण। अमृत विचार

## एक नजर

### पुलिस ने विभिन्न मामलों के वांछितों को पकड़ा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थानों की पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछितों को दबोचा है। थाना असन्द्रा पुलिस टीम ने राजेंद्र पुत्र छेदीलाल रावत निवासी पूरे छत्रधारी का पुरवा मजरे टिकरा बाबुआन थाना असन्द्रा को गिरफ्तार किया। थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त दुर्गा प्रसाद पुत्र सुन्दर लाल निवासी ग्राम पतुलखी थाना दरियाबाद को गिरफ्तार किया। थाना रामनगर पुलिस टीम ने अभियुक्त शैलेन्द्र मौर्य पुत्र रमाशंकर मौर्य निवासी रामनगर- एक कस्बा व थाना बदोसराय को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने अभियुक्त विनय वर्मा पुत्र दिलीप कुमार वर्मा निवासी ग्राम उधिटा थाना कोठी को रारी नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया।

### शिविर में 253 पशुओं का किया गया उपचार

**हैदरगढ़, अमृत विचार :** ग्राम भैरमपुर में मण्डलीय पशु बांझपन एवं बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर कुल 253 छोटे व बड़े पशुओं का पंजीकरण कर इलाज किया गया। मौके पर एंबुलेंस टीम के डाक्टर संजीत कुमार, डाक्टर सोनू चौधरी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहकर टीकाकरण में सहयोग किया। इतना ही नहीं डॉक्टरों की टीम ने पशुओं की उचित देखभाल के तरीके भी बताए ताकि पशुपालकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े और उनके मवेशी पूरी तरह स्वस्थ रहें। इस कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी डा. धनेश कुमार, प्रशिक्षण प्रसार अधिकारी अरविंद चौधरी, पैरावेट रवि कुमार, सत्यदेव, स्टाफ पवन तिवारी, संतराम, सुनील कुमार रितेश, अंकित और 1962 टीम के सभी कर्मचारियों के साथ गोकुल पुरस्कार विजेता महेश मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।


स्वच्छता अभियान के दौरान सफाई करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

## स्वच्छता अभियान बना जन आंदोलन: राजरानी रावत

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के तीसरे दिन जिला पंचायत कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने जिला पंचायत सदस्यों संग कार्यालय के विभिन्न परिसरों में सफाई की। गंदगी के नुकसान और स्वच्छता के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 से देश में जो स्वच्छता अभियान शुरू किया वह अब जनांदोलन बन गया है। सफाई के प्रति लोगों में जागरूकता भी आई है। इस अवसर पर डीडीसी डॉक्टर अवधेश वर्मा मौजूद रहे।

# चेयरमैन और ईओ पर भ्रष्टाचार का आरोप

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

▸▸ सभासदों ने डीएम को शपथ पत्र देकर कहा-एक साल के कार्यों की कराई जाए जांच

**अमृत विचार:** नपं रामसनेहीघाट के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सभासदों ने लगाए हैं। सभासदों ने शपथ पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को लिखित शिकायत कर नगर पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच करवा कर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग किया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश यादव व अधिशासी अधिकारी धीरज सिंह के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए नगर पंचायत के सभासदों शिवकुमारी, बीनू तिवारी ,पवन कुमार ,अफजल ,रीना देवी ,माया देवी, शिवबरन, संजय ,शिवा, सत्यम गुप्ता,राम मिलन, रीता ने जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की जानकारी देने से मना कर दिया गया और ईओ से प्रार्थना द्वारा नगर पंचायत के विकास कार्य एवं सरकार द्वारा अंकित धन की जानकारी के लिए जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत मार्च माह में प्रार्थना पत्र के माध्यम से जानकारी मांगी गई थी। जिसकी जानकारी नहीं दिया। नगर पंचायत में कुल 14 वार्ड हैं प्रत्येक वार्ड में 100 मीटर इंटरलॉकिंग का कार्य होना था। परंतु सभी वार्ड में धन बन्दरबांट के चलते कार्यपूरे नहीं हुए। वार्ड में इंटरलॉकिंग का कार्य भी कराया ही नहीं गया। नगर पंचायत द्वारा 25 आरो ,स्ट्रीट लाइट ,13 कूड़ेदान के रिक्शे और पानी टैंकर की खरीदारी की गई। जिसमें भी धन का दुरुपयोग किया गया है। छोटी हनुमानगढ़ी से आकांक्षा नर्सिंग होम तक नगर पंचायत सीमा तक इंटरलॉकिंग एवं पानी निकालने के लिये नाला बनाने का कार्य नहीं किया गया जबकि पहले से प्रस्तावित था ।केवल पेपरों पर कार्य दिखाकर रुपया निकल लिया गया है। वर्ष 2023 से 24 तक सरकार द्वारा नगर पंचायत के विकास कार्यों के लिए आवंटित धन कराए गए सभी विकास कार्यों की जांच कराई जाए। जिससे पता चल सके कितने धन का सदुपयोग एवं कितने का दुरुपयोग किया गया है।

## पीड़ित को वापस मिले ठगे गए रुपये

**बाराबंकी, अमृत विचार:** साइबर सेल ने फर्जी पेमेंट लिंक भेजकर पीड़ित के खाते से निकाले गये 55 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए। ठगी में गया धन वापस पाकर पीड़ित काफी खुश हो गया। साइबर क्राइम ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एक शिकायती पत्र टीम को मिला। जिसमें आवेदक मो. आसिफ पुत्र कमरुद्दीन निवासी राजाइपुर पोस्ट बेहटा थाना सफदरगंज को साइबर अपराधियों ने मोबाइल नंबर पर फर्जी पेमेंट लिंक भेजकर खाते से 55 हजार रुपये धोखाधड़ी कर निकाल लिए। साइबर क्राइम थाना ने तकनीकी का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर सम्पूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में वापस कराई।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उपायुक्त अयोध्या मंडल का आदेश निष्फल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के 13 में से 12 संचालकों को अयोग्य घोषित करने का मामला

**अमृत विचार:** उप आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता अयोध्या मण्डल द्वारा डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव बैंक के तेरह में से बारह संचालकों को एक साथ अयोग्य घोषित किए के मामले में बैंक संचालकों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए कोर्ट द्वारा 17 सितंबर को पारित आदेश से उप आयुक्त के आदेश पर रोक लगा दी है। जिसके फलस्वरूप अयोग्यता का निर्णय वर्तमान में निष्फल हो गया है।

यह जानकारी देते हुए बैंक संचालकों के अधिवक्ता फारुक अय्यूब ने बताया कि बैंक संचालकों के विरूद्ध साज़िश करते हुए ज़िले में तैनात सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता तथा बैंक में कार्यरत सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा वास्तविक तथ्यों से परे रिपोर्ट भेजी की गई। जिस पर उप आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता अयोध्या मण्डल द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए, बैंक के तेरह में से बारह संचालक सदस्यों को अयोग्य घोषित कर, आनन फानन में अंतरिम कमेटी का गठन और नैसर्गिक न्याय के तहत अपील का समुचित अवसर दिये बगैर तुरंत बैंक की नयी प्रबंधकमेटी की चुनाव प्रक्रिया भी प्रारंभ करवा दी गई।

इस पर सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्याय की माँग की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नोटिस निर्गत कर जवाब भी मांगा गया है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का स्वागत करते हुए,बैंक सभापति सिद्धान्त पटेल ने सुप्रीम कोर्ट का आभार जताते हुए न्याय की जीत की संज्ञा दी है। इससे लोगों में हर्ष है।

# जांच में पाए गए 49 मानसिक रोगी

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डा. सौरभ शुक्ला की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 109 मरीजों का डॉक्टरों द्वारा परीक्षण किया गया। मेगा कैंप मे 49 व्यक्तियों को मानसिक बीमारी से पीड़ित पाया गया। सभी मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ द्वारा निःशुल्क दवा वितरित की गई।

मानसिक स्वास्थ्य मेगा कैंप का शुभारंभ डॉ. सौरभ शुक्ला द्वारा किया गया। जिला मानसिक स्वास्थ्य विभाग से डॉ. प्रेम प्रकाश, प्रशांत दीक्षित सभी मानसिक रोगियों में होने वाले लक्षण के बारे में जानकारी दी और तरह-तरह की अफवाहों से दूर रहने की भी सलाह प्रदान की कहा कि मानसिक रोगी को किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला मानसिक स्वास्थ्य विभाग के हेल्पलाइन नंबर 9455 033 379 एवं टेलीमानस 14416 ( 1800_891_4416 ) पर निःशुल्क बात कर सकता है। इस मौके पर डॉ. जयशंकर पांडेय, डॉ. जितेंद्र सोनी, संजय रावत, आरएन रावत, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर मनीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


शिविर में मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

# शैक्षिक चुनौतियों व समाधान पर मंथन

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार:** शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ के प्रावि पूरे चौबे मजरे सरायरावत में मासिक शिक्षक संकुल की बैठक बीईओ सुनील कुमार गौड़ ने की। इसमें शिक्षण के दौरान शैक्षिक चुनौतियों व उनके समाधान पर चर्चा की गई। सहायक अध्यापक सुषमा ने टीएलएम के माध्यम से बच्चों को मात्राओं का ज्ञान कैसे कराया जाए, यह बहुत ही रोचक तरीके से बताया गया। दीपक कनौजिया ने टीएलएम के माध्यम से सम, विषम, पूर्ववर्ती अनुवर्ती, आरोही अवरोही तथा लघुत्तम समापवर्त्य की समझ का विकास बच्चों में कैसे किया जाय इसका प्रस्तुतीकरण किया। कम्पोजिट विद्यालय सरायरावत के आनंद श्रीवास्तव ने दो अंकीय हासिल वाले जोड़ पर शिक्षण योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने कहा कि अगर हम इसी प्रकार सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते रहे, तो हम सभी निश्चित रूप से निर्धारित समय में अपने विद्यालय को निपुण बना लेंगे। इस अवसर पर फूलचन्द्र, राजीव मिश्र, दिनेश मिश्र, मोहित सिंह, अशोक कुमार, अभिषेक सिंह, विकास तिवारी, माधुरी त्रिपाठी, प्रतिभा उपाध्याय, विष्णु पाण्डेय, अवध विहारी गुप्ता, निधि कनौजिया और नसरीन समेत कई शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद बीईओ सुनील कुमार गौड़। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### 75 पीड़िताओं को मिली सहायता राशि

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** अत्याचार, दुष्कर्म या एसिड अटैक समेत किसी भी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के माध्यम से मदद दी जाती है। प्रदेश सरकार ने यह योजना सात जनवरी 2015 को शुरू की थी। अब तक जिले में ऐसे 682 मामलों में सहायता राशि पाने के लिए ऑनलाइन केस पोर्टल पर फाइल हुए हैं। इनमें से अब तक 75 पीड़िताओं को निर्धारित धनराशि दी जा चुकी है। जबकि जिला स्तरीय कमेटी के पास अभी 131 केस लंबित पड़े हुए हैं। जबकि 359 केसों को अस्वीकार कर दिया गया है। सीएमओ स्तर से 115 केस लंबित हैं। वहीं जिलास्तरीय कमेटी में शामिल डीएम, एसपी और सीएमओ द्वारा 359 केस रिजेक्ट कर दिये गये। 75 पीड़िताओं को 3 से 10 लाख रुपये की सहायता राशि दी गयी है। डीपीओ डॉ. पल्लवी सिंह ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत जिलास्तरीय कमेटी के अनुमोदन के बाद पीड़िता को सहायता राशि दी जाती है। 70 से अधिक पीड़िताओं को इसका लाभ दिया जा चुका है।

### एससीएसटी आयोग अध्यक्ष का किया स्वागत


बैजनाथ रावत का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन द्वारा सिविल बार हॉल में गुरुवार को एससी-एसटी आयोग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बैजनाथ रावत का अधिवक्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्वागत में जिला बार के अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई, महामंत्री अशोक वर्मा, अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी, विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनूप कुमार यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, राम मंदिर का ताला खुलवाने वाले जिला जज फैजाबाद केएम पांडे के दामाद दुर्गेश कुमार मिहिर, नगर संघ चालक विष्णु प्रताप सिंह, अधिवक्ता परिषद के संरक्षक राम लखन शुक्ला, महामंत्री सचिन प्रताप सिंह, दयाशंकर श्रीवास्तव, पूर्व डीजीसी फौजदारी व वर्तमान एडीजीसी प्रधान समेत तमाम अधिवक्ता बंधु मौजूद रहे।

### हाईवे पर उगी कंटीली झाड़ियां कर रहीं घायल


हाईवे पर उगी कंटीली झाड़ियां। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ गोंडा हाईवे के चौकाघाट से संजय सेतु पुल तक मार्ग के दोनों ओर कटीली झाड़ियां सड़क पर पहुंच गयी हैं। जिससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन एनएचएआई के आला अधिकारी कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। गौरतलब है कि बांदा बहराइच हाईवे पर 24 घंटे छोटे बड़े वाहनों का आवागमन रहता है। इन दिनों थाना क्षेत्र के हाईवे के चौकाघाट से लेकर सरयू नदी के पुल तक सड़क मार्ग के दोनों किनारों पर उगी कटीली झाड़ियां सड़क तक पहुंच गयी है। जिसके चलते इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिए दुर्घटना का सबब बना है। हाईवे की चौड़ाई कम होने के कारण वाहनों के आमने सामने क्रॉस करने पर बाइक व साइकिल सवार तमाम राहगीर झाड़ियों में फंसकर कर घायल हो जाते है।

### संदिग्ध हालात में अधेड़ लापता, अपनों पर शक

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** घर से निकला एक अधेड़ व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। दूसरे दिन उसने अपने बेटे के मोबाइल पर फोन कर खुद को एक कमरे में बंद करने की जानकारी दी, यह भी बताया कि उसे स्थान और बंद करने वाले लोगों के बारे में जानकारी नहीं, इसके बाद फोन कट गया। बेटे ने अपनी बहनोई पर आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना रामनगर की ग्राम फिरोजपुर मजरे बड़नपुर निवासी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने रामनगर थाने पर दी तहरीर में कहा कि उसके पिता सत्य प्रकाश श्रीवास्तव 16 सितंबर को सुबह करीब 8 बजे घर से गोबरहा जाने के लिए निकले, इसके बाद वापस नहीं आये काफी खोजबीन करने पर भी पता नहीं चला। जितेंद्र के मुताबिक 17 सितंबर को चचेरे भाई आयुष के मोबाइल पर फोन करके उसके पिता ने बताया कि कुछ लोग उसे एक कमरे में बंद किए हुए है, स्थान और लोगों के बारे में जानकारी नहीं हो पाई ।इसके बाद फोन कट गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# मेडिकल कॉलेज कर्मी से छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** हिंद मेडिकल कॉलेज में कार्यरत एक युवती के साथ घर लौटते समय एक शोहदे ने न सिर्फ छेड़छाड़ की बल्कि जबरदस्ती करने लगा। युवती के शोर मचाने पर आस पास से जुटे लोगों ने उसे बचाया, कुछ ही देर में पिता भी पहुंच गया। मौके से दूसरे समुदाय का शोहदा फरार हो गया। पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज है लेकिन इस घटना के बाद से युवती सदमे में है।

शहर कोतवाली अंतर्गत एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज सफेदाबाद में कार्यरत है। 17 सितंबर को प्रतिदिन की तरह वह अपनी ड्यूटी करने के बाद घर वापस आ रही थी। रास्ते मे कुरौली चौराहे से नहर पटरी से होकर पैदल वापस जाते समय बीच रास्ते पर एक युवक ने उसके साथ छेडछाड़ की और उसे जबरन अपनी ओर खीचने लगा, जिस पर युवती ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर कुछ लोग बचाव के लिए पहुंचे, कुछ ही देर बाद वह भी मौके पर पहुंच गया। वहां मौजूद भीड़ ने उस युवक का नाम शफीकुर्रहमान पुत्र जमाल अहमद निवासी ग्राम आलापुर अकबरी मास्जिद बताया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, वहीं मौके पर मिला आरोपी का आधार कार्ड पुलिस को सौंप दिया गया। पिता के अनुसार घटना के बाद से पुत्री सदमे में है।

# अनदेखी: बेमकसद साबित हो रहा बस अड्डा

संजय वर्मा, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** लखनऊ वाया सुल्तानपुर वाराणसी मार्ग पर राजमार्ग के किनारे बनाए गए बस अड्डे यात्रियों के बजाय लोगों के लिए मौज मस्ती का केंद्र बनकर रह गए हैं। तमाम अराजत तत्वों का जमाकड़ा भी यहां अक्सर देखने को मिलता है।

खंड विकास मुख्यालय त्रिवेदीगंज से सटे हुए बस स्टॉप को देखने से ही पता चलता है कि यहां न बस रूकती है और न ही यात्रियों द्वारा आवागमन के लिए बसों का इंतजार होता है। लोग आते जाते इन बस अड्डे को पिकनिक स्पॉट की तरह प्रयोग कर आगे का रास्ता नाप लेते हैं। इन बस स्टॉप के पीछे बड़े पैमाने पर बड़ी-बड़ी झाड़ियां और शराब की खाली बोतलें इस बात की गवाही देती हैं, कि लोग सरकार द्वारा बनवाए गए इन छोटे-छोटे स्टॉपेजों, जिनके सामने सड़क पर भी बस स्टॉप लिखा हुआ है, का किस प्रयोजन के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न कंपनियां व व्यवसायियों ने प्रचार प्रसार का माध्यम भी इस बस अड्डे को बना लिया है।

अमृत विचार के रिपोर्टर ने खुद इसी बस स्टॉप के सामने तकरीबन दो घंटे का समय बिताया। कई लोग जो पहले से बैठे थे, वह उठकर चले गए। कुछ लोग जो बैठने के लिए आए थे, वह बैठे ही नहीं। हां इन दो घंटों में एक भी बस अथवा यात्री इस अड्डे पर न उतरे न रुके। बताते हैं कि ट्रक वाले यहां रुककर खाना आदि बनाकर खाते हैं। यहीं से गुजरने वाले और बकरियां व अपने जानवरों को चराने वाले यह भी बताते हैं की यहां पर चोरी छिपे मार्फीन व शराब भी बिकती है। इसलिए भी कुछ ट्रक वाले उसी के सेवन के लिए यहां पर रुकते हैं और उन्हें नशे की वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं। सड़क सुरक्षा इंचार्ज राष्ट्रीय राजमार्ग आजाद कुमार का कहना है कि उनके कर्मचारी लगातार इन गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं, उनकी पेट्रोलिंग होती रहती है। रात में अराजक तत्वों द्वारा बस अड्डे को गलत प्रयोग में लाया जाता है, जल्द ऐसे लोगों को चिन्हित करके कार्रवाई की जाएगी।


बस स्टॉप पर पड़ी शराब की बोतलें। अमृत विचार

## उठी आवाज

### चहलारी नरेश के बलिदान का साक्षी है दो सौ वर्ष पुराना पीपल का वृक्ष

# ऐतहासिक धरोहर को दिया जाए स्मृति वाटिका का स्वरूप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** आजादी की लड़ाई का जिक्र चले और बाराबंकी का नाम न आए ऐसा असंभव है। यह जिला शूरवीरों के शौर्य, स्वतंत्रता संग्राम की गौरवान्वित करने वाली गाथा से समृद्ध है। ऐसे ही अप्रतिम शूरवीरों में एक राजा बलभद्र सिंह चहलारी नरेश रहे। बहुत कम लोग जानते हैं, उनका बलिदान जिस स्थान पर हुआ, उस घटना का साक्षी वहां लगा पीपल का वृक्ष दो सौ वर्ष बीतने के बाद भी लोगों को छांव दे रहा है। स्थानीय नागरिकों ने इस ऐतिहासिक धरोहर को स्मृति वाटिका का रूप देने के लिए डीएम को ज्ञापन सौंपा है।

राजा बलभद्र सिंह का जन्म 10 जून सन् 1840 ई० को बहराइच के चहलारी राज्य (वर्तमान में महसी क्षेत्र) में राजा श्रीपाल सिंह एवं महारानी पंचरतन देवी के यहां हुआ। महाक्रान्ति की अन्तिम लड़ाई अवध की बेगम हजरत महल के नेतृत्व में लड़ी गई। 18 वर्ष के किशोर चहलारी नरेश बलभद्र सिंह को सेना के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई। बेगम हजरत महल और दर्जनों देशभक्त राजाओं समेत 16 हजार सैनिकों की सेना का पड़ाव भयारा वर्तमान में बाराबंकी में यासीन अली किदवई के यहां हुआ। अगले दिन सेना नवाबगंज के जमुरिया नदी को पारकर रेठ नदी के पूरब ओवरी गांव के मैदान में युद्ध के लिए पहुंची। सामने अंग्रेज सेनापति जनरल होपग्रांट की सेना थी। 12 जून सन् 1858 ई० को युद्ध प्रारम्भ हुआ। बलभद्र सिंह और अवध के जांबाजों के आगे अंग्रेज सेना और सेनापति होपग्रांट भी भाग गया। पराजय से आहत होपग्रांट पुनः बड़ी संख्या में तोपों, रायफलों और सैनिकों के साथ 13 जून को आ जुटा। अंग्रेज सेनापति जनरल होपग्राण्ट ने छल से उनका सिर धड़ से अलग कर दिया। मातृभूमि की बलिवेदी पर भारत मां का यह लाल वीरगति को प्राप्त हुआ। ज्ञापन देने वालों में संतोष कुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह, विनय कुमार वर्मा, विवेक विक्रम सिंह, अजित कुमार सिंह, रामकुमार तिवारी, विजय कुमार सिंह रहे।


इसी पेड़ के पास राजा बलभद्र सिंह चहलारी नरेश ने दिया था बलिदान।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्ता व अन्य गणमान्य लोग। अमृत विचार

## करंट लगने से चार मवेशियों की मौत

**रामनगर, अमृत विचार:** गांव से होकर गुजरी हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से करंट की चपेट में आकर चार जानवरों की मौत हो गई। ग्राम पुरैना निवासी कृष्ण मोहन ने बताया कि गांव के सड़क मार्ग के किनारे मकान के सामने मैदान में उसके जानवर बंधे हुए थे। बुधवार की देर रात सड़क मार्ग के ऊपर से गुजरी 11 हजार केवी बिजली लाइन का तार टूटकर एक भैंस के ऊपर गिर गया। पास में बंधी एक गाय और दो अन्य भैंस भी करंट की चपेट में आकर तड़पने लगीं, जानवरों के चिल्लाने की आवाज सुनकर पास में ही लेटे पशुपालक ने जानवरों को बचाने की कोशिश की लेकिन वह असफल रहा।

# अफसरों ने किया शिकायतों का समाधान

## तीन दिन पूर्व जिले के प्रभारी एवं कारागार राज्यमंत्री के सामने आईं थीं शिकायतें

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार:** तीन दिन पूर्व ग्राम पंचायत नसीरनगर के मजरे चंदनपुरवा मे जिले के प्रभारी एवं प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही के सामने आयी कई शिकायतों के निस्तारण को लेकर दिये गये निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट खण्ड विकास अधिकारी काव्या सी की अगुवाई में आधा दर्जन से अधिक विभागों के लोग चौपाल लगाकर समस्याओं का निस्तारण किया गया।

गुरुवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व बीडीओ काव्या सी, अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम, एडीओ कृषि विजय कुमार, एडीओ शैलजा तिवारी, खाद्य निरीक्षक इमरान, अवर अभियंता विद्युत लाल जी सिंह, पंचायत सचिव वंदना पाल, क्षेत्रीय लेखपाल ज्ञानेंद्र प्रताप, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आशाराम चौधरी ने पंचायत भवन नसीरनगर मे चौपाल लगाई। जिसमें राशनकार्ड, किसान सम्मान निधि, वृद्धा पेंशन, हैंडपंप की आई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पीड़ितों को जल्द से जल्द समाधान का भरोसा दिया गया।

**बाढ़ क्षेत्र का आज दौरा करेंगे प्रभारी मंत्री:** जिले के प्रभारी मंत्री आज सुबह सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा करेंगे। इससे पहले वह फतेहपुर कस्बे में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। प्रभारी मंत्री के इस दौरे को लेकर तहसील प्रशासन देर शाम तक तैयारियों में लगा रहा।



चौपाल में समस्याओं का निस्तारण करते अधिकारी। अमृत विचार

# हाईवे पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए गुरुवार को अभियान चलाया गया। यह अभियान जिलाधिकारी आवास से शुरू हुआ और राजकीय इंटर कालेज तक चला। अभियान आगे भी जारी रहेगा। मालूम हो कि शहर के भीतर से होकर गुजरे हाईवे के किनारे अतिक्रमण की भरमार है। इसी अवैध कब्जों को लेकर आए दिन शिकायतें हुआ करती है। इन शिकायतों के चलते ही गुरुवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की गई। डीएम आवास से चले अभियान की शुरूआत में एसडीएम आर. जगत साईं, क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी और नगर पालिका परिषद के ईओ संजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे। इसके बाद जेसीबी पुलिस व नगर पालिका की टीम ने सड़क किनारे का अतिक्रमण हटवाना शुरू किया। अभियान को लेकर रोड किनारे के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और जिससे जो बन पड़ा, समेट कर किनारे हो गया। टीम ने बड़ी मात्रा में गुमटियां व भारी सामान तो हटवाया ही साथ ही रोजमर्रा के यात्रियों के बैठने वाला टीनशेड भी तोड़वा दिया। सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। सभी को पूर्व में ही चेतावनी दी जा चुकी थी।



अतिक्रमण हटवाती टीम। अमृत विचार

## एक नजर

### लूटी गई चेन व कच्ची शराब समेत चार गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना देवा पुलिस टीम ने एससी, एसटी एक्ट से सम्बन्धित अली वारिस पुत्र मोहल्ला इलियास निवासी हुज्जाजी- दो, फैसल पुत्र कयूम, फरहान पुत्र मो अनीश निवासी मोहल्ला हुज्जाजी- दो पश्चिमी कस्बा व थाना देवा को मेला ग्राउण्ड, देवा से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से लूट की एक पीली धातु की चैन बरामद की गई। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि इनके द्वारा बरामद चैन ढिंढोरा पेट्रोल पम्प के पास से एक महिला से छीना गया था। थाना कोठी पुलिस टीम ने बालकराम निवासी ग्राम बक्सोवा थाना कोठी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से आठ लीटर अवैध शराब बरामद की गई।

### होटल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहपुर, अमृत विचार :** चंद कदमों पर स्थित अस्पताल व होटल के पास से मोटर साइकिल का चोरी हो जाना पुलिस की शिथिल कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। वहीं कस्बेवासियों में भी डर का माहौल बना हुआ है। कस्बे के मोहल्ला काजीपुर निवासी हसन मोहम्मद अपने दोस्त के साथ बाईपास रोड स्थित फातिमा अस्पताल के सामने सूर्या एग्रीकल्चर की दुकान के बगल में स्थित होटल पर गया हुआ था। जहां बाइक को खड़ा करके होटल के अंदर चला गया। जब वह बाहर लौटकर आया तो बाइक वहां से चोरी हो चुकी थी। बाइक चोरी होने से पीड़ित काफी परेशान हो गया। उसने इसकी लिखित तहरीर स्थानीय कोतवाली में दी। चोरी की घटना सूर्या एग्रीकल्चर की दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। इधर, घटना के बाद से लोग गुस्से में हैं उनका कहना है कि इलाके में दिनों दिन चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। फिलहाल पुलिस फुटेज के माध्यम से घटना की जांच कर रही है।

# आंबेडकर की प्रतिमा रखकर जमीन कब्जाने की कोशिश, गांव में तनाव

**सतरिख, अमृत विचार:** बंजर भूमि पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा रखने को लेकर गांव में तनाव हो गया। कुछ ग्रामीणों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। विवाद की स्थिति देख एएसपी व सीओ भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया।

सतरिख थाना क्षेत्र के आलमपुर ग्यासपुर गांव की बंजर भूमि पर गांव के ही प्रेम कुमार मिश्रा द्वारा कब्जा किया गया था। गुरुवार की देर रात गांव के ही रज्जनलाल और जितेन्द्र कुमार वहां पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को स्थापित कर रहे थे। गांव के प्रेम कुमार मिश्रा द्वारा सतरिख पुलिस को सूचना दी गई कि कुछ लोग मूर्ति लगाकर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन फिर भी मौके पर कोई नहीं पहुंचा। देर शाम एसपी दिनेश कुमार सिंह को मामले की जानकारी हुई। एसपी के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश नारायण सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति पर काबू किया। आंबेडकर प्रतिमा रखने को लेकर गांव में तनाव है। पुलिस ने गांव के ही रज्जनलाल और जितेन्द्र कुमार को हिरासत में लिया है। सीओ सदर हर्षित चौहान ने बताया कि गांव में तनाव है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। मूर्ति रखकर कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# अमल में लाएं नवीनतम तकनीकियों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** पारंपरिक कारीगरों के विकास के लिए आवश्यक है प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण में नवीनतम तकनीकियों की जानकारी कर उसको अमल में लाएं और छोटे-छोटे कुटीर धंधों को अपनाकर अच्छी आय प्राप्त करें तथा सामाजोत्थान में अग्रणी भूमिका का निर्वाहन करें।

उक्त उद्बोधन जिला उद्योग केन्द्र प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा प्रायोजित एवं मंडलीय ग्राम उद्योग प्रशिक्षण केंद्र उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्राम उद्योग बोर्ड डालीगंज लखनऊ द्वारा मोहनलाल वर्मा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में आयोजित पारंपरिक कारीगरों के विकास हेतु विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत गुरुवार से शुरु हुए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने व्यक्त किए। अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश बैजनाथ रावत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशिक्षण दस दिन तक नियमित रूप से चलेगा जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्राप्त लें। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड डालीगंज लखनऊ की प्रधानाचार्य तनुजा ने ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी ट्रेड में पारंगत हों तथा उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पादन करें तभी प्रशिक्षण का उद्देश्य पूर्ण होगा।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व उद्यान निरीक्षक अनिल श्रीवास्तव लल्लू द्वारा किया गया। इस मौके पर मोहन लाल वर्मा डिग्री कॉलेज पल्हरी के प्राचार्य एचएन चौधरी, प्रशिक्षक जे एन शुक्ला, महेंद्र सिंह आरटीसी उपस्थित थे।



प्रशिक्षणार्थी को किट देते पूर्व सांसद बैजनाथ रावत। अमृत विचार



प्रशिक्षण में मौजूद लोग। अमृत विचार

# दबंगों की पिटाई से गर्भस्थ शिशु की गई जान, रिपोर्ट दर्ज

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार:** रंजिश को लेकर बुधवार को दबंगों ने एक गर्भवती महिला की लात-घूसों से पिटाई कर दी। पेट पर लात मारने से गंभीर दशा में अस्पताल ले जाते समय महिला का गर्भस्थ शिशु मृतावस्था में बाहर आ गया। इस मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नगरौरा निवासी नन्हेलाल की गांव के ही अरुण कुमार, विनोद कुमार, गजोधर व केतार से रंजिश चल रही है। नन्हेलाल की पत्नी मानसी को दूसरे पक्ष के लोग बुरा भला कह रहे थे। जब महिला ने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने लात-घूसों से उसकी पिटाई कर दी। महिला पांच माह की गर्भवती थी, जिससे उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन परिजन महिला को निजी अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में महिला ने मृत शिशु को जन्म दिया। पुलिस ने नवजात शिशु का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक माह पहले भी दबंगों ने महिला के पति नन्हेलाल को पीट-पीटकर हाथ तोड़ दिया था। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की तो दूसरे पक्ष के लोग जान से मारने की धमकी दे रहे थे। एसपी के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज़ किया है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि नवजात शिशु का पोस्टमार्टम कराया जा रहा।

# क्षमावाणी पर्व पर निकाली शोभायात्रा

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार:** कस्बा बेलहरा के चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर में गुरुवार को क्षमा वाणी पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मन्दिर से निकाली गई शोभा यात्रा मन्दिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर मेन बाजार,डॉ. विश्वनाथ चौराहा होते हुए स्वामी महंतकीर्ति स्थल पर पहुंची। जहां पर भगवान चन्द्रप्रभु व स्वामी महंत कीर्ति का अभिषेक पूजन आरती आदि का कार्यक्रम संम्पन्न हुआ।

झांकियों, पताका, बैंडबाजा, शहनाई के साथ निकली शोभायात्रा में केसरिया वस्त्र व मुकुट धारण किए बच्चे थे। पंजाबी बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। महिलाएं व बच्चे भजन कीर्तन गाते हुए आगे चल रहे थे। स्वामी महंत कीर्ति स्थल पहुंची जहाँ विधि विधान से पूजा अर्चना। इंदौर के कपिल शास्त्री के सानिध्य में सम्पन्न हुई। रथ की बोली में भगवान को लेकर रथ में बैठने का शौभाग्य मनोज जैन, सारथी का सौभाग्य पंकज जैन, चंवर की संदीप जैन, कैलाश चन्द्र जैन, धन कुबेर की बोली का इंद्र कुमार जैन को सौभाग्य मिला। विभिन्न मार्गो पर भ्रमण के बाद यात्रा पुनः जैन मन्दिर पर समाप्त हुई। जहाँ पर श्री जी पंचामृत अभिषेक, पूजन, जयमाल आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इसके बाद जैन समाज के लोगों ने एक दूसरे के गले लगकर वर्ष भर में हुई गलतियों की क्षमा याचना कर आपसी गिले शिकवे दूर किये। इस यात्रा में फतेहपुर, पैतेपुर, महमूदाबाद, दरियाबाद ,गनेशपुर, बहराइच ,लखनऊ, रामपुर मथुरा के जैन समाज के लोगो सहित कस्बे के सम्भ्रांत लोग सम्मलित हुए।



जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### देवगहना में दीवार गिरने से किशोरी की मौत

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** सिद्धौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत गंजरिया मजरे देवगहना गांव में गुरुवार शाम कच्ची दीवार गिरने से किशोरी की मौत हो गयी। गुरुवार को रामसुध यादव के घर की कच्ची दीवार अचानक गिर गई जिसमें 15 वर्षीय रोशनी मलबे के नीचे दब गई। ग्रामीणों ने मलबा हटाकर किशोरी को आनन फानन में बाहर निकला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी लेकर पहुंचे। जांच के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य कोठी पर मौजूद चिकित्सक डाक्टर सुनील पंकज ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। प्रधान प्रतिनिधि जगन्नाथ यादव ने बताया कि मृतका के पिता रामसुध को लगभग दो वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया जा चुका है। लेखपाल राहुल कनौजिया ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया।

### खेल से होता है स्वास्थ्य का विकास: राज्यमंत्री



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के मैदान में दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल स्पर्धा की शुरुआत मुख्य अतिथि व राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कराई। स्पर्धा में प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा खेल स्वास्थ्य के लिए जरूरी व्यायाम है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष उमेश जैन, राकेश कुमार राहुल, संदीप, प्रमेंद्र विक्रम सिंह, रूपेश प्रताप, संजय शर्मा, विश्वनाथ पंकज, सरवारे आलम, अखिलेश सिंह, विकास आदि मौजूद रहे। स्वागत गीत गाने वाली सैवी, संजना, शिवांगी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### विद्यार्थियों ने किया नाट्य मंचन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** टीआरसी महाविद्यालय सतरिख के बहुउद्देशीय हाल में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत पांचवे दिन महाविद्यालय के समस्त संकायों के छात्र/छात्राओं व शिक्षकों के समक्ष कला संकाय के छात्र व छात्राओं ने नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया। जिसका शीर्षक 'छोटा परिवार सुखी परिवार' रहा। नाट्य प्रस्तुति की मुख्य थीम दो परिवारों पर आधारित रही। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गिरजा शंकर, विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद पाण्डेय व मंच संचालक डॉ. प्रत्यूष सिंह, शिक्षा संकाय से वरिष्ठ प्रवक्ता राजेश वर्मा, कार्यक्रम संयोजिका कविता चौधरी आदि रहीं।



कार्यक्रम की शुरुआत करते मुख्य अतिथि।

### बाबा मस्तराम कुटी पर भंडारे में उमड़े भक्त

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** बहरौली स्थित बाबा मस्तराम दास कुटी पर हर माह की पूर्णिमा के पहले गुरुवार को हवन-पूजन होता है। गुरुवार को यहां दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, बहराइच, हरदोई, रायबरेली आदि जिलों से भक्त पहुंचे। परिजनों व बच्चों के साथ पहुंचे भक्तों ने हवन-पूजन में शामिल होने के बाबा के दर्शन किए। इस अवसर पर मेला व भंडारे का आयोजन हुआ। क्षेत्रीय दुकानदारों ने परिसर के आसपास दुकानें लगाईं जिसमें बच्चों व महिलाओं ने खरीदारी की। प्रसिद्ध बाबा मस्तराम दास कुटी पर लोगों की गहरी आस्था है। दूर दराज जनपदों से आने वाले श्रद्धालु यहां से प्रसाद के रूप में अपने साथ हवन की भभूती ले जाते हैं। मान्यता है कि यह भभूती घर में रखने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। वहीं शरीर में लगाने से व्यक्ति निरोगी रहता है। यहां पर हवन लगभग 50 वर्षों से होता आ रहा है। कहा जाता है कि हवन से निकला हुआ धुंआ वातावरण को शुद्ध कर लोगों की बीमारी एवं तनाव से मुक्त कर देता है। श्रद्धा भाव से यहां आने वाले भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है।

# नई मेज-कुर्सी पर बैठे बच्चे, खिले चेहरे

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार:** क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को अब टाटपट्टी से निजात मिल गई है। अब वह निजी स्कूलों के बच्चों की तरह मेज और कुर्सियों पर बैठ कर पढ़ाई करेंगे। इसकी पहल शुरू कर दी गई है। क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को फर्नीचर उपलब्ध करा दिया गया है। बच्चों ने सिर्फ क ख ग पढ़ा बल्कि इसी मेज पर भोजन का आनंद भी लिया।

खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा के प्रयास के बाद ग्राम पंचायत सचिवों ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर फर्नीचर उपलब्ध कराया। अभी तक आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे ठंडक व गर्मी में टाट पट्टी पर बैठते थे। जिससे ठंडक में सर्दी व गर्मी में फर्श गर्म होने से उन्हें समस्या होती थी। गुरुवार को बीडीओ आलोक वर्मा व सीडीपीओ एके पांडेय ने संयुक्त रुप से आंगनबाड़ी केंद्र बहरौली में फर्नीचर वाले कक्ष का शुभारंभ किया।

बाल विकास परियोजना अधिकारी, खंड विकास अधिकारी और सीएम फेलो ने बच्चों को कुर्सी व मेज पर बैठालकर उन्हें भोजन भी कराया। नौनिहालो का चेहरा कुर्सी व मेज पर बैठने से खिल उठा। वह बेहद खुश नजर आए और पढ़ाई में मन भी लगा। बीडीओ आलोक वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर फर्नीचर उपलब्ध कराकर नई पहल की शुरुआत की गई है। धीरे-धीरे क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर सचिव सुधाकर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।



कक्ष की शुरुआत करते खंड विकास अधिकारी व सीडीपीओ। अमृत विचार

# वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** मकान के बंटवारे में हिस्सा न मिलने, नए मकान की दूसरी मंजिल बनवाने में परिवार के ही लोगों द्वारा बाधा डालने से आहत व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक ने सुसाइड नोट छोड़ा और हथेली पर बहू का नाम लिखा है। मौके पर शव उतरवाने को लेकर काफी हंगामा हुआ तो भारी पुलिस बल बुलाना पड़ा। पुत्र की तहरीर पर मृतक के सगे भाई व उसकी पत्नी समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

सिकौहना के 65 वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद वर्मा का शव एक मकान की छत से बंधी रस्सी के फंदे से लटकता मिला। जब मृतक का बेटा प्रदीप उधर से गुजरा तो पिता का शव देखकर शोर मचाया। सूचना पाकर पहुंचे चौकी इंचार्ज सतेंद्र प्रकाश पाण्डेय और प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने शव को उतारना चाहा तो घर वालों ने मृतक के बड़े भाई पेशे से वकील योगेंद्र प्रसाद वर्मा के आ जाने की बात पर अड़ गए। एक घंटे बाद उनके आने पर परिवार वाले फिर आक्रोशित हो गए और कार्रवाई में हीलाहवाली का आरोप लगा करके शोरशराबा करने लगे। आक्रोश बढ़ता देख भारी पुलिस बल बुलाया गया। इस बीच मौके पर पहुंची फतेहपुर नायब तहसीलदार अंकिता पांडेय की उपस्थिति में शव को पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस ने बेटे प्रदीप की तहरीर पर रेखा वर्मा, अरविंद कुमार वर्मा, शिवबालक के साथ रेखा वर्मा के ननदोई व उग्रसेन वर्मा पर केस दर्ज किया है। मौके पर पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें मृतक ने नामजद लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया। वहीं हथेली पर छोटे भाई की पत्नी रेखा का नाम भी लिखा था।



नवाचारी उपकरणों को देखते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया गया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाल विकास, बेसिक शिक्षा विभाग व इंडिया पार्टनशिप फॉर अर्ली लर्निंग संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा समागम में प्राथमिक शिक्षा से जुड़ी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के नवाचार व उत्कृष्ट कार्यों को पहचान कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यकत्रियों ने मातृभाषा में कहानी सुनाना, नवाचारी टीएलएम व बच्चों के शैक्षिक आकलन से संबंधित नवाचारी उपकरणों का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डीएम सत्येंद्र कुमार ने कहा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। डीपीओ अखिलेंद्र दुबे ने बताया कि पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के केंद्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने को लेकर इन कार्यकत्रियों की दक्षता परीक्षा भी आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया राष्ट्रीय पोषण माह में एनीमिया कैंप भी लगाया गया है जिसमें 33 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई है। टीएलएम में शहर की मंजूलता पहले, हैदरगढ़ से ममला दूसरे व रामनगर से बब्ली तीसरे पायदान पर रहीं। आंकलन क्षेत्र में मसौली की शिप्रा श्रीवास्तव पहले, पूरेडलई की राज कुमारी दूसरे व शहर की रश्मि शुक्ला तीसरे स्थान पर रहीं।

# एडी बेसिक ने शिक्षकों में भरा जोश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ेल में संचालित नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित एफएलएन प्रशिक्षण के सप्तम फेरा के द्वितीय दिवस का मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक कौस्तुभ कुमार सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक बुलंदशहर विनय कुमार सिंह द्वारा अवलोकन कर प्रशिक्षण की उपादेयता के बारे में शिक्षकों से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस भाषा में आकलन व रिमेडियल कार्य के अंतर्गत प्रत्येक छठवें दिन मैंने सीख लिया के माध्यम से बच्चों का आकलन करने और उनके प्राप्तांकों के आधार पर समूह निर्धारण कर ट्रैकर भरने के विषय में बताया गया। कक्षा शिक्षण में आने वाली चुनौतियों का समाधान व कक्षा शिक्षण को कैसे रुचि पूर्ण बनाया जाए, इस पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए एडी बेसिक अयोध्या कौस्तुभ कुमार सिंह ने शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा व कार्य कुशलता की चर्चा करते हुए शासन के मंशानुरूप विद्यालयों में नामांकित कक्षा 1 से 3 के छात्रों को निपुण बनाने की कार्य योजना बनाते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बंकी चंद्रशेखर यादव ने एडी बेसिक अयोध्या को विकासखंड के समस्त शिक्षकों की ओर से आश्वस्त किया गया कि उनकी मंशानुरूप विकासखंड को सर्वप्रथम निपुण बनाया जाएगा। प्रशिक्षण में संदर्भ दाता के रूप में एआरपी ललित मोहन सिंह, अरुण कुमार वर्मा, फिरोज अजहर, विपिन कुमार, सुभाष चंद्र तिवारी तथा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक रहे।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद एडी बेसिक व डीआईओएस। अमृत विचार

### फर्जी निकली मोटरसाइकिल चोरी की सूचना

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** नशे में धुत हो दूसरे की बाइक लेकर घूम रहे नशेड़ियों ने चोरी की सूचना कोठी पुलिस को दी। चदं मिनट में सक्रिय हुई पुलिस भानमऊ, कोठी व केसरगंज में रात भर भरमाती रही। भोर में नशा उतरने पर नशेड़ियों ने फर्जी सूचना देना स्वीकार किया।

### सूचना

सूचित हो कि हम अपने बड़े पुत्र लवकुश पुत्र राकेश कुमार के गलत चाल-चलन के कारण उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। हमारे पुत्र लवकुश द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, वाद-विवाद, लेन देन, अवैधानिक कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हम व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य का किसी भी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। **राकेश कुमार पुत्र श्यामलाल व श्रीमती सुमन देवी पत्नी राकेश कुमार निवासीगण ग्राम ररिया हसनपुर टाण्डा परगना व थाना कोतवाली व तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी।**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शैले शैले न माणिक्यं, मौक्तिम न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र, चंदन न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता। सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नहीं पाया जाता।

## संपादकीय

# समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां

हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और लाल सागर में संवेदनशील स्थिति के बीच भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए नौसेना की बढ़ती ताकत भारत की व्यापक समुद्री रणनीति का पूरक बन रही है। भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए, देश के सामरिक परिदृश्य की वजह से नौसेना की भूमिका बढ़ती जा रही है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौसेना की बढ़ती सामर्थ्य को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में कहा कि भारत को एक समय समुद्री तटों से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब इसे भूमि सीमाओं के साथ एक द्वीपीय देश के रूप में देखा जाता है। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक सशक्त नौसैन्य क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। वास्तव में भारत की समुद्री जागरूकता के विकास को लेकर जो सबक मिलते हैं, वो हमें देश की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लक्ष्य हासिल करने में भारतीय नौसेना की बढ़ती हुई केंद्रीय भूमिका बेहतर ढंग से स्वीकार करने का संकेत देते हैं। हाल के वर्षों में, हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय और वैश्विक शक्तियों की सैन्य उपस्थिति में वृद्धि देखी गई है। क्षेत्र में तीव्र भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और लगातार विकसित हो रही रणनीतिक स्थिति के साथ-साथ, हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र में विदेशी पक्षों की ओर से समुद्री डकैती, सशस्त्र डकैती, प्राकृतिक आपदाएं, जलवायु संबंधी मुद्दों जैसी विभिन्न गैर-पारंपरिक चुनौतियों में वृद्धि हुई है। इस बीच भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने साझेदारों के साथ सहयोगात्मक तरीके से जुड़ रहा है। समुद्री सुरक्षा हिंद महासागर के तटीय देशों के साथ भारत के जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण पहलू है। वर्तमान में विभिन्न औपचारिक और अनौपचारिक संरचनाओं के माध्यम से ऐसा किया जा रहा है। हिंद और प्रशांत महासागर में द्वीपों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भारत की गतिशील और कार्रवाई उन्मुख, 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' ने विस्तारित भौगोलिक पहुंच और रणनीतिक सार के साथ विस्तारित पूर्वी पड़ोसियों के साथ भारत के सहयोग को बढ़ावा देने का एक दशक पूरा कर लिया है।

देश की समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए भारतीय नौसेना तथा भारतीय तटरक्षक बल को और अधिक समन्वय की आवश्यकता है। साथ ही नौसेना में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के तरीके तलाशने की जरूरत है। उम्मीद है नौसेना को 'खरीदार' से 'निर्माता' में बदलने का दृष्टिकोण 2047 तक इसे पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक साबित होगा। हालांकि पिछले पांच वर्षों के दौरान नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू रक्षा इकोसिस्टम का त्वरित विकास संभव हुआ है।

# लेबनान पेजर ब्लास्ट: हम कितने सुरक्षित हैं



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था, लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुनः प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था।

17 सितंबर को स्थानीय समय के अनुसार दोपहर लगभग 3:30 बजे लेबनान और सीरिया में एक संचार यंत्र पेजर में एक साथ हुए विस्फोटों से 12 लोगों की मृत्यु हो गई और 2750 लोग घायल हो गए। 18 तारीख को फिर हुए विस्फोटों में 9 लोगों की मृत्यु हो गई और 300 घायल हो गए। इन मरने वालों में अधिकांश लोग वहां के राजनीतिक दल और आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के सदस्य थे, कुछ लोग विस्फोटों के आसपास खड़े हुए अन्य लोग भी थे।

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था, लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुनः प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था। मोबाइल फोन को ट्रेस करना बहुत आसान होता है, क्योंकि यह अनेक प्रकार के सॉफ्टवेयर और चिप्स पर काम करता है। इसके अतिरिक्त यह इंटरनेट का इस्तेमाल भी करता है। जबकि पेजर को ट्रेस करना बहुत कठिन होता है, क्योंकि यह केवल कुछ रेडियो तरंगों पर कार्य करता है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की अपुष्ट रिपोर्ट के अनुसार यह काम इजरायल की गुप्तचर संस्था 'मोसाद' ने इन पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर और उसमें बैटरी के पास में ईपीटीएन विस्फोटक फिट करके किया था। यह पेजर बनाने वाली कंपनी ताइवान की थी, लेकिन उसने कहा है कि उसके नाम से यह पेजर यूरोप में बनाए गए थे। हिजबुल्लाह ने उस कंपनी से 5 हजार पेजर्स मंगाए थे। इस तरह से पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर, उसमें विस्फोटक फिटकर देना किसी गुप्तचर संस्था के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मोसाद ने पहले भी बहुत कठिन कार्यों को अंजाम दिया है और इस बार फिर उसने आतंकवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। यद्यपि अनेक लोग इस कार्य को गलत भी कह सकते हैं, लेकिन यहां पर मेरा उद्देश्य मोसाद को सही अथवा गलत ठहराना नहीं है। मैं इस कार्य के औचित्य पर नहीं जा रहा हूं। यहां पर मेरा उद्देश्य हमारी स्वयं की सुरक्षा पर विचार करना है। हम लोग अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग करते हैं। इसमें मोबाइल फोन, कंप्यूटर्स, सीसीटीवी, राउटर्स और अन्य अनेक उपकरण आते हैं। स्मार्ट घरों को रिमोट कंट्रोल से संचालित किया जाता है। घर के तमाम उपकरण दूर से ही नियंत्रित किए जा सकते हैं।

इन सब चीजों को हैक करके अपने नियंत्रण में ले आना बहुत आसान कार्य है। कुछ समय पहले हम एक सर्वर में कमी के कारण संसार के तमाम कंप्यूटर्स के निष्क्रिय हो जाने को देख ही चुके हैं। अनेक प्रकार के साइबर फ्रॉड भी सामने आते ही रहते हैं। यहां तक कि हमारे मोबाइल के कैमरे से हमारी गतिविधियों को भी देखा जा सकता है। हमारे घर में लगे सीसीटीवी को कंट्रोल में लेकर हमारे घरों में हमको देखा जा सकता है। हमारे राउटर्स को भी दूर से ही अपने नियंत्रण में लेकर हमारी निजी जिंदगी में सेंध लगाई जा सकती है। इंटरनेट पर आधारित हमारी मोबाइल बैंकिंग भी सुरक्षित नहीं है। हमारे कंप्यूटर और मोबाइल में सुरक्षित हमारी फोटोज और वीडियोज को भी हैकर्स अपने नियंत्रण में ले सकते हैं और हैकर्स के अतिरिक्त एक संभावना यह भी है कि कोई सुपर कंप्यूटर इन सब यंत्रों को अपने नियंत्रण में ले ले और मानव के विरुद्ध प्रयोग में लाए। यह बाद वाली संभावना तो बहुत कम है, मुख्य खतरा तो हमें मानव से ही है।

सत्य तो यह है कि हम जितने अधिक इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर निर्भर होते जाएंगे, उतनी ही हमारी समस्याओं में घिरने की संभावनाएं बढ़ती जाएंगी। अनेक प्रकार के सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर और धोखाधड़ी से बचने के तरीके निकाले जाते हैं, लेकिन हैकर्स उनसे एक कदम आगे ही रहते हैं। तू डाल डाल मैं पात पात। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच का कोई मामला सामना आने पर जब तक उसका तोड़ निकाला जाता है, तब तक एक नया तरीका सामने आ जाता है। मनुष्य का मस्तिष्क इन अपराध कार्यों में लगा ही रहता है।

हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं। हम क्या कर सकते हैं इस स्थिति से बचने के लिए?

सच पूछें, तो हम कुछ नहीं कर सकते हैं। हम आधुनिक साधनों का इस्तेमाल तो करेंगे ही, हम पुनः आदिम युग में नहीं जा सकते हैं। ऐसा करने पर खतरे तो होंगे हैं और आदिम युग में ही हम कौन सा सुरक्षित थे। तब तो खतरे अब से कहीं ज्यादा थे। तब आदमी अपनी जान बचाए फिरता था। तब उसे हर बात से डर था- जंगली जानवरों से, वर्षा से, आंधी-तूफान से, बिजली से, शीत से, तथाकथित भूत-प्रेतों से, देवी-देवताओं से, ईश्वर के कोप से और सबसे बढ़कर भूख से। अब तो फिर भी हम पहले से बहुत बेहतर स्थिति में हैं। यद्यपि अब विनाश के भयंकर साधन भी बन चुके हैं फिर भी हम उस समय से बेहतर हैं। क्या कोई उस समय की स्थिति में जाकर रहना चाहेगा? जो लोग कहते हैं कि हर कार्य ईश्वर ही करता है, वह यही कहेंगे कि यह सब युद्ध, बम विस्फोट, हत्याएं, धोखाधड़ी इत्यादि ईश्वर ही करवाता है।

तीर्थयात्रा को जाते हुए लोगों, देव-दर्शन को जाते हुए लोगों को वही मरवाता है। हत्याएं और बलात्कार भी वही करवाता है। यह सब उसकी प्रेरणा और इच्छा से ही होता है और मरने वालों ने पूर्व जन्म में कोई कुकर्म किए होंगे, जिनका उन्हें दंड मिल रहा है या इस जन्म में जो कुकर्म किए जा रहे हैं उनका अगले जन्म में दंड मिलेगा। जिन लोगों की ऐसी सोच हो, वह अपनी सोच के साथ प्रसन्न रह सकते हैं। एक उचित तरीके से सोचने वाला व्यक्ति केवल यह कामना और प्रयास कर सकता है कि मनुष्य की सोच उचित मार्ग पर लगी रहे। मनुष्य और मनुष्य के बीच ये युद्ध समाप्त हों और मनुष्य-मनुष्य के प्राण लेने को उद्यत न हो।




हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं।

## प्रसंगवश

# जेल और केजरीवाल



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल गत दिनों लगभग छह मास आबकारी नीति घोटाले के आपराधिक मामले में जेल में रहे। इसके पहले अब तक जब-जब कोई पदासीन मुख्यमंत्री जेल गया था, तो उसने अपने पद से इस्तीफा दिया था, किंतु इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब पदासीन मुख्यमंत्री जेल तो गया, किंतु त्यागपत्र नहीं दिया और बिना काम राजकोष से वेतन भी ग्रहण किया। राज्य कर्मचारियों के लिए नियम है कि यदि वह 48 घंटे कारागार में रह ले तो स्वयमेव निलंबित मान लिया जाता है, किंतु मुख्यमंत्री या मंत्री आदि के लिए ऐसे किसी कानूनी प्रावधान का अभाव है। यह जनता के साथ सरासर धोखा है और लोक धन का खुलमखुल्ला दुरुपयोग। केजरीवाल पदलोलुपता के चलते कुर्सी से चिपके रहे, भले ही उन्हें इस पद का कार्य करने की अदालती रोक थी और केंद्र सरकार व उप राज्यपाल उन्हें पद से बर्खास्त करने से इसलिए कतराते रहे कि उन्हें इससे कहीं जन सहानुभूति न मिल जाए, जिससे वे चुनाव में फायदा उठा लें। दोनों की इन कूट चालों से नुकसान तो जनता का ही होता रहा, जिसकी परवाह किसी को नहीं। अब जब वह जमानत पर छोड़ दिए गए हैं, तब इस्तीफा दिया है, क्योंकि कुछ मास बाद ही दिल्ली में चुनाव होने हैं। सोचा कि त्यागमूर्ति भी बन लें। हालांकि यह जनता की आंखों में धूल झोंकना ही है, क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने जमानत देते समय शर्त लगाई है कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय तक नहीं जाएंगे। वे परोक्षतः अदालत के आदेश को चैलेंज करने वाला बयान देते हुए यह भी कह रहे हैं कि वे सीएम की कुर्सी पर तभी बैठेंगे, जब जनता बिठाएगी। अर्थात चुनाव में पार्टी की जीत होने पर वे फिर अपने को नेता चुनवाएंगे और सांविधानिक गतिरोध पैदा करेंगे, क्योंकि आपराधिक केस तो गतिमान है और बेल पर रहते यदि सुप्रीमकोर्ट की शर्त भी प्रचलित रहती है, तब जनता उन्हें सीएम की कुर्सी पर कैसे बिठा पाएगी? फिलहाल चुनाव बाद की स्थिति तो अभी अस्पष्ट है, पर इतना स्पष्ट है कि किसी मुख्यमंत्री/मंत्री के जेल जाने पर उसके पद पर बने रहने/हटने विषयक कोई कानून नहीं है, जिसकी सख्त जरूरत है।

# एक देश, एक चुनाव की व्यावहारिक कठिनाई



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी।

केंद्र सरकार की कैबिनेट की ओर से सर्वसम्मति से एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति की रिपोर्ट के आधार पर मोदी सरकार ने वन नेशन-वन इलेक्शन को हरी झंडी दी है। इसके बाद संसद, संविधान संशोधन और राज्यों के सहयोग के साथ सरकार आगे इस दिशा में रास्ता तय करेगी।

भारत में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को दोबारा एक साथ कराने का मुद्दा साल 1983 में भी उठा था, लेकिन उस वक्त केंद्र की इंदिरा गांधी सरकार ने इसे कोई महत्व नहीं दिया था। उसके बाद साल 1999 में भारत में 'लॉ कमीशन' ने लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। उस वक्त केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार चल रही थी। साल 2014 में बीजेपी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल किया था। अब केंद्र सरकार ने इसके लिए पहल की है, लेकिन विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं।

लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के पीछे कई तरह के तर्क दिए जाते रहे हैं। इससे देश के विकास कार्यों में तेजी आएगी। चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सरकार कोई नई योजना लागू नहीं कर सकती है। आचार संहिता के दौरान नए प्रोजेक्ट की शुरुआत, नई नौकरी या नई नीतियों की घोषणा भी नहीं की जा सकती है और इससे विकास के काम पर असर पड़ता है। एक चुनाव होने से चुनावों पर होने वाले खर्च भी कम होगा। इससे सरकारी कर्मचारियों को बार-बार चुनावी ट्यूटी से भी छुटकारा मिलेगा। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे।

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। इस सरकार को उस वक्त की केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन लगाकर हटा दिया था। केरल में दोबारा साल 1960 में विधानसभा चुनाव कराए गए थे। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। इसके अलावा साल 1972 में होने वाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। इस तरह से साल 1967 के बाद बड़े पैमाने पर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने का सिललिला टूट गया। भारत की मौजूदा केंद्र सरकार इसे दोबारा एक साथ कराना चाहती है।

इसमें समस्या यह है कि अब भारत में कांग्रेस जैसी कोई एक पार्टी नहीं है, जिसकी केंद्र के साथ ही ज्यादातर राज्यों में अपनी सरकार हो। ऐसे में केंद्र और राज्य से बीच सामंजस्य आसान नहीं होगा। दोनों चुनाव साथ कराना संभव है। इसके लिए सरकार को चार काम करना होगा। इसके लिए सबसे पहले संविधान के 5 अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होगा। इसमें विधानसभाओं के कार्यकाल और राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रावधानों को बदलना होगा। जन प्रतिनिधित्व कानून और सदन में अविश्वास प्रस्ताव को लाने के नियमों को बदलना होगा। इसके लिए 'अविश्वास प्रस्ताव' की जगह 'रचनात्मक विश्वास प्रस्ताव' की व्यवस्था करनी होगी। यानी अविश्वास प्रस्ताव के साथ यह भी बताना होगा कि किसी सरकार को हटाकर कौन सी नई सरकार बनाई जाए, जिसमें सदन को विश्वास हो, ताकि पुरानी सराकर गिरने के बाद भी नई सरकार के साथ विधानसभा या लोकसभा का कार्यकाल पांच साल तक चल सके।

## सोशल फोरम

# भूतपूर्व एनजीओ



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

दिल्ली की नव प्रस्तावित मुख्यमंत्री के साथ मैं एक कार्यक्रम में शिरकत कर चुका हूं, लेकिन दूर से। जब से मुझे उनके बारे में पता चला है कि वह भूतपूर्व एनजीओ हैं, तब से अनेक आशंकाएं तथा आश्वस्तियां मेरे दिमाग में तैर रही हैं।

एनजीओ के बारे में मेरे गहन शोध विश्लेषण का सार इस प्रकार है : एनजीओ बिजली के एसी और डीसी करंट की तरह विरोधाभासी होता है, जो कभी करंट मारकर अपने साथ चिपका देता है और फिर झटका मारकर दूर फेंक देता है। एनजीओ अगर पुरुष है तो वह दाढ़ी बढ़ा लेता है और अगर महिला है तो वह पुरुष जैसी ड्रेस पहनता है। बाल कटवाकर पुरुष की तरह दिखने का प्रयास करता है। सिगरेट आदि खुलकर पीता है तथा मीटिंग, ईटिंग और चीटिंग का एक्सपर्ट होता है। वह गोष्ठियों में उंगली उठा कर ललकरता है तथा मंच और लंच का अभ्यासी होता है। वह अंग्रेजी मिश्रित हिंदी का भी अभ्यासी होता है। गांव अथवा स्लम इसकी चरागाह होते हैं, लेकिन स्वयं शहर में कोठी बनाकर रहता है। राजनीति अथवा व्यापार या प्रशासनिक सेवाओं में असफल रहने वाला पढ़ा लिखा जातक एनजीओ बन जाता है तथा पिछले दरवाजे से सत्ता और संपत्ति का सुख भोगता है।

एक एनजीओ को यदि साल में कम से कम एक पुरस्कार न मिले तो वह भारी डिप्रेशन में चला जाता है। तब डॉक्टर उसे कोई फर्जी पुरस्कार दिलाने की सलाह देते हैं, जिससे वह ठीक हो जाता है। एक एनजीओ में पैदल चलने तथा ग्रामीणों तथा स्लम्स के निवासियों के बीच घुलने-मिलने की अपार क्षमता होती है। वह प्रोजेक्ट बनाने में माहिर होता है तथा एक आध दिन की भूख हड़ताल आराम से झेल लेता है। वह बगैर प्रोजेक्ट पास कराए अपने बच्चों की स्कूल ड्रेस भी नहीं सिलवाता तथा अपने घरेलू नौकरों की तनख्वाह भी पर्चे पर साइन करवा के उसे किसी प्रोजेक्ट के पेटे में डाल देता है। एनजीओ सरकार से बजट लेकर ही सरकार के खिलाफ आंदोलन करता है। यह एनजीओ पर मेरे शोध का सारांश है।

-फेसबुक वॉल से

# पितृपक्ष माने स्मृतियों का महोत्सव



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

समाज का मतलब माता-पिता, भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं, जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके।

पितृपक्ष माने स्मृतियों का पाक्षिक महोत्सव। श्राद्ध पक्ष में पुरखे याद आते हैं, जिनको याद नहीं आते वे महान हैं। पुरखों को याद करने का एक रूप है श्राद्ध करना, उनके बहाने सगे-संबंधियों और अच्छे गुणीजनों को बढ़िया भोजन कराना। याद करने की यह कला या पद्धति बेहद रोचक और श्रम-साध्य है, जिसने सबसे पहले श्राद्ध किया होगा और पितरों के नाम भोज दिया होगा, वो निश्चित तौर पर बेहद अक्लमंद इंसान होगा। श्राद्ध में पितर की स्मृति प्रमुख है, भोजन गौण है, गऊ ग्रास गौण है। श्राद्ध माने पितरों की स्मृतियों को याद करने, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की ओर पितरों के अनुभवों के आदान-प्रदान करना। यह पर्व 15 दिन चलता है।

पुरखों का श्राद्ध करना, श्राद्ध के बहाने ब्रह्मभोज करना, यह सब सनातन धर्म का असर है, लेकिन पुरखों को याद करना उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करना यह सब भौतिकवादी प्राचीन परंपरा है। परंपरा ज्ञान से परिवार के इतिहास को जिंदा रख सकते हैं, सनातन धर्म का तो स्मृतियों से बैर है। ठीक वैसे ही जिस ब्रिटिश हुकूमत का स्मृतियों से बैर था, इन दिनों बहुराष्ट्रीय निगमों के सांस्कृतिक नजरिए का स्मृतियों से बैर है। हमारे समाज में सनातन धर्म का असर गहरा है। इसके कारण पितरों की स्मृतियों पर घरों में इस मौके पर संवाद नहीं होता, सिर्फ खाना होता है और पितर विदा कर दिए जाते हैं। समाज को बचाने के लिए पितरों की स्मृतियों को याद रखना जरूरी है, इससे समाज को परंपराविहीन होने से बचाया जा सकता। हमारे राजनेताओं के यहां भी गांधी-आंबेडकर आदि का औपचारिक कर्मकांड से अधिक महत्व नहीं है इसीलिए वे उनके विचारों और स्मृतियों पर जोर नहीं देते, मूर्तिपूजा और सामाजिक-राजनीतिक पाखंड पर जोर देते हैं। सामाजिक और वैचारिक परंपराएं धर्म या कर्मकांड से नहीं बचतीं, बल्कि संबंधित व्यक्ति के विचारों और स्मृतियों पर संवाद से बचती हैं। संसार की प्रकृति का निर्धारण उन सब चीजों, व्यक्तियों और संस्कारों से होता है, जिनको समाज ने सैकड़ों सालों से सजाया-संवारा है।

समाज का मतलब माता-पिता, भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं, जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके। सवाल यह है जब ईश्वर के बारे में सच बोलते हैं और कहते हैं कि वह है तो हम मान लेते हैं वो है। सवाल यह है सच बोलने के दायरे में हम सिर्फ ईश्वर को ही क्यों रखना चाहते हैं? हम समाज के बाकी पहलुओं के बारे में सच क्यों नहीं बोलते? यदि ईश्वर है, यह सत्य है तो जीवन भी तो सत्य है, समाज, संस्कृति, राजनीति, धर्म, दर्शन आदि को भी सत्य की कसौटी पर रखकर परखने की कोशिश क्यों नहीं करते? ईश्वर के साथ धोखा नहीं करते, लेकिन जीवन में पग-पग पर धोखेबाजी करते हैं, जो लोग ईश्वर को धोखा देते हैं, ईश्वर के साथ पाखंड रचते हैं, ईश्वर को वस्तु बनाकर बेचते हैं, वे ही असल जीवन में धोखाधड़ी करते हैं। ईश्वर माने स्वयं को जानने की कला। ईश्वर माने भगवान नहीं, कोई मूर्ति नहीं। मूर्ति तो बहाना है, असल में ईश्वर के बहाने स्वयं को पाने, अर्जित करने की कोशिश की जानी चाहिए। हमने जीवन में कुछ ऐसा विभाजन किया है कि ईश्वर पर जो चीज लागू होती है, वह जीवन पर लागू नहीं होती। जीवन पर जो लागू होती है वह ईश्वर पर लागू नहीं होती। ईश्वर और जीवन में भेद की दीवार के कारण तमाम किस्म के सामाजिक भेदों को हमने ईश्वरकृत बना दिया। असल में ईश्वर तब तक है जब तक मनुष्य का जीवन है, मनुष्य खत्म तो ईश्वर खत्म! ईश्वर की सत्ता का आधार है मनुष्य की सत्ता, लेकिन पढ़ाया उलटा गया है।

हमें बताया गया कि ईश्वर ही समाज का रचयिता है। सच एकदम उलट है, वह तसल्ली के आदिम उपायों की देन है। पितर असल में हमारे को ईश्वर रचित आख्यान से मुक्त करने में मदद करते हैं। स्मृतियों को जितनी बार व्याख्यायित किया जाएगा उतनी ही तेजी से वे रूढ़ियों और जड़ता से मुक्त होंगी। पितरों की स्मृतियां शाश्वत नहीं होतीं, वे भी परिवर्तनीय हैं। उनका आख्यान कहने वाले की शैली के अनुसार बदलता रहता है। उसमें नए आख्यान का जन्म होता रहता है। मरने के बाद नए आख्यान की सृष्टि करने की कला सिर्फ मनुष्य के पास है और इसी के गर्भ से सभी किस्म के पुरा-आख्यानों का जन्म हुआ। ईश्वर का होना, उसके बारे में संशय का आना, अपने आप में नए विचारों और नए किस्म की सामाजिक-वैचारिक संवेदना को जन्म देता है। इसी तरह जब आप अपने पुरखों को याद करते हैं, उनके आख्यान बनाते हैं, उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करते हैं तो नए आख्यान की सृष्टि करते हैं।

# असंगत संवैधानिक परिकल्पना



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

आतिशी को दूसरे की महत्वाकांक्षा का बंधक क्यों बनाते हो? मुझे राजनीतिक पार्टियों में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं किसी भी पार्टी का सदस्य नहीं हूं, लेकिन देश का एक नागरिक हूं, जिससे अपने देश से बहुत मोहब्बत है और खास तौर से अगली पीढ़ी से, क्योंकि हमारी पीढ़ी का काम तो बहुत कुछ निपट गया है। बचा खुचा देश के प्रधानमंत्री अच्छी तरह निपटा ही रहे हैं। दिल्ली में अभी-अभी एक घटना हुई।

आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री खास परिस्थितियों के चलते पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने बना दिया। इस बात का हल्ला है और प्रामाणिक है कि उन्हें अगले चुनाव तक जो लगभग चार-पांच महीना बाद हो सकता है, की अवधि के लिए मुख्यमंत्री निर्वाचित नहीं, बल्कि मनोनीत किया गया है। अगले चुनाव में यदि आम आदमी पार्टी जीत जाती है। तब उन्हें हटना पड़ेगा। वह भरत के खड़ाऊं की तरह राम की प्रतीक्षा करने वाली मुख्यमंत्री बताई जाती हैं। मैं समझता हूं यह फूहड़ राजनीतिक परिकल्पना है। एक युवा काबिल सुशिक्षित मुख्यमंत्री को एडवेंचर के साथ काम करते देना भी तो आम आदमी पार्टी का मकसद होना चाहिए। केजरीवाल काफी दिन रह लिए और वैसे भी वह मुख्यमंत्री कहां हैं। अब तो राष्ट्रीय नेता बन रहे हैं। पंजाब जो दिल्ली से बड़ा प्रदेश है, जिसके मुख्यमंत्री को दिल्ली के मुख्यमंत्री से ज्यादा संवैधानिक अधिकार हैं। वह भगवंत सिंह मान केजरीवाल के सामने दोयम दर्जे के नेता हैं। यह तो असंगत संवैधानिक परिकल्पना है। फेडरल स्ट्रक्चर के खिलाफ है। अरविंद केजरीवाल राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। उन्हें उसका ही विकास करना चाहिए। छोटे मकान में आ जाएंगे। अपनी पुरानी नीले रंग की वैगन आर कार में शायद चलेंगे और बहुत कुछ करेंगे। करतब करने के लिए माहिर खिलाड़ी हैं, लेकिन शुद्ध राजनीति और संविधान के तकाजों के अनुसार आम आदमी पार्टी ने एक साहसिक फैसला किया है। आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर ऐलान करना चाहिए कि उनका बदलाव नहीं होगा। अरविंद केजरीवाल की कोई वसीयत नहीं है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर कि जिसे चाहे उसे दे सकते हैं।

यह संवैधानिक परंपराओं का उन्मूलन और अपमान है। आम आदमी पार्टी वैसे भी राजनीतिक आईडियोलॉजी की पार्टी नहीं है। वह तो केवल व्यवस्था और सहूलियतें देने के नाम पर आगे बढ़ने की बात करती है। यह पार्टी अजीब बात करती है। मानो मुख्यमंत्री की कुर्सी एक पोस्ट डेटेड ब्लैंक चेक है, जिसका नगदीकरण चाहे जब किया जाए। एक राजनीतिक पार्टी होने के नाते यह हिंदुस्तानी लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है कि संभावित काबिल मुख्यमंत्री को चुनाव के बाद जीतने पर इस तरह काम करने दिया जाए। वरना राजनीति का इतना व्यवसायीकरण हो गया है। वह भी तो एक तरह का कारपोरेटीकरण हो गया है नेताओं के अंगूठे के नीचे। युवा उम्र में महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों को संभालना कई नेताओं का अनुभव तो रहा है।

## एक नजर

### निजी स्कूलों में आरटीई से नि:शुल्क प्रवेश 1 दिसंबर से

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में निजी स्कूलों में आरटीई के तहत गरीब परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित 25 फीसदी सीटों पर अगले शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी। उप शिक्षा निदेशक (समग्र शिक्षा) डा. मुकेश कुमार सिंह के अनुसार1 दिसंबर से लेकर 27 मार्च 2025 तक चार चरणों में दाखिले की प्रक्रिया चलेगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) व खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय में अभिभावकों की मदद को हेल्प डेस्क बनेगी। इस बार अभिभावकों को सुनवाई का पूरा मौका दिया जाएगा और उनके फॉर्म में कमियों को हेल्प डेस्क की मदद से पूरा कराया जाएगा। वर्तमान शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए कुल 3.57 लाख बच्चों के आवेदन फार्म आए थे।

### महाकुंभ : स्नानार्थियों की सुरक्षा को हाईटेक इंतजाम

अमृत विचार, लखनऊ : महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के साथ स्नानार्थियों की सुरक्षा को हाईटेक इंतजाम किए जा रहे हैं। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद का कहना है कि मेला में घाटों की संख्या का विस्तार होने की वजह अब नदियों में आठ किलोमीटर लंबी डीप वाटर बैरिकेटिंग बनाई जाएगी। नदियों की सतह और जल के अंदर की सुरक्षा पीएसी और जल पुलिस को सौंपी गई है। डीआईजी पूर्वी जोन पीएसी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि पहली बार निगरानी के लिए अंडर वाटर ड्रोन लगाए जाएंगे। दुर्घटना के समय इस बार सोनार रेडियो तरंगों का उपयोग किया जाएगा। जलीय क्षेत्र में किसी भी आकस्मिक जरूरत में क्विक रिएक्शन के लिए पहली बार 25 वाटर स्कूटर की ब्रिगेड भी मौजूद रहेगी। इसके लिए 6 लाख 25 हजार की राशि स्वीकृत हुई है। इसके अलावा दो फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन भी बनेंगे। इन्हे संगम और वीआईपी घाट में बनाया जाएगा।

# एसटीएफ को सौंपना चाहिए भेड़िए को पकड़ने का जिम्मा

## सपा प्रमुख ने कहा, जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से बढ़ा जानवरों का आतंक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अखिलेश यादव

▸▸ भेड़िए के हमले में मृतक के परिवारीजन को 50-50 हजार, घायलों को 25-25 हजार रुपये सपा ने दिए

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जबसे भाजपा की सरकार बनी है तबसे जानवरों का आतंक बढ़ा है। सरकार अगर आदमखोर भेड़ियों को नही ढूंढ पा रही है तो ठोको नीति के तहत यह जिम्मेदारी एसटीएफ को सौंप देना चाहिए।

यह बात गुरुवार को सपा प्रमुख ने राज्य मुख्यालय में बहराइच के महसी क्षेत्र में भेडिया के हमलों में शोक संतप्त परिवारीजनों को आर्थिक सहायता देने के बाद कही। अखिलेश यादव ने भेडिया के हमलों में जान गवांने वाले 10 लोगों में, सात शोक संतप्त परिवारीजनों को 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी। घायलों को 25-25 हजार रूपये की मदद दी गई।

सपा प्रमुख ने आरोप लगाते हुए कहा कि मृतक के आश्रितों और घायलों को मदद देने में भी जाति-धर्म देखकर पक्षपात और भेदभाव किया जा रहा है। विशेष समुदाय के दो मृतक बच्चों का शव नहीं मिला है। मृतक बच्चों के परिवार को 10 लाख व घायलों को एक लाख रुपये की मदद और पूरे इलाज का खर्च सरकार को उठाना चाहिए।

### प्रदेश के मठाधीश मुख्यमंत्री है

अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि मैंने कभी किसी संत महंत सन्यासी पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अगर अपने ऊपर लेते हैं तो मैं यही कहूंगा कि वो हमारे मठाधीश मुख्यमंत्री हैं, जब से बीजेपी हारी है तब से उनकी भाषा बदल गई है। योगी के भस्मासुर वाले बयान पर कहा कि भाजपा अपने भष्मासुर को खोज रही है। माफियाओं के सवाल पर कहा,टॉप टेन सूची से पता चल जाएगा कि माफिया किस दल के साथ हैं।

# एससी-ओबीसी को शासन-प्रशासन में भागीदारी दिलाएंगे

## बसपा प्रमुख ने विधानसभा उपचुनाव में भाजपा से नाराजगी का फायदा उठाने पर दिया जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मायावती

▸▸ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक अपनी और पार्टी की पैठ मजबूत बनाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि पार्टी एससी-एसटी व ओबीसी को शासन-प्रशासन में समुचित भागीदारी दिलाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा उप चुनाव में भाजपा से जनता की नाराजगी का फायदा उठाकर बसपा जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पैठ मजबूत करने के निर्देश दिए।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को पदाधिकारियों की बैठक में बसपा प्रमुख ने पिछली बैठक में दिए-गए निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा व विपक्षी दल जनहित के ज्वलंत मुद्दों के बजाय सांप्रदायिक व जाति-बिरादरी पर आधारित संकीर्ण राजनीति कर रहे हैं। करोड़ों गरीबों, बेरोजगारों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों व अन्य मेहनतकश लोगों को राहत, सुविधा व सुरक्षा की काफी कमी है। अधिकतर मामलों में सरकारी वादे-दावे कागजी हैं। इस कारण आम जनता त्रस्त है।

### बिहार की घटना पर दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

बसपा प्रमुख ने बिहार के नवादा में दबंगों ने अनुसूचित वर्ग के लोगों के घरों को जलाने के दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि यह घटना अति दुखद व गंभीर है। सरकार को दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही पीड़ितों को पुन: बसाने की व्यवस्था के लिए पूरी आर्थिक मदद भी करनी चाहिए।

# ऊर्जा निगमों में चतुर्थ श्रेणी के मृत सेवकों के आश्रितों को नहीं मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

## उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने नियमावली-1975 में किया संशोधन, आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों में अब चतुर्थ श्रेणी में अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलेगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने सेवाकाल में मृत सेवकों के आश्रितों की नियमावली-1975 में संशोधन कर दिया गया है। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

पावर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी लोकेंद्र सिंह की ओर से जारी आदेश में निदेशक मंडल की ओर लिए गए निर्णय का उल्लेख किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब मृतक आश्रितों को तृतीय श्रेणी में नियुक्ति दी जाएगी। इनमें वेतन मैट्रिक्स लेवल-पांच ग्रेड पे 2600 के टेक्नीशियन, कार्यकारी सहायक व लेखा लिपिक के पद शामिल हैं।

इस आदेश में 2010 में हुए शासनादेश का उल्लेख किया गया है, जिसमें चतुर्थ श्रेणी के रिक्त होने वाले पदो के सम्बन्ध में केवल आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति की बात कही गई है। आदेश में कहा गया है कि मृतक कर्मी की मृत्यु के पांच साल के अंदर तृतीय श्रेणी पद पर नियुक्ति के लिए आवश्यक अर्हता पूरी करने पर ही नियुक्ति दी जाएगी। पावर कॉरपोरेशन को छोड़कर अनुकंपा पर नियुक्ति उसी इकाई में दी जाएगी, जहां पर मृत कर्मी सेवायोजित थे।

### दूसरे निगमों में सेवायोजन के लिए अध्यक्ष अधिकृत

मृतक आश्रित की कठिनाइयों को देखते हुए अन्य वितरण निगमों में सेवायोजन के लिए कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है। अनुकंपा नियुक्ति में सीधी भर्ती के समान एक माह का आधारभूत प्रशिक्षण व 11 माह की ऑन जॉब प्रशिक्षण यानी कुल एक साल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद दो साल की परिवीक्षा अवधि निर्धारित की गई है। तृतीय श्रेणी के जिन पदों पर टंकण अनिवार्य है, उसमें टंकण गति 25 शब्द प्रति मिनट अनिवार्य किया गया है। आदेश के तहत 25 जून 2015 तक नियमावली संशोधित मानी जाएगी। बाकी नियम व शर्तें पूर्व की तरह लागू रहेंगी।

### उत्पादन निगम में हो चुका फैसला

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम में अनुकंपा नियुक्ति में चतुर्थ श्रेणी में न किए जाने का फैसला करीब एक माह पहले ही हो चुका है। उत्पादन निगम के निदेशक मंडल की बैठक में फैसला लेते हुए इस तरह का आदेश जारी किया गया था। कॉरपोरेशन की तरह उत्पादन निगम में भी टेक्नीशियन, कार्यकारी सहायक व लेखा लिपिक पदों पर नियुक्ति का उल्लेख है।

# पुत्र के गिरफ्तार होते ही विधायक ने किया समर्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेटे के गिरफ्तार होते ही भदोही के सपा विधायक जाहिद जमाल बेग ने गुरुवार को न्यायालय में समर्पण कर दिया है। बताया जा रहा है कि वह नंगे पैर पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस कर्मियों और अधिवक्ताओं में जोरदार झड़प भी हुई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिबा खातून ने उन्हें 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

विधायक आवास पर किशोरी की आत्महत्या के बाद पुलिस ने पहले विधायक व उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। उसके बाद उनके बेटे जईम बेग को सहअभियुक्त बनाकर मकदुमपुर से गिरफ्तारी दिखाने के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बेटे के जेल जाने के बाद पांच दिनों से गायब विधायक ने कोर्ट में सरेंडर करने का फैसला किया। सपा विधायक पुलिस को चकमा देकर कोर्ट के अंदर प्रवेश कर गए। करीब 25 मिनट तक कोर्ट में रहे। इस बीच बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता विधायक के समर्थन में पहुंच गए और नारेबाजी की।

# सचिवालय कर्मियों ने बायोमेट्रिक हाजिरी के खिलाफ उठाई आवाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रमुख सचिव को ज्ञापन देकर कहा, मशीनी पहरेदारी से पड़ेगा कार्मिकों पर प्रतिकूल प्रभाव

**अमृत विचार :** बायोमेट्रिक हाजिरी की अनिवार्यता को लेकर सचिवालय कर्मी नाराज हैं। सचिवालय कर्मियों ने प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन से मुलाकात कर इस डिजीटल अटेडेंस पर सवाल खड़े किए हैं। इस दौरान कई ऐसे तर्क देकर यह साबित करने का प्रयास किया गया है कि सचिवालय का कामकाज पोस्ट ऑफिस, बैंक, या अन्य सरकारी कार्यालयों जैसा पब्लिक डिलिंग ऑफिस नहीं है जहां आमजन का अपने कार्य निस्तारण के लिए रोज जाना-आना रहता हो।

सचिवालय संघ के प्रतिनिधियों ने सचिवालय की कार्य प्रकृति को समीक्षात्मक बताते हुए मशीनी पहरेदारी से इसके कार्मिकों पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ने की आशंका जताई। उप्र. सचिवालय संघ के अध्यक्ष अर्जुन देव ने बताया कि बायोमेट्रिक हाजिरी में तो तकनीकी खामियां हैं ही इसका प्रतिकूल प्रभाव भी सचिवालय के कामकाज पर पड़ेगा। इस बीच, राज्य कर्मियों से जुड़े कई संगठन शुक्रवार को एक संयुक्त बैठक कर बायोमेट्रिक हाजिरी की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग पर चर्चा करेंगे और एक तार्किक ज्ञापन शासन को देने का निर्णय लिया जाएगा।

### मनमानी आवाजाही और छुट्टी पर लगेगा अंकुश

मानव संपदा पोर्टल से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को जोड़ने के लिए विशेष सचिव, सचिवालय प्रशासन गौरव वर्मा की ओर से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) के तकनीकी निदेशक दीपक शर्मा को पत्र भेज दिया है। इसके जरिए कर्मचारियों की रोज की हाजिरी और छुट्टी का प्रबंध होगा। यह सब कुछ सॉफ्टवेयर आधारित होगा। बिना आवेदन के छुट्टी लेने की कवायद पर अंकुश लगेगा। फील्ड के कर्मियों को ऑनलाइन टूर अप्लाई करना होगा और अधिकारी के अनुमोदन पर ही उसकी उपस्थिति दर्ज होगी। अन्यथा उसका वेतन कटेगा।

# पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की जमानत पर फैसला आज

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दुष्कर्म मामले में मिली थी उम्रकैद जमानत पर 10 सितंबर को कोर्ट ने सुरक्षित किया था फैसला

**अमृत विचार :** दुराचार के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की जमानत पर फैसला शुक्रवार को दोपहर एक बजे होगा। आएगा। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान की हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गायत्री प्रजापति के साथ-साथ आशीष कुमार शुक्ला व अशोक तिवारी के जमानत प्रार्थना पत्र भी 10 सितम्बर को फैसला सुरक्षित कर लिया था।

अभियुक्तों की ओर से मामले के तथ्यों के साथ-साथ मुख्य रूप से उनके द्वारा जेल में बिताई गयी अवधि को भी जमानत का आधार बताया गया है। वहीं राज्य सरकार ने बहस के दौरान जमानत दिये जाने का विरोध किया है। हालांकि गायत्री कई आपराधिक मामलों में जेल में निरुद्ध है लेकिन उसके खिलाफ दर्ज यह मामला सबसे संगीन माना जाता है।

18 फरवरी, 2017 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति व अन्य छह अभियुक्तों के खिलाफ थाना गौतमपल्ली में गैंगरेप, जानमाल की धमकी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश पीड़िता की याचिका पर दिया था। पीड़िता ने गायत्री प्रजापति व उनके साथियों पर गैंगरेप का आरोप लगाते हुए अपनी नाबालिग बेटी के साथ भी जबरन शारीरिक संबध बनाने का आरोप लगाया था। 18 जुलाई, 2017 को पॉक्सो की विशेष अदालत ने इस मामले में गायत्री समेत सभी सात अभियुक्तों विकास, आशीष, अशोक, अमरेंद्र, चंद्रपाल व रुपेश्वर के खिलाफ आरोप तय किया था। साथ ही गायत्री, विकास, आशीष व अशोक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 5जी/6 के तहत भी आरोप तय किया था। 12 नवम्बर 2021 को सत्र अदालत ने गायत्री, आशीष शुक्ला व अशोक तिवारी को उम्र कैद की सजा सुनाई, जबकि बाकी आरोपियों रूपेश्वर, चंद्रपाल, विकास वर्मा व अमरेंद्र सिंह उर्फ पिंटु सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था।

### मिली जमानत हाईकोर्ट ने की थी खारिज

मामले में 25 अप्रैल 2017 को गायत्री व दूसरे अभियुक्तों को पॉक्सो कोर्ट ने जमानत दे दी थी। हालांकि राज्य सरकार ने 28 अप्रैल 2017 को ही हाईकोर्ट में उक्त जमानत आदेश को चुनौती दे दी, जिस पर हाईकोर्ट ने उसी दिन सुनवाई करते हुए, 25 अप्रैल 2017 के उक्त आदेश पर रोक लगा दी। बाद में हाईकोर्ट ने ट्रायल विचाराधीन रहने के दौरान गायत्री की ओर से दाखिल जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया था।

# कई जिलों में अब भी पानी खतरे के निशान पर, राहत-बचाव जारी

**अमृत विचार , लखनऊः** प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित जिलों में चल रहे सरकारी राहत ओर बचाव कार्यों के बीच कई स्थानों पर अब भी पानी खतरे के निशान से ऊपर है।

गंगा, यमुना, सरयू, कर्मनाशा, घाघरा, राप्ती में आयी बाढ़ से अलग-अलग जिलों जिलों में लोग प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावित परिवारों के लिए एक तरफ जहां सेंटर होम खोले गए हैं और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया गया है, वहीं दूसरी तरफ पशुओं के लिए रहने की व्यवस्था भी सरकारी तंत्र ने कर रखी है। साथ ही राशन किट का वितरण भी किया जा रहा है।

# 2027 में बनने वाली सरकार का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एक राष्ट्र-एक चुनाव व्यवस्था लागू होने पर यहां 2 वर्ष में दो बार विधानसभा के चुनाव होंगे

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में साल 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद जिस भी राजनीतिक दल की सरकार बनेगी, उसकी उम्र दो साल की ही होगी। दरअसल, एक राष्ट्र-एक चुनाव की व्यवस्था लागू होने पर यहां दो साल के भीतर दो बार विधानसभा के चुनाव होंगे। उप्र. में इससे पूर्व साल 1991 व 1996 में भी लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराए गए थे।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के मुताबिक, रामनाथ कोविंद समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा है कि साल 2024 के बाद देश में जिस भी राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे, उसका कार्यकाल 2029 में लोकसभा के कार्यकाल के साथ ही समाप्त हो जाएगा। इस तरह उप्र. में अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होगा। उसके बाद वर्ष 2029 में मध्यावधि चुनाव कराने होंगे। कोविंद समिति की सिफारिशों में लोकसभा चुनाव के 100 दिन बाद स्थानीय निकायों के चुनाव का भी सुझाव है।

# एक करोड़ हुई प्रदेश में भाजपा के सदस्यों की संख्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश भाजपा की टीम ने देश में अव्वल स्थान बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को एक करोड़ का आंकड़ा भी छू लिया। अभी भी पुरानी सदस्यता के साथ 1.62 लाख पोलिंग बूथों पर 3 करोड़ 24 लाख नए सदस्य बनाने की चुनौती है।

देशभर में एक सितंबर से चल रहे भाजपा के सदस्यता अभियान में आगे निकलने की होड़ सभी राज्यों में मची हुई है। इसमें उप्र सबसे आगे है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व सदस्यता प्रभारी गोविंद पांडेय कहते हैं कि दो दिन पहले मंगलवार को 82 लाख सदस्य बने थे, जबकि प्रतिस्पर्थी माहौल बनाने से 11 लाख सदस्य एक दिन में बने और संख्या 93 लाख पहुंच गई।

| जनपद | संख्या |
|---|---|
| अमरोहा | 1,45,727 |
| हरदोई | 1,45,064 |
| लखनऊ महानगर | 1,43,160 |
| बुलंदशहर | 1,38,778 |
| आगरा महानगर | 1,21,771 |
| कुशीनगर | 1,18,522 |
| उन्नाव | 1,16,443 |
| सहारनपुर जिला | 1,09,472 |
| गाजियाबाद महानगर | 1,06,619 |
| बहराइच | 1,05,828 |

### महानगरों में लखनऊ व जिलों में अमरोहा अव्वल

भाजपा ने जिलों और महानगरों में सदस्यता की टॉप टेन सूची जारी की है। इसमें अमरोहा जिला सबसे आगे हैं, जबकि महानगरों में लखनऊ टॉप पर है। हालांकि ओवर आल टॉप टेन में लखनऊ महानगर तीसरे स्थान पर है। प्रदेश के 75 जिलों में अमरोहा, हरदोई, बुलंदशहर, कुशीनगर, उन्नाव सहारनपुर और बहराइच ही टॉप टेन सूची में क्रमश: शामिल हैं।. महानगरों में बरेली, अयोध्या, कानपुर, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन और शाहजहांपुर का नाम तक नहीं है।

## वर्ग पहेली-197

**बाएं से दाएं**

3.1. जनसाधारण की नि:स्वार्थ सेवा 2. सरकारी नौकरी।

5.1. एक प्रकार का बड़ा हुक्का, गुड़गुड़ी 2. पुरानी चाल की बंदूक का एक पुरज़ा।

7.1. आज्ञा, आदेश 2. हिदायत या सलाह देना 3. किसी को ठीक रास्ता बतलाना, पथ प्रदर्शन 4. मुशायरों के दौरान गायक द्वारा शेर पेश करने के लिए श्रोताओं द्वारा प्रयुक्त अनुमति सूचक शब्द।

8. निचली मिट्टी।

**ऊपर से नीचे**

1.1. दीया

2.1. ज़बरदस्त 2. बहुत बड़ा या विशाल।

3. जनकल्याण, जनता की भलाई।

4. लोहे आदि की बनी मज़बूत अलमारी जिसमें व्यक्ति रुपया आदि रखता है

6.1. भरे हुए शरीरवाला 2. कोमल, मुलायम।



### वर्ग पहेली -196 का हल




## सुडोकू -110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 1 | | 2 | | |
| 7 | 5 | | 8 | | | | 1 | |
| | | 6 | | 9 | | | | 3 |
| | | | 7 | | 5 | | 8 | |
| 2 | | 8 | | | | 3 | | 7 |
| | 4 | | 3 | | 1 | 6 | | |
| 9 | | | | 7 | | 8 | | |
| | 6 | | | | 2 | | 4 | 1 |
| | | 5 | | 3 | | | | 6 |

### सुडोकू - 109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 | 1 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 4 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 8 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 21.15 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्विनी 21 सितंबर 02.43 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष:** आज का दिन विशेष रूप से लाभप्रद रहेगा। अपने रुके हुए प्रोजेक्ट्स को पुन: शुरू कर सकते हैं। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। माताजी की सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

**वृष:** आज व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन का पालन करें। शुभचिंतकों से व्यवहार खराब हो सकते हैं। थायराइड के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। यदि आपको किसी वस्तु या आदत की लत है तो उससे दूरी बनाकर रखें।

**मिथुन:** आज विवादों को संवाद के माध्यम से सुलझाने में सफलता मिलेगी। उच्च शिक्षा में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। विद्यार्थियों को करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। घर में पकवानों का आनंद उठाएंगे।

**कर्क:** आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पुरुष जातकों का महिलाओं के प्रति व्यवहार बहुत अच्छा रहेगा। परिवार के लोग आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रेरणा लेंगे।

**सिंह:** आज वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को हितशत्रुओं से सावधान रहना चाहिए। सुबह कोई शुभ सूचना मिल सकती है। रिश्तेदारों से अपना व्यवहार अच्छा रखें, लेकिन अपनी भावी योजनाओं पर चर्चा करने से बचें।

**कन्या:** आज आपको शांत रहने की आवश्यकता है। संयुक्त परिवार में थोड़ी खिटपिट हो सकती है। बच्चों का व्यवहार कुछ उद्दंड हो सकता है। जीवनसाथी की सलाह को अनसुना न करें। व्यवसाय में अनावश्यक व्यय हो सकता है।

**तुला:** आज अस्त-व्यस्त चीजों को व्यवस्थित करने की कोशिश करेंगे। शत्रुओं पर आप विजय प्राप्त करेंगे। कार्यक्षेत्र की परिस्थितियां आपके अनुकल रहेंगी। गुरुजनों की सलाह आपको काफी काम आएगी। युवा उत्सव के मूड में रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में कुछ नए प्रयोग कर सकते हैं। समाज में आपका दबदबा बढ़ेगा। घर में आप काफी व्यस्त रहेंगे। सुबह सेहत कुछ नरम रहेगी। स्वयं को फिट रखने के लिए अपनी जीवनशैली में योग और सात्विक आहार को अवश्य शामिल करें।

**धनु:** आज ज्यादा सोच-विचार करने से महत्वपूर्ण अवसर निकल सकते हैं। विद्यार्थी उच्च अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। बच्चों के करियर को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आपके मन में नए व रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे।

**मकर:** आज लोग आपसे काफी अपेक्षाएं रखेंगे। अपने आसपास के लोगों के साथ संबंध अच्छे रखें। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। आप कुछ चिड़चिड़े से हो सकते हैं। घर से दूर जॉब कर रहे लोगों को छुट्टी लेने में परेशानी सकती है।

**कुंभ:** आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। व्यापार में अनुभवी लोगों की सलाह लेना उत्तम होगा। अपने आदर्शों पर अडिग रहें। आय के नए स्रोत विकसित करने में सफलता मिलेगी।

**मीन:** आज किसी जरूरी काम को लेकर अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। दूसरों की सहायता करने के चक्कर में अपने हितों की अवहेलना न करें। आप मानसिक रूप से थोड़ा परेशान हो सकते हैं। नया कर्ज लेने से आपको बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- दरार — सुबह : 09.00
- रंग — शाम : 06.00

&pictures
- घूमर — सुबह : 10.50
- सजनी शिंदे का वायरल वीडियो — रात : 08.00

SONY PIX
- जिओ स्ट्राम — सुबह : 11.03
- जॉन विक : चैप्टर 3 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- अंतिम — सुबह : 11.29
- सूर्यवंशी — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- प्लेयर्स — सुबह : 10.16
- आदमी — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा, क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे।
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

# क्रॉसिंग बंद होने से लग रहा जाम, परेशानी

## मुंशीगंज के व्यापारियों की बढ़ीं मुश्किलें, सड़क की दशा भी खराब

संवाददाता, रायबरेली



क्रासिंग बंद होने से लगा जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लखनऊ-प्रयागराज रेलमार्ग पर ट्रेन के आवागमन से बार मुंशीगंज क्रॉसिंग बंद होने के कारण जाम की समस्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। मुंशीगंज में तीन स्थानों पर क्रॉसिंग है। मुख्य डलमऊ मार्ग पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके कारण इस पर आवागमन बंद है। ज्यादातर लोग पहले वाले क्रासिंग से ही निकलते हैं। इसी मार्ग पर एम्स होने के कारण दिनभर मरीजों और तीमारदारों का भी आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद दरियापुर के पास स्थित क्रॉसिंग की बदहाल सड़क को दुरुस्त कराना किसी ने उचित नहीं समझा। इसके चलते वाहनों का पूरा भार इसी क्रॉसिंग पर आ जा रहा है।

यह जाम अमूमन हर दिन देखने को मिलता है। कभी-कभी तो वाहनों की इतनी लंबी कतार लग जाती है कि लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम में स्कूल बस, रोडवेज सब फंसे रहते हैं। खास बात यह है कि यहां पर यातायात पुलिस का कोई कर्मचारी नहीं रहता है।



दिनेश सोनी

### जाम का झाम

स्थानीय व्यापारी विरेन्द्र अग्रहरि और दिनेश सोनी का कहना है कि अफसर कुछ सुनने को तैयार नहीं है। सबसे अधिक दिक्कत तो एम्स में आने वाले रोगियों को होती है। क्रॉसिंग बंद होने से गंभीर रोगियों के जान पर बन आती है। इसके बावजूद किसी को मानो कोई फर्क ही नहीं पड़ता है। सभी ने डीएम से उचित कदम उठाने की मांग की है।



विरेन्द्र अग्रहरी

# खस्ताहाल सड़क की नहीं बदल सकी तस्वीर

## महराजगंज-इन्हौना वाया मऊ मार्ग का मामला, ठेकेदार की लापरवाही पड़ रही भारी

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली



जर्जर मार्ग से गुजरने को मजबूर राहगीर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पिछले दस वर्षों से महराजगंज-इन्हौना वाया मऊ मार्ग की जर्जर एवं जानलेवा सड़क से गुजरने को राहगीर मजबूर हैं। उदासीन अफसरों पर क्षेत्रवासियों द्वारा किए गए अनशन तक का असर नहीं पड़ा। हाल यह है कि लंबे अरसे से की जा रही निर्माण कराने की मांग पूरी होने की खुशी ठेकेदार द्वारा सुस्त रफ्तार से सड़क निर्माण कार्य कराए जाने के चलते निराशा में तब्दील होती दिखाई पड़ रही।

बताते चलें कि लोक निर्माण विभाग के अधीन महराजगंज से इन्हौना रोड स्थित तिवारीपुर 17 किमी सड़क निर्माण के लिए 36 करोड़ की धनराशि मार्च माह में शासन द्वारा निर्गत की गयी। जिसका टेंडर विभाग द्वारा जून माह में किया गया। दो माह बीतने के बावजूद विभाग कार्य की अनदेखी करते हुए ठेकेदार को संरक्षण दिए नजर आ रहा है। मालूम हो कि ठेकेदार द्वारा दो माह बीतने के बावजूद इस मार्ग पर स्थित पूरे रानी के पास मात्र 400 मीटर आरसीसी सड़क का निर्माण ही करा सका है। विगत 15 दिनों से यह निर्माण कार्य भी पूरी तरह बंद एवं आधा-अधूरा पड़ा नजर आ रहा। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के चलते महराजगंज से मऊ मार्ग पर वर्षा के चलते पानी से लबालब भरे गड्ढों पर चलना जोखिम साबित हो रहा है, जिसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की गयी। जिस पर भी विभाग द्वारा इन गड्ढों का समतलीकरण नहीं कराकर राहगीरों और प्रतिदिन स्कूल जाने वाले बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मामले में ठेकेदार आशीष सिंह ने बताया कि बारिश में कार्य बाधित रहा। एक सप्ताह में कार्य शुरू करा दिया जाएगा। वहीं लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन महिपाल सिंह ने कहा कि ठेकेदार को गड्ढे बराबर कराने के लिए पूर्व में ही कहा गया हैं। इस बाबत लिखा पढ़ी की जाएगी।

## एक नजर

### जंगली जानवर के हमले में चार बकरियां घायल, दहशत

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। नसीरबाद थाना क्षेत्र में बीती रात जंगली जानवर के हमले से चार बकरियां घायल हो गईं। बकरियों के चिल्लाने पर लोग दौड़े तो जानवर भाग गया। सुबह सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जंगल में खोजबीन की, पर कहीं पता नहीं चला। वहीं ग्रामीणों में दहशत है। पूरे बैजनाथ मजरे भुआलपुर सिसनी गांव निवासी संतोष कुमार व संतराम के घर के बाहर बरामदे में बकरियां बंधी थीं। लोगों का कहना है कि बीती रात लगभग दो बजे किसी जानवर ने बकरियों पर हमला कर दिया। लोगों ने लाठी लेकर दौड़ाया तो एक जानवर संतराम के पुत्र सनीश की तरफ मुड़ा तो उसने किसी तरह भागकर जान बचाई। जंगली जानवर के हमले में संतोष व संतराम की दो-दो बकरियां घायल हुई हैं। थानाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने बताया कि सूचना पर हल्का इंचार्ज को भेजा गया था।

### ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली। जगतपुर थाना क्षेत्र के गांव टीकर अगाची पुर निवासी नसीबद्दीन का कहना है कि उन्होंने अपने बेटी सकीना बानो की शादी ऊंचाहार के सवैया धनी गांव निवासी से पांच माह पूर्व की थी। शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज में पचास हजार रुपये और देने को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित करने लगे। उसने कई बार उन्हें समझाने का प्रयास किया। किंतु ससुराल वाले अपनी जिद पर अड़े रहे। इस बीच उसकी बेटी को बुरी तरह प्रताड़ित किया गया, जिससे परेशान होकर उनकी बेटी अपने मायके चली आई। गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर पीड़ित ने मामले की लिखित तहरीर दी है।

# किशोरी को लेकर प्रेमी फरार साथी के साथ किया दुष्कर्म

## घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को दी घटना की जानकारी

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** एक युवक गांव की किशोरी को अपने प्रेमजाल में फंसाकर शहर भगा ले गया, जहां उसने अपने साथी के साथ मिलकर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया। किसी तरह घर पहुंची किशोरी ने पूरी बात परिजनों को बताई है।



मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी पिछले सप्ताह अपने गांव के प्रेमी युवक के साथ भाग गई थी। किशोरी को पुलिस ने बुधवार को कानपुर के विजय नगर चौराहा से बरामद किया है। किशोरी के पिता ने बताया कि युवक उसकी पुत्री को पिछले एक साल से बहला फुसला रहा था। उसे लेकर उसने अपने दोस्त के साथ फरीदाबाद शहर भेज दिया था, जहां पर युवक और उसके दोस्त ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। ये क्रम कई दिन तक चलता रहा। मामले की शिकायत पुलिस से की गई तो पुलिस के दबाव बनाने पर उसकी पुत्री को कानपुर लाया गया था। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में दी गई तहरीर ने लिखा है कि उसकी पुत्री ने उसे सामूहिक बलात्कार की बात बताई है। उसने युवक और उसके साथी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी अपने प्रेमी के साथ भाग गई थी, उसे बरामद कर लिया गया है। उसके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया जा रहा है।

# सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो बनाकर कर रहे ब्लैकमेल

संवाददाता, जगतपुर, रायबरेली

▸▸ पुलिस अधीक्षक से पीड़िता ने की शिकायत

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप कर आरोप लगाया है कि एक युवक ने उसे शादी का झांसा देकर दोस्तों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बनाकर अब वायरल करने की धमकी दे रहा है।

थाना क्षेत्र की एक गांव की रहने वाली युवती ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद अश्लील वीडियो की वायरल करने की धमकी देते हुए लालगंज में ले जाकर अपने अन्य दोस्तों के संग कमरे में सामूहिक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं अब अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरन संबंध बनाने का दबाव बना रहे हैं। तंग आकर इसके पूर्व थाने में शिकायत की थी। लेकिन भ्रजगतपुर थानेदार ने कार्रवाई नहीं की गई। जिसकी वजह से पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत सीओ डलमऊ अरुण कुमार नौहवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है।

▸▸ अर्जुन पासी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे सपा के प्रदेश अध्यक्ष

# पीड़ित परिवार को दिया एक लाख का चेक

संवाददाता, परशदेपुर, रायबरेली



पीड़ित परिवार को एक लाख का चेक सौंपते प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल।

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने अर्जुन पासी हत्याकांड के पीड़ित परिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव की तरफ से भेजी गई एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। प्रदेश अध्यक्ष ने जुल्म और अत्याचार के विरुद्ध सभी से लामबंद होने का आह्वान किया।

बीते 11 अगस्त को नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पिछवरिया में 21 वर्षीय युवक अर्जुन पासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मंडल ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया था और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया था। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल पिछवरिया गांव पहुंचे और अर्जुन पासी की मां दुलारा व पिता बेंचूलाल को एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती, आरपी यादव, सुरेश चौधरी, पुत्तन यादव, भूपेन्द्र सिंह, अभिषेक यादव, राम भवन यादव आदि मौजूद रहे।

# स्कूल में सहपाठी ने बच्चे के गले पर ब्लेड से किया प्रहार

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली



घायल बच्चा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्कूल में 5 साल के छात्र के गले पर उसके साथी छात्र ने ब्लेड से हमला कर दिया। इससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

मामला ऊंचाहार कस्बा स्थित एक निजी स्कूल का है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गुजर का पुरवा मजरे कंदरावा निवासी राम शंकर का 5 साल का बेटा वहां पर पढ़ता है। गुरुवार की सुबह वह स्कूल आया था। दोपहर बाद जब स्कूल में छुट्टी हुई तो उसके किसी साथी बच्चे ने उसके गले पर ब्लेड से वार कर दिया, जिससे उसके गले से रक्त की धारा बहने लगी। इसकी सूचना छात्र के पिता को रिक्शा चालक ने दी। उसके बाद परिजन भागकर ऊंचाहार पहुंचे और छात्र को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि छात्र के गले में ब्लेड से वार किया गया है। उसका इलाज किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### डीएम ने ऊंचाहार और छतोह बीडीओ का रोका वेतन

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला पोषण/निगरानी समिति की बैठक बचत भवन में की। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत पोषण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रगति जानी। जिलाधिकारी ने विकासखंड छतोह एवं ऊंचाहार में कार्य असंतोषजनक व कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर बीडीओ छतोह व ऊंचाहार के वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण अभियंता विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्युतीकरण की प्रगति जानी। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर हैंडपंप लगवाने, शौचालय को पूर्ण करने तथा बेबी टॉयलेट बनाने एवं केंद्रों पर वजन मशीन खरीदने की सूची तैयार करने और हॉटकुक्ड मिल योजना अंतर्गत बर्तन खरीदने के लिए निर्देश दिए। बैठक में जिला पोषण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### मछली पकड़ने गए ग्रामीण का नदी में मिला शव

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। मछली पकड़ने गए ग्रामीण का शव सई नदी में बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीह थाना क्षेत्र के शादीपुर कोटवा निवासी रामफल (45 वर्ष) बुधवार को अचानक से लापता हो गया था। परिजनों द्वारा खोजबीन की गई लेकिन उसका पता नहीं चला। गुरुवार को उसका शव झारखंडेश्वर मंदिर के पास नदी में मिला है। कुछ लोगों का कहना है कि मृतक शौच के लिए गया था। जबकि कुछ लोग बता रहे कि मछली पकड़ने अक्सर वो नदी पर जाता था। वहीं पर नदी में डूब गया होगा। मृतक की पत्नी व 6 बच्चे हैं। सूचना पाकर पहुंचे डीह थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि नदी पर जाने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### पंचायत भवन का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का सामान पार कर दिया। मामले की जानकारी ग्रामीणों को सुबह हुई। ग्राम प्रधान की इसकी लिखित तहरीर कोतवाली में दी है। मामला क्षेत्र के ग्राम पंचायत सवैया राजे का है। गांव में पंचायत भवन आबादी से बाहर बना हुआ है। बुधवार की रात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़ डाला। पंचायत भवन में लगे सोलर पैनल, सीसीटीवी कैमरा, इनवर्टर सेट, डीवीआर, कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, जरूरी सरकारी दस्तावेज, कुर्सी, फर्नीचर आदि उठा ले गए। गुरुवार की सुबह जब लोग सोकर उठे तो उन्हें मामले की जानकारी हुई। उसके बाद ग्राम प्रधान ने कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत भवन से सरकारी दस्तावेज गायब होना संदेहजनक है। इसकी जांच कराई जा रही है।

### श्रम विभाग का कार्यालय नहीं होने से लोग परेशान

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। बछरावां क्षेत्र में व्यापारियों और मजदूरों की तमाम शिकायतों के बावजूद उनके निराकरण के लिए श्रम विभाग का कार्यालय न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र को लोगों ने जिलाधिकारी से श्रम विभाग का ऑफिस खोलने की मांग की है। बछरावां क्षेत्र के मजदूरों तथा व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगभग कई वर्ष पूर्व एक कार्यालय था। परंतु वहां पर बिल्डिंग गिर जाने के बाद से अभी तक श्रम विभाग का ऑफिस नहीं बन पाया है। व्यापारियों ने बताया कि यदि उनकी कोई समस्या होती है तो उसके निराकरण के लिए रायबरेली मुख्यालय जाना पड़ता है। वहीं मजदूरों में भी यदि कोई घटना दुर्घटना या उनसे संबंधित किसी प्रकार की कोई शिकायत है तो यहां पर कार्यालय न होने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बछरावां में श्रम विभाग विभाग का ऑफिस खोला जाए, जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं उनकी परेशानियों को यहीं से निराकरण किया जा सके।

### ब्लाक दिवस में पसरा रहा सन्नाटा

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। योगी सरकार योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास तो कर रही है लेकिन उन्हीं के अधिकारियों द्वारा योजनाओं का प्रचार-प्रसार न करते हुए समाधान दिवस को मजाक बना कर रख दिया है। बुधवार को विकासखंड में आयोजित समाधान दिवस में 53 गांवों से मात्र दो शिकायतें आई। इस दौरान एडीओ कॉपरेटिव अरुण कुमार, एडीओ आईएसबी धनेंद्र सिंह, एपीओ राजीव त्यागी, ग्राम विकास अधिकारी वैभव मिश्रा, आदित्य कुमार, सर्वोत्तम सिंह, अरुण कुमार, महेंद्र शुक्ला, अतुल कुमार सहित सभी सचिव मौजूद रहे। वहीं इस मामले में बीडीओ वर्षा सिंह ने बताया कि गांवों में प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं फरियादियों के संबंध में उन्होंने बताया कि हर दिन मेरे द्वारा फरियादियों की समस्या का निस्तारण किया जाता है, इस वजह से ब्लॉक दिवस में फरियादियों की कमी रहती है।

### दुकान पर गिरा पेड़, 20 हजार का नुकसान

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। कस्बे में गुरुवार को अचानक से महुआ का पेड़ नाई की दुकान पर गिर पड़ा। गनीमत रही कि दुकान बंद थी, जिससे किसी को चोट नहीं आई। परशदेपुर के साकेतनगर चौराहे पर रामलीला मार्ग में जिल्ला बाजार मुहल्ले निवासी मुईन का खोखा है, जहां पर वो बाल काटने का कार्य करता है। बताते हैं कि बगल में ही जल जीवन मिशन के तहत सड़क के किनारे पाइप डालने के लिए खुदाई की गई है। उसमें बारिश का पानी भर जाने से गुरुवार सुबह अचानक से महुआ का पेड़ गिर गया। हालांकि दुकान बंद होने से किसी को चोट नहीं आई लेकिन दुकानदार का करीब 20 हजार रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।

# भाजपा से जुड़ने का किया आह्वान



सीएमपीएस स्कूल में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते पार्टी नेता। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी और जिला सदस्यता प्रमुख देवेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में संगठन सदस्यता का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला सदस्यता प्रमुख देवेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक 50 हजार लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ चुके हैं। सभी लोगों से भाजपा की सदस्यता का टोल फ्री नंबर 8800002024 में मिस्ड कॉल मारकर भाजपा से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर दीप प्रकाश शुक्ला, सुशील शुक्ला, सुशील शुक्ला, राम जी शुक्ला, दिलीप शुक्ला, संतोष कुमार, रवि पंडित आदि मौजूद रहे।

# नाले में गिरकर युवक की मौत

डीह, रायबरेली, अमृत विचार। पुल पर बैठा युवक नाले में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के पूरे बक्सी मजरे मऊ निवासी पवन सिंह बुधवार की शाम बछऊ बाबा पुल पर बैठा था। तभी पुल से नाले में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# प्रशिक्षण में बच्चों ने सीखा अनुशासन

## बैसवारा पीजी कॉलेज में रोवर्स एवं रेंजर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली



प्रशिक्षण शिविर में छात्रा को प्रमाणपत्र देते रोवर्स प्रभारी डॉक्टर केके दीक्षित।

**अमृत विचार।** बैसवारा डिग्री कॉलेज में रोवर्स एवं रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतिम दिन टेंट पिचिंग, कुकिंग और दीक्षा कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व चीफ प्रॉक्टर एवं पूर्व रोवर्स प्रभारी प्रोफेसर महादेव सिंह ने कहा कि सुशिक्षा ही सभी समस्याओं का निदान है, जिसके द्वारा हम अपने जीवन के उद्देश्य में सफल हो सकते हैं।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शीला श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के पश्चात सभी के चेहरे पर मुस्कान दिखाई पड़ रही है, जो इस बात का प्रमाण है कि आपने शिविर में अच्छे संस्कार सीखे हैं। महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन महाविद्यालय में निरंतर होते रहना चाहिए, जिससे छात्र एवं छात्राओं की सीखने की जिज्ञासा की पूर्ति हो। मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि दीक्षा कार्यक्रम भी संपादित किया गया। रोवर्स प्रभारी डॉ. केके दीक्षित ने दीक्षा बैच, मेडल प्रमाण पत्र, देकर सम्मानित किया।

# विद्यालय के बाहर खड़े रहे नौनिहाल, रोष

## बेसिक शिक्षा विभाग के लचर रवैये का फायदा उठाकर देर से पहुंच रहे शिक्षक

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली




विद्यालय का गेट बंद होने से बाहर खड़े बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय इशिया में सुबह 7:45 तक विद्यालय का गेट नहीं खुला। मजबूरन बच्चे धूप में गेट के बाहर खड़े रहे। इस लापरवाही से अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त है।

क्षेत्र के इशिया गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में 7:45 तक विद्यालय का गेट नहीं खुला। इस दौरान भारी संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंच चुके थे। गेट का ताला ना खुलने से मजबूरन उन्हें काफी देर तक बाहर खड़ा रहना पड़ा। जब स्कूल के बच्चों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी गेट का ताला नहीं खुला है। इसलिए बाहर खड़े हैं। विद्यालय की ओर से बरती जा रही इस लापरवाही से अभिभावकों में आक्रोश रहा। उधर प्राथमिक विद्यालय मलकिया रानीखेड़ा सुदौली में भी सुबह 8:10 तक विद्यालय में कोई भी शिक्षक नहीं पहुंचा, जबकि यहां पर चार शिक्षक तैनात हैं।

यहां के प्रधानाध्यापक का कहना है कि वह बच्चों के पेपर का सामान लेने गए थे। इस वजह से आने में विलंब हो गया, जबकि अन्य शिक्षकों का कहना है कि रास्ता खराब होने के कारण पहुंचने में विलंब हो गया है। इस बारे में यहां के खंड शिक्षा अधिकारी से बात की गई थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद सच्चाई मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# उचक्कों ने उड़ाया व्यापारी का रुपयों से भरा बैग

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

▸▸ पीड़ित ने लालगंज थाने में दर्ज कराया मामला

**अमृत विचार।** नगर के एक प्रतिष्ठान सोनू जनरल स्टोर, निकट देना बैंक लालगंज के काउंटर से सामान लेने आए व्यापारी का रुपयों से भरा बैग उचक्कों ने पार कर दिया है। पीड़ित व्यापारी ने मामले की शिकायत लालगंज पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सेमरपहा के व्यापारी संजय कुमार अपनी दुकान के लिए सामान खरीदने के लिए लालगंज आया था। वह सोनू जनरल स्टोर के काउंटर पर बैग रखकर सामान निकालने लगा। तभी वहां एक अज्ञात व्यक्ति ने पहुंचकर बैग को उठा लिया। वह जब तक कुछ समझ पाता युवक बैग लेकर दूसरे बाइक सवार के साथ फरार हो गया। बैग में लगभग 25 हजार रुपये और 10 हजार के राजश्री और सिग्नेचर गुटका पान मसाला के कूपन थे।

व्यापारी हिमांशु गुप्ता की सूचना पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा अपनी टीम के साथ व्यापारी के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। पीड़ित व्यापारी को लेकर लालगंज थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की खोजबीन कर रही है।

# खालीसहाट के शिवमंदिर का होगा कायाकल्प

## जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, नगर विकास विभाग की वंदन योजना से 33 लाख होंगे खर्च

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर के खालीसहाट मोहल्ला स्थित शिवमंदिर का सुंदरीकरण होगा। इसको लेकर शासन की ओर से 33 लाख रुपये खर्च करने की अनुमति मिल गई है। गुरुवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने एसपी डॉ. यशवीर सिंह के साथ मंदिर स्थल का निरीक्षण किया। मौजूद एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ और ईओ स्वर्ण सिंह को बेहतर तरीके से कार्य कराने के निर्देश दिए।


शिवमंदिर का निरीक्षण करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि शिव मंदिर का 33 लाख से कायाकल्प होगा। यह नगर विकास विभाग की वंदन योजना के तहत किया जाएगा। जिले के प्राचीन स्थल को सजाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मंदिर 125 वर्ष पुराना है। महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने बताया कि शहर के सभी प्रमुख स्थलों को संवारने के साथ ही साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी कीमत पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### निर्माणाधीन आवासीय भवनों को भी देखा

**महराजगंज, रायबरेली।** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस चौकी चंदापुर में यूपीपीसीएल द्वारा निर्माणाधीन टाइप- 2 के 10 आवासीय भवन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता संजीव कुमार को निर्देशित किया कि कार्य को गुणवत्तापूर्ण ससमय पूरा किया जाए। कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव, यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता संदीप कुमार और अवर अभियंता विनय वर्मा मौजूद रहे।

# लापता युवक का बाग में लटकता मिला शव

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र बखतखेर मजरे मोन गांव निवासी राजनरायन का पुत्र सर्वेश (18) बुधवार शाम को घर से बिना बताए कहीं चला गया। युवक का शव दूसरे दिन गांव से ही पांच सौ मीटर दूर बाग में आम के पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


सर्वेश

कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। प्रथमदृष्टया आत्महत्या ही बताई जा रही है।

### मछली पकड़ने गया किशोर नदी में डूबा

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सूची चौकी अंतर्गत नायन गांव निवासी करन पुत्र श्याम लाल अपने दोस्तों के साथ देर शाम मछली पकड़ने सई नदी गया हुआ था। मछली पकड़ने के दौरान अचानक किशोर नदी में डूब गया। सूचना पर पहुंची सूची चौकी पुलिस गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश कर रही है। लेकिन सफलता नहीं मिली। सूची चौकी इंचार्ज प्रिंस सोनकर ने बताया कि नदी में पानी का तेज बहाव और रात होने की वजह से अभी तक किशोर का कुछ पता नहीं लग सका है।

### तर्पण

#### ईमानदारी और मेहनत की मिली प्रेरणा


स्व. लल्लू सिंह


विष्णुप्रताप सिंह

मेरे पिता बृजराज सिंह उर्फ लल्लू सिंह का निधन एक वर्ष पूर्व हो गया था। उन्होंने हमेशा हमें ईमानदारी, मेहनत से जीने की कला की प्रेरणा दी। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया व लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर हूं। पितृपक्ष में मैं उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद आज भी हमारे परिवार के साथ है, जिससे मुझे लगातार सफलताएं हासिल हो रही हैं।

–विष्णुप्रताप सिंह, देवपुर सरेनी, रायबरेली

# कटरी क्षेत्रों में भरा गंगा का पानी

## नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा, कई बीघे फसल जलमग्न, गांवों में दहशत


डलमऊ गंगा तट पर जलस्तर बढ़ने से पानी में डूबीं स्नान घाट की सीढ़ियां।


जमालनगर मोहद्दीनपुर में पानी से होकर खेतों को जाते ग्रामीण। अमृत विचार

हर्षित शुक्ला, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के चलते पानी का बहाव भी तेज होने लगा है। पिछले एक सप्ताह से लगातार बढ़ रहा गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। लगातार जल स्तर बढ़ने से कटरी क्षेत्र के गांव में बाढ़ की समस्या उत्पन्न होने लगी है, जहां पर आम लोगों के जनजीवन अस्त-व्यस्त होने लगा है। वहीं पर मवेशियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अपर जिलाधिकारी एवं एसडीएम के द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

डलमऊ तहसील क्षेत्र के कटरी इलाके जमाल नगर मोहद्दीपुर, पूरे रेवती सिंह, बबुरा, जहांगीराबाद, खपराताल, अंबाहा, चक मलिक भीटी सहित लगभग एक दर्जन गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

गुरुवार को गंगा का जलस्तर 98.560 मीटर नापा गया, जो चेतावनी बिंदु 98.360 से ऊपर है। वहीं खतरे के निशान 99.360 से कुछ दूर शेष है। कटरी क्षेत्र के किसानों की फसलें जलमग्न हो गई। मवेशियों को हरे चारे की समस्या होने लगी है। बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तैयारी करने का दावा भी कर रहा है, लेकिन ग्रामीणों की माने तो हकीकत में बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए कोई भी तैयारी नहीं की गई है। ग्रामीण जनार्दन, सुशील कुमार, राम प्रसाद, गयादीन, राजवती, निर्मला, गोपाल, राकेश, आशीष, आरती, राजू, रामपति, अशोक कुमार, रामसेवक, सावित्री, हरिशंकर ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से गंगा नदी का पानी गांव की तरफ बढ़ने को बेताब है। लगातार समस्याएं उत्पन्न होती जा रही है। चारों तरफ पानी फैल जाने की वजह से फसलें जलमग्न हो गई हैं। वहीं मवेशियों के लिए भी चारे की समस्या खड़ी हो रही है। अधिकारियों द्वारा सिर्फ कागजों पर ही तैयारी पूरी की जा रही है।

उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने बताया कि बाढ़ की अभी तक कोई समस्या नहीं है। विषैले जीव जंतुओं से बचने व गहरे पानी में जाने से बचने के लिए लोगों को सचेत कर दिया गया है। डलमऊ के गंगा घाटों वीआईपी घाट, रानीशिवाला घाट पर जल पहुंच चुका है। बाढ़ चौकी के प्रबंधन संबंधी सुझाव दिए गए हैं। क्षेत्रीय लेखपाल को बाढ़ चौकी पर नजर बनाए रखने वह हर घंटे की रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।


जहांगीराबाद में ग्रामीणों से जानकारी लेतीं एडीएम अमृता सिंह। अमृत विचार

### हजारों आबादी की बढ़ी मुश्किल

**सरेनी, अमृत विचार।** गुरुवार को भी गंगा के जलस्तर में वृद्धि जारी रही। लगातार पानी पूरे सुकरू गांव की ओर बढ़ रहा है, इससे हड़कंप मच गया है। तहसील प्रशासन ने कंपोजित विद्यालय निसगर में बाढ़ राहत चौकी भी बना दिया है। गंगा के जलस्तर में आज भी वृद्धि देखी गई। पानी निचले इलाके में भर गया है और पूरे सुकरू गांव की ओर बढ़ रहा है इससे कटरी के पूरे भुल्ली, पूरे सुकरू, पूरे राम प्रसाद, पूरे अहीरन, भक्त खेड़ा, पूरे पुरविहन पुरवों के करीब चार हजार की आबादी की मुश्किलें बढ़नी शुरू हो गई हैं। हालांकि तहसील प्रशासन सतर्क है। हल्का लेखपाल अमर सिंह गांव में डेरा डाले है। उन्होंने बताया कि कंपोजित विद्यालय निसगर में बाढ़ राहत चौकी बनाई गई है। यदि पानी बढ़ा तो प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

### एडीएम ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, दिए निर्देश

गंगा कटरी क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर प्रभावित गांवों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाता है। जहांगीराबाद में सुखमति ने बताया कि यदि बाढ़ की स्थिति ज्यादा उत्पन्न होती है तो रास्ते में बाढ़ का पानी भर जाता है। इससे आने-जाने की समस्या उत्पन्न होती है। एडीएम अमृता सिंह ने एडीओ पंचायत को निर्देशित कर रास्ते को समय रहते दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए। आबा गांव निवासी राकेश, राम सुमेर राजेश, धुन्नूलाल, हंसराज, रिंकू ने बताया कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर सभी ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर संरक्षित किया जाता है। वहां पर जानवरों से लेकर लोगों को खाने-पीने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है जिस पर एडीएम अमृता सिंह ने संबंधित कर्मचारियों को समय रहते आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

# बेकरी हाउस, किराना व मिठाई की दुकानों पर छापेमारी

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

▸▸ खाद्य विभाग टीम की छापेमारी से सलोन क्षेत्र में मचा हड़कंप

**अमृत विचार।** खाद्य विभाग रायबरेली टीम की छापेमारी से सलोन क्षेत्र में हड़कंप मचा गया। छापेमारी से कई दुकानदार दहशत में रहे। वहीं फूड विभाग के अधिकारियों ने स्वीट्स, किराना और बेकरी हाउस की दुकानों पर छापेमारी कर सैंपल लिया है। नकली ब्रांड के नाम से बिक रही पानी की बोतल पर इंस्पेक्टर ने कार्रवाई के संकेत दिए हैं।


किराना की दुकान पर छापेमारी करती खाद्य विभाग की टीम। अमृत विचार

सलोन कस्बे में गुरुवार को फूड सेफ्टी ऑफिसर हरेंद्र सिंह ने कई दुकानों पर पहुंचकर खाद्य पदार्थों का सैम्पल भरा है। उन्होंने बताया कि नगर के जैन किराना स्टोर से कोल्हू का तेल सैम्पल लिया गया है। खान किराना स्टोर से बेसन भरा गया है। धरई बाजार में जैनुद किराने की दुकान से अरहर की दाल के नमूने लिए। गणेशनगंज बाजार रामगोविंद यादव की दुकान से बेसन, गौरव जनरल स्टोर से बीकानेरी भुजिया, अरहर की दाल का सैम्पल लिया गया है। करहिया बाजार स्थिर मिस्ठान व्यवसाई रामेंद्र कुमार की दुकान से खुरमा और जलेबी का सैम्पल लिया गया। एफएसओ हरेंद्र सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर घी, बटर, सरसों का तेल, म्योनीज, हल्दी, मीट, मटन, आटा चने की दाल और मिष्ठान की दुकानों पर खाद्य विभाग की टीम की छापेमारी जारी रहेगी। इसी के उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नकली उत्पाद बेचेने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।


# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज

पंत्राक: / के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/2678–83 /2024–25/ दिनांक – 19.09.2024

(निविदा सूचना)

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/ शिक्षक/11308/2022–23 दिनांक–14.02.2023 तथा शासनादेश सं0–2805/68–5–2023–5/2020 दिनांक 01.02.2023 एवं शासनादेश सं0–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज के अनुमोदन अनुपालन में जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध (संविदा) के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अर्ह केवल महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 05.10.2024 की सांय 5:00 बजे तक निर्धारित शर्तों के आधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | कुल रिक्त पद | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | मानदेय प्रतिमाह (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु जाति | अनु0ज0न जाति | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (विज्ञान) | विज्ञान (जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 03 | 01 | 01 | 01 | 00 | 24200/– |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (गणित) | गणित (पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 02 | 02 | 00 | 00 | 00 | 24200/– |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (सामाजिक विषय) | समाजिक विषय (भूगोल, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में से किसी एक विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 24200/– |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका (शा0शिक्षा) | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि) | 03 | 01 | 00 | 02 | 00 | 10780/– |
| 5 | अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर शिक्षा | कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक, प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षित सम्मलित हो। इसके अन्तर्गत कम्प्यूटर पी0जी0डी0सी0ए0/ बी0सी0ए0/ बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल / एड्वलेवल कम्प्यूटर डिप्लोमा आदि शैक्षिक योग्यता भी वांछित होगी। | 03 | 02 | 01 | 00 | 00 | 10780/– |
| 6 | अंशकालिक शिक्षिका (कला/संगीत) | कला, क्राफ्ट एवं संगीत आदि विषयों के लिये शैक्षिक योग्यता स्नातक उपाधि होगी। | 02 | 01 | 01 | 00 | 00 | 10780/– |
| 7 | पूर्णकालिक लेखाकार | स्नातक वाणिज्य विषय के साथ, एम0एस0 ऑफिस पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल कम्प्यूटर डिप्लोमा को वरीयता। | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 12100/– |
| 8 | मुख्य रसोइया | कक्षा–08 पास तथा अभ्यार्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 7590/– |
| 9 | सहायक रसोइया | कक्षा–08 पास तथा अभ्यार्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए | 04 | 01 | 02 | 01 | 00 | 5693/– |

**अर्हता एवं शत:–** 1. यह चयन पूरी तरह अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं शासनादेश संख्या 2805/68–5–2023–5/2020 दिनोंक 01.02.2023 में जारी विषयगत योग्यता एवं निर्देशों के अधीन रहेगी।

2. पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के पद के लिये निर्धारित योग्यता उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 एवं प्रशिक्षित स्नातक होगी। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/ समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा।

3. अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 01 अप्रैल 2024 को 25 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 01 अप्रैल 2024 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. क0गा0आ0बा0वि0 के ऐसी शिक्षिकायें जो आवेदित पद हेतु निर्धारित आर्हता रखती हों किन्तु शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित रह गयी हैं उन शिक्षिकाओं द्वारा आवेदन करने पर आयु सीमा में क0गां0आ0बा0वि0 में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी किन्तु यह प्रतिबन्ध है कि सम्बंधित अभ्यर्थी की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।

5. क0गां0आ0बा0वि0 के ऐसी शिक्षिकायें जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित रह गयी हैं उन शिक्षिकाओं द्वारा आवेदन करने पर उन्हें क0 गां0आ0बा0वि0 में पूर्व में कार्यरत रहने के प्रत्येक शैक्षिक सत्र हेतु 02 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेग किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नहीं दिया जायेगा।

6. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टॉफ यथा पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा। मुख्य रसोइया, सहायक रसोइया एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा।

7. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिये दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नहीं होंगे। चयन समिति अभ्यर्थी के चरित्र के सम्बन्ध में यथोचित समाधान करेगी।

8. अभ्यर्थी को अन्तिम शैक्षिक संस्था / किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। यदि चयनित अभ्यर्थी की सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती हैं जो उन्हें एक माह का नोटिस देकर सेवाओं को समाप्त कर दिया जायेगा। गम्भीर परिस्थितियों / वित्तीय अनियमिता / गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुष्ट प्रमाणों के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त संविदा समाप्त करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

9. अभ्यर्थी को तैनाती से पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सीय परीक्षणोपरान्त फिजिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह कार्य करने में अक्षम एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं है।

10. चयन उपरान्त, पूर्णकालिक शिक्षकाओं, का पद पूर्णकालिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनका चयन समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्णकालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है। समस्त स्टाफ को भोजन व्यवस्था उनकी स्वयं की होगी।

11. पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।

12. उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को जनपद कन्नौज के वेबसाइट https://kannauj.nic.in पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

13. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पद/विषय/जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है. स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम, विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।

14. इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक. 05/10/2024 को सायं 05.00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज पिन कोड–209727 को केवल स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते हैं। इनके बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

15. आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व–प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंक पत्र, प्रमाण पत्र, अनुभव (के0जी0बी0वी0) प्रमाण–पत्र, सामान्य निवास प्रमाण–पत्र जाति प्रमाण पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण पत्र. आधार कार्ड, टी0ई0टी0 (उच्च प्राथमिक स्तर) एवं वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा अपने पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट के निर्धारित शुल्क की डाक टिकट लगे हुए अवश्यक संलग्न करें।

16. अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।

17. विज्ञप्ति को किसी भी समय बदलने / निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के अधीन रहेगी।

18. आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर एक शैक्षिक सत्र (अधिकतम 11 माह 29 दिन) हेतु होगा तथा कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिये सेवा अनुबन्ध का विस्तारीकरण किया जायेगा।

19. उक्त विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय/ उच्चतम न्यायालय में योजित विभिन्न याचिकाओं के अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

(रोहित कुमार)
जिला समन्वयक (बा0शि0)
समग्र शिक्षा कन्नौज

(संदीप कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कन्नौज


# स्वच्छता कार्यक्रम में युवाओं की रहेगी सहभागिता

**रायबरेली, अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के आयोजन के लिए नेहरू युवा केंद्र में बैठक हुई। जिला युवा अधिकारी गोपेश पाण्डेय और जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजय कुमार ने जनपद के सक्रिय युवा स्वयं सेवकों के साथ चर्चा करते हुए रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी द्वारा सभी युवाओं को अपने गांव, कस्बे क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के लिए विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकाधिक जन भागीदारी करना है। स्वच्छता हर किसी का दायित्व है। ऐसी सकारात्मक अवधारणा के साथ हम सभी को इस राष्ट्रव्यापी अभियान के साथ जुड़कर अपना सहयोग प्रदान करना है। जिला परियोजना अधिकारी द्वारा सभी युवा सहयोगियों को गंगा एवं उसके आसपास के सांस्कृतिक धरोहरों, गंगा घाट, मंदिर इत्यादि पर स्वच्छता अभियान चलाने को प्रेरित किया। सभी को अपने क्षेत्र में स्वच्छता के लिए समुदायों को प्रेरित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने की बात कही गयी।

# तम्बाकू संबंधी कानून के क्रियान्वयन पर जोर

**रायबरेली, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह के निर्देशन में नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय हेल्थ प्रोफेशनल्स प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन एएनएमटीसी सभागार में किया गया।

कार्यशाला में जिला सलाहकार पूनम यादव द्वारा तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्य और लक्ष्यों के बारे में चर्चा की। साथ ही सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा-2003 के प्रभावी क्रियान्वयन किये जाने की बात पर बल दिया गया। जनपद में कार्यरत तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की जाने वाली जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रणर्थ सचल/प्रर्वतन दल के कार्य एवं दायित्वों के अन्तर्गत कोटपा एक्ट के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन किये जाने के बारे में बताया गया। यह अधिनियम उन सभी उत्पादों पर लागू होता है, जिनमें किसी भी रूप में तम्बाकू है। प्रत्येक माह एफजीडी, प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यशाला कर लोगों को तम्बाकू का सेवन न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# आरेडिका में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा की शुरूआत

## मुख्य राजभाषा अधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रेलवे कर्मचारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी रुपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसमें कर्मचारी एवं अधिकारी विभिन्न कार्यक्रमों जैसे हिंदी कार्यशाला, उपन्यास सम्राट प्रेमचन्द पर साहित्यिक व्याख्यान, निबंध लेखन, राजभाषा शब्दावली अनुवाद, वाक प्रतियोगिता, प्रारूप एवं टिप्पणी लेखन कवि सम्मेलन आदि के माध्यम से हिंदी में अपनी रुचि का परिचय देंगे।


आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा में शामिल कर्मचारी। अमृत विचार

महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि राजभाषा के रूप में हिंदी को विकसित करने में आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं तथा राजभाषा विभाग पाठकों को बेहतर पाठन सामग्री उपलब्ध करा रहा है, जिससे राजभाषा के विकास में मदद मिल रही है।

राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि गुरुवार को राजभाषा शब्द अनुवाद एवं तकनीकी शब्दावली तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शब्द अनुवाद एवं तकनीकी शब्दावली में 27 प्रतिभागियों ने तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता में 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने दी है।

# अवध का सिरमौर है नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय

## 26 वें दीक्षांत समारोह में बोलीं राज्यपाल, कहा- इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा विवि का नाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अवध का सिरमौर है। इतिहास में विश्वविद्यालय का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। ये बातें गुरुवार को कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहीं। वह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट प्रेक्षागृह में 26वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कर रही थीं।

समारोह में उपस्थित लोगों व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और दृणसंकल्प ने ही विवि को नैक में उच्च ग्रेड A++ दिलाया। इस उपलब्धि ने उत्तर प्रदेश को भी देश में एक नई पहचान दिलाई। विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए पूरे विश्वविद्यालय परिवार को आगे आना होगा। विश्वविद्यालय जो भी कार्य कर रहा है उसका लाभ गरीब, पिछड़ा वर्ग और किसानों को हो रहा है। अयोध्या की पावन भूमि भी बना यह विश्विद्यालय कृषि और अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह देश का पहला ऐसा विश्विद्यालय है जिसने खुद का कृषि ड्रोन विकसित किया है। कुलाधिपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा प्रणाली, सामुदायिक सहायता और वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक व्यवस्था में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। अब विश्वविद्यालय के सामने विपरीत जलवायु में उत्पन्न होने वाली किस्मों और कम पानी में उत्पादन की क्षमता को विकसित करने के लिए अनुसंधान पर जोर देना होगा। विश्वविद्यालय को खुद का एक कृषि एप विकसित करना होगा जो किसानों और छात्रों की राह को आसान कर सके।



विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक की उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ कुलाधिपति और कुलपति। अमृत विचार

उन्होंने केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन से ईंटें, तेल आदि बनाने के प्रबंधन को समझकर विवि में भी एक कोर्स शुरू करने पर बल दिया। कुलाधिपति ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों द्वारा कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव और किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है उसका लाभ विश्वविद्यालयों को लेना चाहिए। कुलपति को प्राकृतिक खेती का लक्ष्य तय करने और हर साल उसको बढ़ाने के लिए भी कहा।

राज्यपाल ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश की 50 फीसदी से अधिक अर्थव्यवस्था इसी पर निर्भर है। इसलिए कृषि के क्षेत्र में शोध और अनुसंधान की बड़ी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री फसल योजना के तहत परम्परागत खेती और जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा। बताया कि तिहलन और दलहन में एमएसपी के तहत केन्द्र सरकार अधिक मूल्य दे रही है। कृषि फसल की कटाई के बाद उसके प्रसंस्करण पर भी ध्यान देने की जरूरत है। आसपास की आबादी में इसके लिए केन्द्र स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसी के चलते प्रदेश के 73 जिलों 100 हाईटेक नर्सरी बनाए जाने का लक्ष्य है जिसमें से 36 तैयार हो चुकीं हैं। कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 200 प्रजातियां विकसित की गई है और गन्ना छीलने की मशीन और हार्वेस्टर पेंटट किया जा चुका है। कृषि के क्षेत्र में केन्द्रीय बजट की जानकारी देते हुए कुलाधिपति ने कहा कि गत वर्ष 1.25 लाख करोड़ का बजट था और इस बार 1.56 लाख करोड़ का। उन्होंने कहा कि दो वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पास आठ आकांक्षी जिलों में से छह कृषि विश्वविद्यालय के पास है उन्हें भी विकसित जिलों में लाने की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### सरकारी नौकरी के पीछे मत भागो, स्वरोजगार अपनाओ

कुलाधिपति ने अपने भाषण के दौरान युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सरकारी नौकरी के पीछे मत भागो, स्वरोजगार करो। हाल ही में हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का उदाहरण भी पेश करते कहा कि 60 हजार पदों के लिए 45 लाख युवाओं ने परीक्षा दी, क्या सभी को नौकरी मिल जाएगी? पूछा क्या भविष्य में आपको नौकरी की उम्मीद है? युवाओं ने कहा नहीं। उन्होंने कहा कि आप स्वरोजगार अपनाइए, खुद भी पैरों पर खड़े हो और लोगों को भी खड़ा करें।

### किसके पापा के पास जमीन है, हाथ खड़ा करें

अपने संबोधन के दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सभागार में मौजूद छात्र-छात्राओं से पूछा कि किसके पिताजी के पास जमीन है, हाथ खड़ा करो। इस पर कुछ बच्चों ने जरा सा हाथ उठाया। उन्होंने मुस्कराते हुए कहा डरो नहीं मैं ये इसलिए पूछ रही हूं कि आप आज यहां से उपाधि लेकर जा रहे हो। जिनके पास भी जमीन है, आधा, एक या दो एकड़। वो जमीन के एक कोने में कृषि क्षेत्र के विकास के लिए प्रयोग करें। उसमें सफल हों और उसका लाभ किसानों को दें।

# अयोध्या में नहीं हुआ जमीन घोटाला : योगी



परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में जमीन घोटाले के सपा के आरोप पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के गुरुवार को तेवर तल्ख रहे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ, बल्कि किसानों को 1700 करोड़ रुपये मुआवजा बांटा गया है। वह मिल्कीपुर के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधितकर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सपा के गुर्गों से जमीन मुक्त कराने पर सरगना को परेशानी हुई। अब सरगना कहता है कि अयोध्या में जमीन घोटाला हुआ है। यह लोग अपने गुर्गों के काले कारनामों के पक्ष में बोल रहे हैं। एक भी मामला ऐसा नहीं है, जहां पीड़ित को मुआवजा न मिला हो। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 2017 के बाद एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया।

सपा के भूमाफिया-गुंडों से 54 हजार हेक्टेयर लैंड को मुक्त कराया। भदरसा में भी जमीनों को कब्जामुक्त कराया गया है। जिस अयोध्या को इन्होंने रामभक्तों के लहू से सींचा था, गोली चलवाई थी। वहां 22 जनवरी से अब तक तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु भगवान रामलला के दर्शन कर चुके हैं।

### सपा, बसपा-कांग्रेस शासन में भी नहीं हुआ उतना विकास जितना साढ़े सात साल में हुआ

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने अयोध्या को 30 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी है। अयोध्या का जितना विकास डबल इंजन सरकार ने साढ़े सात साल में किया, उतना कांग्रेस के 60 साल, सपा की चार बार की सरकार में नहीं हुआ। सरकार ने 6461 दुकानों का भी पुनर्वास किया। किसी को दुकान, मुआवजा, एफएआर में छूट देकर जमीन पर पीछे साइड दुकान बनाने की अनुमति दी गई। वहीं प्रदेश में हमारी सरकार ने साढ़े सात वर्ष में साढ़े छह लाख नौजवानों को नौकरी दी। दो करोड़ से अधिक नौजवानों को निजी क्षेत्रों में नौकरी व रोजगार दिया। 60 लाख से अधिक उद्यमियों को प्रदेश में उद्यम लगाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया।

# युवा कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं : सांसद



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद किशोरी लाल शर्मा। अमृत विचार

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचार :** अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आए अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने गुरुवार को गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय के राजीव गांधी सभागार में जिला युवा कांग्रेस कमेटी के कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई। इस दौरान सांसद ने कहा की यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही किशोरी लाल शर्मा ने कहा की युवा कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते है।

आने वाले चुनावों में युवा कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। बैठक में अमेठी शामिल हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह, यूथ कांग्रेस विधान सभा अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह लोहा, मनोज सिंह, गांधी, ललित मिश्र एवं अन्य पदाधिकारिगण समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सांसद की अध्यक्षता में जिला विद्युत समिति की हुई बैठक




बैठक में मौजूद सांसद किशारी लाल शर्मा, जिलाधिकारी निशा अनंत।

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को सांसद किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में जिला विद्युत समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, जिलाधिकारी निशा अनंत सहित विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम सांसद किशोरी लाल शर्मा ने आइजीआरएस पोर्टल व 1912 पर विद्युत विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा किया। प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्युत विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर सभी कार्यों को ससमय पूर्ण कराने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए।

# किराना दुकान से लाखों की चोरी

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार :** फुरसतगंज थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने एक किराना की दुकान को अपना निशाना बनाया, जहां पर जमकर लूटपाट की। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सरवन निवासी सत्यम मौर्या पुत्र जयकरन मौर्या की पूरे संधान सिंह के पुरवा के समीप किराने की दुकान है, जहां बीती रात्रि में चोरों ने शटर का ताला तोड़कर लगभग डेढ़ लाख रुपए का सामान चोरों ने पार किया है जिसमें गेहूं, चावल, धान, उडद की बोरी, चोकर, गुटखा के पैकेट, दाल की बोरी व इत्यादि सामान गायब हुआ है। वहीं घटना की लिखित जानकारी व्यवसाई ने फुरसतगंज थाने में दर्ज कराई है।

# आंगनबाड़ी महिलाओं ने दिया धरना

संवाददाता, फुरसतगंज, अमेठी

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन संगठन उत्तर प्रदेश की तरफ से प्रदेश स्तरीय आंदोलन चल रहा है। बहादुरपुर ब्लॉक में गुरुवार को आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका संगठन की महिलाओं ने नगर पालिका में धरना प्रदर्शन दिया। कहा कि हमें प्रदेश धरना की सूचना देर से मिली। इसलिए हम प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सके। हम अपने धरना प्रदर्शन को नगर पालिका से शुरू कर रहे हैं। आंगनबाड़ी महिलाओं ने गुरुवार को नगर पालिका परिषद में ज्ञापन देने आई थी।




नगर पालिका में धरना देतीं आंगनबाड़ी महिलाएं। अमृत विचार

महिलाओं का कहना है कि दो दिवसीय धरना हमारे संगठन का प्रदेश स्तरीय चल रहा है। हम उसी को लेकर गुरुवार को हम नगर पालिका जायस में ज्ञापन देने आए थे। बताया कि हमारी मांगे सरकार द्वारा शिक्षित आंगनबाड़ी भर्ती को लेकर है, जिसमें हम लोगों को हटाकर शिक्षित आंगनबाड़ी की भर्ती सरकार कर रही है। हमारे लोगों में भी बहुत से महिलाएं शिक्षित हैं, ग्रेजुएट हैं। आंगनबाड़ी महिलाओं को ही शिक्षित कर उनको शिक्षा दिया जाए और जो भर्ती आई है उसको इन्हीं में से इन्हीं को चुना जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी को 19000 वेतन दिया जाए। सहायिका को 9000 वेतन दिया जाए। यह हमारी मांगे हैं और इन्हीं मांगों को लेकर हम धरना प्रदर्शन दे रहे हैं।

# घनश्याम शर्मा व श्रीकांत शर्मा होंगे सम्मानित

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** प्रभु राम की जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन तथा मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति ने 21 सितंबर से दो दिवसीय राष्ट्रीय रक्तदान महाकुम्भ महोत्सव का आयोजन कर रहा है। महोत्सव में देश-विदेश व भारत के 28 राज्यों तथा उत्तर प्रदेश के 75 जिलों से 201 संस्थाओं एवं रक्तवीरों व समाजसेवियों को सम्मानित करने के लिए संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आकाश गुप्ता व चयन समिति के द्वारा चयनित किया गया है।

अमेठी जनपद के रानीपुर करनाई पुर संग्रामपुर निवासी घनश्याम शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन



▶▶ देश के 28 राज्यों व यूपी के 75 जिलों से 201 संस्थाओं का चयन

(एमडब्ल्यूओ) व माना मदनपुर मुसाफिरखाना निवासी श्रीकांत शर्मा को जो महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष जिन्होंने अपना 18वां रक्तदान पूरा किया है। उनका भी चयन राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान के लिए किया गया है। जिन्हे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केरल व नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार के हाथों राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान 2024 प्रदान किया जाएगा। घनश्याम शर्मा ने 2008 से महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (एमडब्ल्यूओ) स्वयंसेवी संगठन बनाकर अब तक लगभग प्रदेश के 12 जनपदों में रक्तदान शिविर के माध्यम से हजारों यूनिट ब्लड सुरक्षित करवाते हुए 1092 यूनिट ब्लड अब तक सर्व समाज के लोगों को उपलब्ध करवाया गया है। इसी के साथ-साथ देश के कई बड़े शहरों में चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र में भी रक्तदान के कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। साथ ही साथ घनश्याम शर्मा के द्वारा नशा उन्मूलन, शिक्षा सुधार, पर्यावरण सुरक्षा एवं शोषण उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष के साथ-साथ संवैधानिक जन जागरण की मुहिम चला रहे हैं। घनश्याम शर्मा अपने 48 वर्ष की उम्र में अपना 28 रक्तदान व एक एसडीपी कर चुके हैं।

### स्वच्छता ही सेवा के तहत अधिकारी और कर्मचारी ने लिया शपथ

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार:** फुटवेयर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में चल रहे स्वच्छता पखवारे के तहत गुरुवार को संस्थान के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सभी छात्र एवम छात्राओं के साथ स्वकछता ही सेवा के अंतर्गत शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर छात्र एवमं छात्राओं ने अपनी मौलिकता पेंसिल, ब्रश के माध्यम से व्यक्त की। इस अवसर पर संस्थान के सेंटर इंचार्ज वरुण गुप्ता ने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मचारियों, अधिकारियों व छात्र-छात्राओं को चल रहे स्वच्छता पखवारे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह हम सबका कर्तव्य है कि स्वच्छता को ध्यान में रखकर ही हर काम करे।

## सार-संक्षेप

### किशोर स्वास्थ्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार :** संग्रामपुर इंटर कॉलेज कालिकन में किशोर स्वास्थ्य मिशन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता इंटर कॉलेज कालिकन के प्रिंसिपल आरपी सिंह के नेतृत्व में हुआ। जिसमें विद्यालय स्तरीय किशोर स्वास्थ्य मिशन प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चो ने क्विज, पोस्टर, वाद विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और विजेता उप विजेता घोषित किया गया। इसमें अंश ओझा क्लास 10 बी इंटर कॉलेज कालिकन को प्रथम पुरस्कार मिला। हर्षिता सिंह कक्षा 12 ब इंटर कॉलेज कालिकन को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। काजल प्रजापति कक्षा 12 अ इंटर कालेज कालिकन को तृतीय पुरस्कार मिला। सीएचसी अधीक्षक संतोष सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता बच्चों की मानसिक और शारीरिक दोनो तरह से स्वास्थ्य में सहायक है। इस मौके पर डॉ. बृजेश यादव, डॉ. आरिफ इकबाल, डॉ. बलराम, डॉ. सुशील चंद्र उपस्थित रहें।

### द्वितीय बैच के शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

**संवाददाता, शुकुलबाजार, अमेठी। अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र शुकुल बाजार के सभागार कक्ष व स्वामी विवेकानन्द कक्ष में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा व गणित प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस द्वितीय बैच के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। गुरुवार को शिक्षकों को कक्षा 1 व 2 के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने से पूर्व ब्रिज कोर्स की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ संकुल स्तरीय शिक्षक संकुल की मासिक बैठक को कैसे प्रभावी बनाए। गणित किट के उपयोग और प्रशिक्षण के अंतिम दिवस समस्त प्रतिभागियों द्वारा पोस्ट टेस्ट पूर्ण कर ट्रेनिंग का समापन किया गया। अकादमिक रिसोर्स पर्सन राहुल पाण्डेय, अनूप कुमार तिवारी, दिलीप वर्मा, शिवकुश पाण्डेय, देवीशरण कनौजिया ट्रेनिंग प्रदान कर रहे है। इस प्रशिक्षण में प्रदीप कौशल, शमशाद अहमद, निर्मल तिवारी, प्रभाकांत तिवारी, जगदीश, अनीता सिंह, प्रीती, रिचा, वंदना, रेखा आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

### नसबंदी शिविर का हुआ आयोजन

**संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर गुरुवार को अधीक्षक डॉ. आलोक कुमार मिश्र के देख रेख में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 11 लोगों की नसबंदी सफलतापूर्वक की गई। कैंप में डॉ. विजय कुमार गुप्ता, रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, नीतू सिंह, पूजा, अशोक कुमार यादव, राजीव पांडेय, हिना खान मौजूद रहे।

### आरजीआईपीटी में एसकेमकॉन 2024 का आयोजन आज

**संवाददाता, फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार :** राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, जायस, अमेठी में शुक्रवार को आईआईसीएचई मुख्यालय एवं इसके अमेठी क्षेत्रीय केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में केमिकल इंजीनियरिंग कांग्रेस (एसकेमकॉन 2024) के "न्यू पैराडाइमस् ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग" विषय पर आधारित 20वें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। यह कॉन्फ्रेन्स भारतीय रासायनिक इंजीनियर्स संस्थान (आईआईसीएचई) का वार्षिक कार्यक्रम है। कॉन्फ्रेन्स का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में अरविन्द कुमार शर्मा, कैबिनट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार तथा इंडियन ऑयल बोर्ड में प्रथम महिला कार्यकारी निदेशक सुक्ला मिस्त्री द्वारा किया जायेगा। इस कॉन्फ्रेन्स में सम्पूर्ण भारत से लगभग 350 छात्र-छात्राएं अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कॉन्फ्रेन्स के अंतर्गत विशिष्ट व्याख्यानों की एक श्रृंखला भी आयोजित की जायेगी। केमिकल इंजीनियरिंग से उत्कृष्ट पीएचडी करने वाले 35 वर्ष से कम आयु के शोधार्थी को एमसी चैरी पुरस्कार भी प्रदान किया जायेगा।

राहत | अब तक छह मरीजों की हो चुकी है कीमोथेरेपी

# संजय गांधी हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के लिए कीमोथेरेपी शुरू

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** मुंशीगंज स्थित संजय गांधी हॉस्पिटल में कैंसर का इलाज शुरू होने से जनपद के आसपास के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। कीमोथेरेपी शुरू हो जाने से मरीज को जनपद के बाहर बड़े शहरों का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। उन्हें अब अपने ही जनपद में कैंसर के लिए कीमोथेरेपी की सुविधा मिल जाएगी।



कीमोथेरेपी के दौरान मौजूद डॉक्टर और परिजन। अमृत विचार

संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के प्रशासक मनोज मुट्टू की ओर से अमेठी की जनता एवं अन्य जनपदों के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर लगातार कवायद की जा रही है। संजय गांधी अस्पताल में इस समय जहां 600 यूनिट की ब्लड कंपोनेंट यूनिट संचालित हो रही है। वहीं हृदय रोग यूनिट एवं कैंसर यूनिट का संचालन होने से जिले के साथ ही अन्य जनपदों की मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया हो पा रही है। लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज में ही कैंसर के उपचार की सुविधा थी। लोगों को बड़ी संख्या में प्रयागराज के कमला नेहरू हॉस्पिटल में जाना पड़ता था। वहीं अब संजय गांधी हॉस्पिटल में यह सुविधा मिलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर विनीत नाकरा की देखरेख में संजय गांधी हॉस्पिटल में इलाज होगा। अस्पताल में स्थित कैंसर विभाग लेंस ऑकोलॉजी इंस्टीट्यूट से संबंधित है जो कि कैंसर के इलाज के लिए अनुभव संस्थाएं कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर विनीत नाकरा की देखरेख नगर मरीज का इलाज हो रहा है। करीब आधा दर्जन से अधिक मरीजों को कीमोथेरेपी की गई है। डॉक्टर विनीत ने बताया है कि अब मरीज को बाहर जाने की जरूरत नहीं है। उन्हें अपने घर में ही कैंसर की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। संजय गांधी अस्पताल में बढ़ रही सुविधाओं के साथ-साथ मरीजों की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है। इस समय प्रतिदिन 1000 से अधिक की संख्या में ओपीडी हो रही है। अस्पताल की ओपीडी के साथ ही हृदय रोग विशेषज्ञ एवं कैंसर यूनिट में मरीजों की भारी भीड़ रही। हृदय रोग विभाग में गत तीन महीना में 56 एंजियोग्राफी, 33 एंजियोप्लास्टी (छल्ला डालने की विधि) 2 बलून माइट्रल वोल्वोप्लास्टी, 2 पेसमेकर 1 पीपीआई (परमानेंट पेसमेकर इंप्लांटेशन) किया जा चुका है।

# पत्थरबाजी की घटनाओं को रोकने को लेकर डीएम और एसपी ने की बैठक

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में रेलवे ट्रैक अवरोध/पत्थरबाजी रन ओवर आदि की घटनाओं को रोकने तथा उन पर त्वरित कार्यवाही को लेकर स्टेशन अधीक्षक, जीआरपी, आरपीएफ के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में डीएम व एसपी ने कहा कि रेलवे से संबंधित कोई भी दुर्घटना की स्थिति हो तो तत्काल जिला प्रशासन को सूचित करें साथ ही अपने संबंधित एसडीएम, सीओ, थानाध्यक्ष, सीएचसी इत्यादि का मोबाइल नंबर अपने पास रखें जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संबंधित को सूचित कर राहत व बचाव कार्य किया जा सके। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों से रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ने वाले गांवों की सूची उपलब्ध कराने को कहा कि जिससे ट्रैक के किनारे पड़ने वाले गांवों में बैठकें आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा सके। रेलवे ट्रैक अवरोध/पत्थर बाजी की घटना की सूचना तत्काल संबंधित थाना को दें जिससे पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जा सके जिससे इस प्रकार की घटनाओं पर नियंत्रण हो सके।

### मुसाफिरखाना में 21 को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** जनपद स्तरीय ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में 21 सितंबर (तृतीय शनिवार) को मुसाफिरखाना तहसील में आयोजित होगा। गौरीगंज तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, तिलोई तहसील में मुख्य विकास अधिकारी तथा अमेठी तहसील में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा।

## एक नजर

### शिविर में सफाईकर्मियों की जांची गई सेहत

**गौरा, प्रतापगढ़** : स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रामापुर पंचायत भवन में गुरुवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में रामापुर न्याय पंचायत के अंतर्गत तैनात सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा की डा. अनामिका सिंह, डा. सुषमा द्विवेदी व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शान मोहम्मद सहित न्याय पंचायत के सफाईकर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान पंचायत भवन के परिसर में सफाई कर स्वच्छता की शपथ ली गई।

### वेतन कटौती पर भड़के संविदा विद्युतकर्मी, प्रदर्शन

**लालगंज, प्रतापगढ़** : बिजली कम्पनी द्वारा संविदा कर्मचारियों के वेतन कटौती को लेकर गुरूवार को यहां एसडीओ कार्यालय पर कर्मचारियों ने आक्रोश जताया। संविदा पर कार्यरत लाइनमैन व हेल्पर कार्मिकों ने एसडीओ कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर वेतन कटौती की वापसी की आवाज बुलन्द की। कर्मचारियों का कहना है कि अधिकांश संविदा कर्मचारियों का स्थानांतरण अलग अलग विद्युत उपकेन्द्रों पर कर दिया गया है। अवर अभियंताओं द्वारा कर्मचारियों का पूरा वेतन लगाने के बावजूद स्थानांतरित कर्मचारियों का साठ से सत्तर प्रतिशत कंपनी द्वारा वेतन काट लिया गया है। इस दौरान विकास सिंह, राजकुमार तिवारी, मो. साबिर, अहमद अली, नागेश्वर प्रसाद दुबे, विपिन कुमार, सुशील मिश्र, अमित शुक्ल, सुधीर कुमार, दिलीप सिंह आदि रहे।

### धान के खेत में मिला सराफा कारोबारी का शव

**प्रयागराज** : धारांवनारा गांव के पास सुबह लोगों ने धान के खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। पास में ही एक बाइक भी पड़ी थी। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस भी वहां पहुंच गई और छानबीन करने लगी। पुलिस ने उसकी शिनाख्त गरेथा गांव निवासी संदीप उर्फ सोनी (35) के रूप में किया है। वह ऊंचडीह बस स्टैंड के पास आभूषण की दुकान चलाता था। बताया जाता है कि रात में जब सोनू घर नहीं लौटा तो पिता संतोष सोनी ने आस-पास उसकी तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिला। सुबह लोगों ने धान के खेत में मोबाइल की आवाज सुनकर लोगों को इसका पता चला। उन्होंने बताया कि सोनू के चेहरे पर चोट के निशान हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चल सकेगा कि दुर्घटना का शिकार हुआ है अथवा किसी साजिश का परिणाम है।

### युवती ने फंदा लगा दी जान

**कुंडा** : बाघराय के चकवड़ गोसाई का पुरवा गांव निवासी शिव कुमार सरोज की 20 वर्षीय बेटी सोनी सरोज की शादी नौ दिसंबर को होनी थी। बुधवार रात वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गई। रात में सोनी ने पंखे के सहारे फंदा लगा लिया। सुबह देर तक नहीं उठी तो परिजनों को आशंका हुई। धक्का मारकर दरवाजा खोला गया तो सोनी फंदे पर लटक रही थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### रैली निकालकर दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

**प्रतापगढ़** : बाबागंज ब्लाक के ग्राम पंचायत उतरार में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। प्राथमिक विद्यालय उतरार के बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में ग्राम प्रधान पुत्र व व्यापार मण्डल अध्यक्ष विनोद यादव और ग्राम विकास अधिकारी संदीप सरोज ने विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक अजय शुक्ल, सुमन मौर्या, विपिन कुमार, संदीप यादव, सुरेश सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# 'हेलो डॉक्टर दीदी' के स्टालों का किया उद्घाटन

## कैबिनेट मंत्री ने महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का किया अन्नप्राशन, पोषण रैली की रवाना

**प्रयागराज, अमृत विचार**: महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य गुरुवार को प्रयागराज पहुंची। उन्होंने सर्किट हाउस में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग तथा महिला कल्याण विभाग के कार्यक्रमों की बैठक एवं समीक्षा की। बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा मंत्री को अपने विभाग की योजनाओं व गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसपर ने मंत्री संतोष व्यक्त किया गया।

बैठक के बाद उन्होंने मंत्री आंगनबाड़ी केन्द्र कटरा बख्तियारी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने द्वीप प्रज्ज्वलित कर आंगनबाड़ी केन्द्र पर फीता काटकर पोषण माह का उदघाटन किया गया एवं 'एक पेड मां के नाम' के अभियान के तहत पौधरोपड़ किया। उन्होंने मौजूद बच्चों को फल प्रदान वितरण किया। मंत्री बेबी रानी ने कटरा बख्तियारी आंगनबाड़ी केन्द्र को उत्तम आंगनबाड़ी केन्द्र कहा।


स्टालों का अवलोकन करतीं महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य। अमृत विचार

आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के बाद उन्होंने बहादुरपुर ब्लाक के अन्तर्गत 'ब्लू डायमण्ड रिसार्ट' कनिहार, लीलापुर रोड, झूंसी, प्रयागराज में आयोजित ''राष्ट्रीय पोषण माह-2024'' के अन्तर्गत 11 महिलाओं की गोदभराई, 11 बच्चों का अन्नप्राशन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पर आयोजित किये गये स्वस्थ बालक बालिका प्रतिस्पर्धा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले 11 बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रदर्शित स्टालों का अवलोकन भी किया गया।

वहीं जनपद में बाल विकास विभाग एवं राकेट लर्निंग के समन्वय से संचालित ''पोषण भी एवं पढ़ाई भी'' तथा "हेलो डाक्टर दीदी" के स्टालों का भी अवलोकन कर प्रोत्साहित किया गया। मंत्री ने ऑवले का पेड़ (एक पेड़ मां के नाम) का रोपण भी किया साथ ही ''पोषण रैली'' को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। । इस अवसर पर निर्मला पासवान, जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार कविता पटेल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ टीम ने किया राहत सामग्री का वितरण



**प्रयागराज, अमृत विचार**: गंगा और यमुना में बुधवार से जलस्तर कम होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। उधर 11 एनडीआरएफ, वाराणसी उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के निर्देश के बाद आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ बचाव राहत कार्य के लिये प्रयागराज में एक टीम की तैनाती की गई है। पिछले कुछ दिनों से निरंतर गंगा एवं यमुना नदी का जलस्तर घट रहा है। गुरुवार को एनडीआरएफ की टीम के कमांडर निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में घटते जलस्तर और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 100 लंच पैकेट 30 घरों और 93.5 रेड एफएम रेडियो चैनल प्रयागराज के द्वारा 200 लंच पैकेट, 60 घरों को वितरण किया गया।

# वकीलों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार** : तहसील परिसर में बरसात के समय जलभराव तथा एचटी लाइन को अभी तक हटवाये न जाने सहित समस्याओं को लेकर वकीलों ने गुरूवार को विरोध प्रदर्शन किया। संयुक्त अधिवक्ता संध के अध्यक्ष संदीप सिंह व महामंत्री सूर्यकांत निराला की अगुवाई में वकीलों ने परिसर में नारेबाजी कर विरोध जताया।

इसके बाद वकीलों का समूह नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचा। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को ज्ञापन देकर कहा गया कि थोड़ी सी बरसात में भी तहसील परिसर में पानी के जमाव होने से वादकारियों व अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गेट नंबर एक पर वादकारी शेड के ऊपर से गुजर रहे एचटी लाइन से खतरे को बताते हुए विभागीय लापरवाही पर आक्रोश जताया।


एसडीएम शैलेंद्र वर्मा को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

साथ ही सीओ चकबंदी कार्यालय सांगीपुर से तहसील परिसर में संचालित न होने को लेकर भी वकीलों ने आक्रोश जताया। एसडीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों से बात कर समस्याओं के समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया।बैठक कर अधिवक्ताओं ने समस्याओं को लेकर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। संचालन उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, विपिन शुक्ल, धीरेन्द्र शुक्ला, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, घनश्याम मिश्र, तपन पाण्डेय, कौशल किशोर शुक्ल, नामवर सिंह, प्रमोद सिंह, अनिल, हरिश्चंद्र आदि लोग रहे।

# जिस मदरसे में छापे जा रहे थे जाली नोट मिली थी ब्रिटिश हुकूमत से मंजूरी

**प्रयागराज, अमृत विचार**: अतरसुईया के जिस मदरसे में जाली नोट छापने और बच्चों के ब्रेन वॉश किए जाने का खुलासा हुआ था। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तक जा पहुंचा है। मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाने की तैयारी भी की थी। प्रयागराज प्राधिकरण अथॉरिटी ने मदरसा कमेटी को इस मामले में नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा था। वहीं अब कमेटी ने पीडीए को 100 पन्नों का जवाब भेजा है।

मदरसे पर बल्डोजर चलाने के मामले में अथार्टी कमेटी ने जवाब की कॉपी सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट को भेजी है। इस मामले में कमेटी का कहना है कि मदरसे में मस्जिद है और इसके लिए ब्रिटिश हुकूमत ने इजाजत दी थी। उस वक्त प्रयागराज अथॉरिटी का गठन नहीं हुआ था। मामले में कमेटी ने अपना पक्ष रखा है और दस्तावेज भी दिए हैं। फिलहाल मदरसे को सील किया गया है। मदरसे में नोटिस भी चस्पा की गई है। जिसमे लिखा है कि मदरसा का नक्शा बना नहीं है। कागज़ात में



सील किया गया मदरसा। अमृत विचार

मदरसा का 2700 स्क्वायर फिट वर्ग गज का ही निर्माण अवैध पाया गया है। प्राविप्रा ने नोटिस में दर्शाया था कि 18 सितंबर तक मदरसा कमेटी अपना जवाब

प्रस्तुत करे अन्यथा मदरसे पर बुल्डोजर एक्शन गई कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 4 सितंबर को जारी किया गया था। इन सभी कार्रवाई से पहले 27 अगस्त को मदरसे में जाली नोट छापते हुए मौलवी सहित 4 आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज गए थे। प्राधिकरण का कहना है कि बिना नक्शा पास कराए मदरसा की 3 मंजिला इमारत का निर्माण कराया गया है। जांच के

**▸▸ 100 पन्नों के जवाब की कॉपी पीडीए को भेजी**

दौरान 2700 स्क्वायर फिट में अवैध निर्माण पाया गया था।

### 1940 में बनवाया गया था मदरसा

मदरसा कमेटी ने अपने जवाब की रिपोर्ट में यह भी दर्शाया है कि सभी निर्माण विकास प्राधिकरण समेत दूसरे सरकारी विभागों की अनुमति के बाद बनाये गए हैं। मदरसा परिसर में स्थित मस्जिद-ए-आजम 300 साल पहले बनवाई गई थी। मदरसे को 84 साल पहले 1940 में स्थापित किया गया था। उस वक्त मदरसे के निर्माण के लिए ब्रिटिश हुकूमत से मंजूरी मिली थी। इसका नक्शा देश की आजादी के बाद 1952 में नगर पालिका परिषद द्वारा पास कराया गया था। उस वक्त प्रयागराज विकास प्राधिकरण ना नामो निशान नही था। इसके बाद 1973 में विकास प्राधिकरण का नाम और काम शुरु हुआ। इसके बाद 1981 में विकास मस्जिद-ए-आजम 300 साल से ज्यादा पुरानी है। मदरसे की स्थापना 84 साल पहले 1940 में की गई थी।

# महिला डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर जानकारी तलब

**▸▸ स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में फैली अव्यवस्था का मामला**

**इलाहाबाद, अमृत विचार** : हाईकोर्ट ने प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में फैली अव्यवस्था को लेकर एक दैनिक समाचार पत्र की प्रकाशित रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए अस्पताल के मुख्य अधीक्षक और प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग से इस संदर्भ में व्यक्तिगत हलफनामा मांगा था कि वे आवारा कुत्तों के खतरे को रोकने और अस्पताल में काम करने वालों तथा अस्पताल में आने वाले मरीजों और अस्पताल परिसर में सुरक्षाकर्मियों की अपर्याप्तता को दूर करने के लिए क्या उपाय कर रहे हैं, जिसके अनुपालन में संबंधित अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि आवारा कुत्तों के खतरे से सुरक्षा के लिए सुरक्षा गाड्र्स की संख्या बढ़ाकर 40 कर दी गई है।

सुरक्षा गार्ड उत्तर प्रदेश भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। उपलब्ध कराए जाने वाले 40 गार्डों में से एक पर्यवेक्षक स्तर का होगा। विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेज, स्वायत्त राज्य मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देशों को निर्धारित करते हुए 10 सितंबर 2024 को एक आदेश जारी किया गया है। नगर आयुक्त, प्रयागराज से आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करने का अनुरोध भी किया गया है। अस्पताल में विभिन्न विभागों में पुरुष और महिला ड्यूटी डॉक्टर के लिए कुल 30 विश्राम कक्ष हैं। इसके साथ ही हलफनामे में यह भी स्वीकार किया गया कि पल्मोनरी, ईएनटी, ऑर्थोपेडिक, कार्डियोलॉजी और सर्जरी (आपातकाल) विभाग में महिला डॉक्टरों के लिए कोई ड्यूटी रूम नहीं है। मुख्य अधीक्षक ने अपने हलफनामे में यह भी बताया कि उन विभागों में महिला डॉक्टरों के लिए अलग ड्यूटी रूम के निर्माण की योजना बनाई जा रही है, जहां ड्यूटी रूम नहीं हैं। अंत में कोर्ट ने अस्पताल के अधीक्षक से अतिरिक्त हलफनामे की मांग की, जिसमें महिला डॉक्टरों के लिए अलग ड्यूटी रूम के निर्माण की योजना के क्रियान्वयन के बारे में बताया जाए। मामले की अगली सुनवाई आगामी 21 अक्टूबर 2024 को सूचीबद्ध की गई है।

## सार-संक्षेप

### बदलापुर तहसील का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण


तहसील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**जौनपुर** : जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र द्वारा तहसील बदलापुर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्तागणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के सन्दर्भ में जानकारी ली और उपजिलाधिकारी बदलापुर को निस्तारण करने का निर्देश दिया। उप जिलाधिकारी और तहसीलदार को निर्देशित किया कि जो भी पुराने राजस्व सम्बन्धी लम्बित मामले हैं उनका ससमय निस्तारण कराना सुनिश्चित करें तथा पुराने मुकदमों को प्रतिदिन सुने। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनता दर्शन में आए हुए फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं ससमय कराना सुनिश्चित करें साथ ही तहसीलों में साफ-सफाई, कूड़े के ससमय उठान, फाइलों के उचित रख-रखाव, फरियादियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल आदि के संदर्भ में भी उन्होंने वार्ता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिवक्तागण सहित अन्य उपस्थित रहे।

### क्षेत्र भ्रमण कर राजा भइया ने जताई शोक संवेदना

**कुंडा, प्रतापगढ़ अमृत विचार** : जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के कालाकांकर व बाबागंज ब्लॉक क्षेत्र में दर्जनभर से लोगों के यहां पहुंचकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। इस दौरान वह रेवली, बिजलीपुर बनगड़वा, धनगढ़ सहित विभिन्न स्थानों पर गए। शोक संवेदना के उपरांत क्षेत्रभ्रमण के दौरान उन्होंने कई स्थानों पर रुककर स्थानीय लोगों का कुशल-क्षेम भी जाना और उनकी समस्याओं को सुनकर शीघ्र निदान कराए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान बाबागंज विधायक विनोद सरोज, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, राष्ट्रीय महासचिव डा. के. एन. ओझा, प्रतिनिधि हरिओम श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख बबलू सिंह, संतोष सिंह, चेयरमैन डेरवा कुंवर बहादुर पटेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज विनोद यादव, पूर्व चेयरमैन मानिकपुर रामनरेश फौजी, शीतला सिंह सहित लोग उपस्थित रहे।

### सर्पदंश जागरूकता दिवस पर दी जानकारी

**जौनपुर** : राष्ट्रीय सर्पदंश कार्यक्रम के अन्तर्गत 19 सितम्बर को अन्तराष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता दिवस मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में सभागर कक्ष में आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि सांप की प्रजातियों के बारे में बताया गया कि भारत में पाये जाने वाले 15 प्रतिशत सांप ही विषैला/जहरीला पाये जाते है जबकी 85 प्रतिशत सांप विषहीन होते है। सांप काटने पर शरीर पर दो निशान पाये जाते है दोनों निशान के बीच में लगभग 1 से0मी0 से 2.5 से0मी0 गैप पाया जाता है। जहरीले सांप के निशान गहरें होते है। जिसकी गहरायी 2 से 7 मि0मी0 मे पायी जा सकती है। नोडल अधिकारी/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष कुमार जायसवाल द्वारा विस्तार से बताया गया कि वर्ष 2020 से अध्ययन से भारत में लगभग 58 हजार सांप काटने के केस पाये जाते है। सांप काटने की स्थिति में अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाये और सर्पदंश का टीका लगवायें। जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ. जिआउल हक द्वारा बताया गया कि सर्पदंश के दौरान क्या करें क्या ना करें तथा बचाव हेतु सुझाव दिया गया।

### शिक्षक भर्ती मामला: डीएलएड अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**प्रयागराज**। प्रदेश भर के टीईटी पास डीएलएड अभ्यर्थी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग के बड़ी जमकर धरना प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी शिक्षक भर्ती से जुड़ी मांगों के समर्थन में लिखे स्लोगन व तख्तियां लेकर पहुंचे। प्रदेश भर के हजारों अभ्यर्थियो ने गेट पर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। डीएलएड अभ्यर्थियों की भीड़ और हंगामे को देख आयोग गेट के बाहर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। अभर्थियों की मांग थी कि उन्हें जो भी आश्वासन मिले वो लिखित मिले। मौखिक रूप से कोई आश्वासन नही चाहिए। डीएलएड संघ के प्रदेश अध्यक्ष रजत सिंह ने बताया कि आयोग की अध्यक्ष ने इस मामले में आश्वासन दिया था कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती के अपनी नौकरी को अधिकार पूर्वक मांगने के लिए शासन स्तर पर पहल की जाएगी। लेकिन उस मामले में कुछ भी नही हो सका है।

### पितृपक्ष में गया जा रहे वृद्ध की बाइक की टक्कर से मौत

**प्रतापगढ़** : पितृपक्ष में गया जा रहे वृद्ध को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को प्रतापगढ़ फिर एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामकोला निवासी 60 वर्षीय शेर बहादुर सिंह गुरुवार को गया जाने से पहले रिश्तेदारों के घर जा रहे थे। वह जब पट्टी-पृथ्वीगंज मार्ग पर पहुंचे तो पृथ्वीगंज की तरफ से आ रहे बाइक सवार मकरा मनभवना निवासी विकास ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में बाइक चला रहे विकास और रानी यादव घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल शेर बहादुर को सीएचसी भेजा गया। यहां से मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ फिर एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### जंगली सियार के हमले से बालिका घायल

**हलिया (मिर्जापुर)**। धमौली गांव में बुधवार की रात्रि में बस्ती में पंहुचे सियार के झुंड ने घर के बाहर खाना खा रही दो वर्षीय बालिका के उपर हमला कर घायल कर दिया। बालिका की चीख पुकार सुनकर मौके पर पंहुचे ग्रामीणों ने सियार के झुंड को लाठी डंडे से मारकर भगाते हुए बालिका को उपचार के लिए एंबुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया। मौके पर पंहुचे एंबुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीया व पायलट अरुण कुमार ने बालिका को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है जहां पर चिकित्सक द्वारा बालिका का उपचार करते हुए एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया है। हलिया थाना क्षेत्र के धमौली गांव निवासी संतोष कोल की दो वर्षीय पुत्री खुशबू बुधवार की रात्रि में घर के बाहर खाना खा रही थी कि जंगल की तरफ से बस्ती में पंहुचे जंगली सियार के झुंड ने हमला कर घायल कर दिया। वनक्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्र ने बताया कि जंगली जानवर के हमले से बालिका को घायल करने की सूचना मिली थी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पंहुचकर हालचाल जाना है।

### अदवा नदी के पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की हुई मरम्मत

**हलिया (मिर्जापुर)**। राष्ट्रीय राजमार्ग 135 सी 77 किलोमीटर रामपुर कोरांव ड्रमंडगंज हलिया मनिगढा मार्ग अदवा नदी का पुल पानी के तेज बहाव में पुल क्षतिग्रस्त हो जाने पर पुल से आवागमन बाधित हो गया था जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से किया। जिस पर जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को अनुरक्षण कार्य कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर मौके पर पंहुचे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने जेसीबी मशीन से अनुरक्षण कार्य शुरु कराते हुए पुल के क्षतिग्रस्त मार्ग का मरम्मत कार्य कराते हुए अदवा पुल से आवागमन शुरु करा दिया है। अदवा बांध का छह गेट खोलकर अदवा नदी में पानी छोडने से अदवा नदी का पुल तेज बहाव से हलिया व हथेडा के छोर पर क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे आवागमन बाधित हो गया था। ग्रामीणो ने क्षतिग्रस्त पुल के मरम्मत कार्य के लिए डीएम से शिकायत किया था जिस पर डीएम के निर्देश पर एनएचआई ने पुल का अनुरक्षण कार्य कराते हुए आवागमन के लिए खोल दिया है। इस संबंध में एसडीएम गुलाब चंद्र ने बताया कि ग्रामीणो ने अदवा पुल के अनुरक्षण कार्य के लिए डीएम से शिकायत किया था डीएम के निर्देश पर एनएचआई की टीम ने अनुरक्षण कार्य कराते हुए पुल से आवागमन चालू करा दिया है।

### मेहनत के बल पर हर मुकाम पर पहुंचा जा सकता है : रिंकू

**हलिया (मिर्जापुर)**। हलिया बुधवार देर शाम बाजार में पहुंचे भारतीय रेसलर रिंकू सिंह राजपूत, गौरव श्रीवास्तव, संजय सिंह, कार्तिकेय श्रीवास्तव आदि ने अंगवस्त्र और रूद्राक्ष की माला पहनाकर स्वागत किया। रिंकू सिंह क्षेत्र कुशियरा गांव स्थित अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे जहां देर शाम लौटते समय हलिया बाजार पहुंचने पर युवाओं ने उनका स्वागत किया। रिंकू सिंह अमेरिका के बेसबाल खिलाड़ी रह चुके हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में बड़े बड़े रेसलरों के छक्के छुड़ाने वाले और विश्व में देश का नाम रोशन करने वाले रिंकू सिंह राजपूत खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मूल रूप से भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र के रहने वाले भारतीय रेसलर रिंकू सिंह ने युवाओं के स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि ईश्वर की कृपा और मेहनत के बल पर मंजिल तक पहुंचा जा सकता है। बिना मेहनत के कुछ भी हासिल नही किया जा सकता है इसलिए अपने मुकाम पर पहुंचने के लिए ईमानदारी से मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी।

## आयोजन

### वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल द्वारा व्यक्तित्व विकास पर हुई कार्यशाला

# सकारात्मक दृष्टिकोण से होता है व्यक्तित्व का विकास

**जौनपुर, अमृत विचार** : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा गुरुवार को व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला आयोजित की गयी। वर्कशॉप में छात्रों को व्यक्तित्व विकास के फाइव फैक्टर मॉडल एवं हेक्साको मॉडल के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

कुलपति प्रो वंदना सिंह के निर्देश पर सेन्ट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए लगातार सॉफ्ट स्किल व् हार्ड स्किल कि ट्रेनिंग आयोजित कर रहा है। सेल के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि स्व समझ व्यक्तित्व विकास आपको अपनी


कार्यशाला में मौजूद लोग। अमृत विचार

ताकतों और कमजोरियों और क्षमताओं को समझने में मदद कर सकता है। व्यक्तित्व विकास छात्र जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो शैक्षिक उपलब्धि से परे है। यह आत्मविश्वास और संचार कौशल को बढ़ाता है। इसके साथ ही भावनात्मक बुद्धिमत्ता में सुधार करता है। इससे नेतृत्व गुण विकसित होते है। छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। व्यक्तित्व विकास में निवेश करने से न केवल छात्रों को उनकी शैक्षिक यात्रा के दौरान लाभ होता है, बल्कि उन्हें लगातार विकसित हो रही दुनिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल भी मिलते हैं।

प्रशिक्षण में बी.टेक इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, सीएस, आईटी, एमबीए, एमबीए (एग्री बिज़नस), एमबीए (इ कॉमर्स) बायोटेक्नोलॉजी के छात्रों ने भाग लिया। व्यक्तित्व विकास आपको जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करता है।

# छह इंस्पेक्टर व तीन एसआई का स्थानांतरण

**प्रतापगढ़** : एसपी डा. अनिल कुमार ने गुरुवार को छह इंस्पेक्टर और ती सब इंस्पेक्टर का स्थानांतरण कर दिया। प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना इंस्पेक्टर श्रवण कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक क्राइम ब्रांच, इंस्पेक्टर गुलाब चन्द्र सोनकर को क्राइम ब्रांच से प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना, इंस्पेक्टर मो. इबरार अंसारी को क्राइम ब्रांच से साइबर थाना, इंस्पेक्टर सुशील कुमार कटियार को क्राइम ब्रांच से साइबर थाना, इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद यादव को क्राइम ब्रांच से साइबर थाना, इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार को क्राइम ब्रांच से साइबर थाना भेजा है। चौकी प्रभारी रानीगंज कैथोला एसआई सुरेन्द्र सिंह को साइबर थाना, एसआई एहसानुलहक खां को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी पूरेघना थाना पट्टी, एसआई विन्ध्यवासिनी तिवारी को चौकी प्रभारी किठावर थाना अंतू भेजा गया है।

### मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 980, फ्लैग- 1115, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 850 रामपुर : शिवालिक-970, फ्लैग- 1090, डीएमओ-840, बोल्ड-1160।

### लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राजमा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 कलीमिर्च 58000-64000 बड़ीइलायची 90000-150000 सोंठ 38000-41000 धनिया 8000-13000 लालमिर्च 14000-34000 जीरा 28000-32000 अजवाइन 20000-28000 सौंफ 13000-32000 हल्दी 17000-22000 सुपारी 40000-48000 छुहारा 14000-28000।

# विकसित भारत के लिए बैंकों की भूमिका अहम

## केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने बैंकों के लिए तकनीक सुरक्षा पर जोर देने को कहा

**पुणे, एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र या विकसित भारत बनाने के एजेंडे को आगे बढ़ाने में बैंकिंग क्षेत्र को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। सीतारमण ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 90वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री की तरफ से निर्धारित एजेंडे को आगे बढ़ाने में बैंकों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी और आपकी भूमिका से हम इस सपने को हासिल करने में और तेजी लाएंगे।

वित्तमंत्री ने कहा कि बैंकों को बुनियादी ढांचा क्षेत्र को सशक्त रफ्तार देने, एमएसएमई क्षेत्र को जरूरत के हिसाब से वित्त मुहैया कराने, बैंक सेवाओं से वंचित आबादी को बैंक दायरे में लाने और बीमा पहुंच बढ़ाने में मदद करनी होगी। सीतारमण ने कहा कि प्रौद्योगिकी बैंक परिदृश्य को तेजी से बदल रही है, क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित एवं आसानी से संचालित किया जा सकने वाला डिजिटल बैंकिंग अनुभव देती है। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने बैंकों के लिए प्रौद्योगिकी सुरक्षा पर भी जोर देने के लिए कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि आप (बैंक) ऐसी डिजिटल प्रणाली नहीं रख सकते हैं, जो कहीं भी हैक हो जाए और पूरी प्रणाली एवं उस पर आधारित भरोसा खतरे में पड़ जाए। इसके लिए आपको एक मजबूत प्रणाली चाहिए। आपको हर बार यह सुनिश्चित करना होगा कि पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम मौजूद हैं और किसी भी आपातकालीन स्थिति में किस तरह के कदम उठाने होंगे।

वित्त मंत्री ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में एकीकृत भुगतान प्रणाली यूपीआई की बढ़ती लोकप्रियता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तत्काल होने वाले सभी डिजिटल भुगतानों में से 45 प्रतिशत भारत में होते हैं।



### सात देशों में यूपीआई की सुविधा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) अब सात देशों में उपलब्ध है, जिसके अनुसार सभी वास्तविक समय डिजिटल भुगतानों में से 45 प्रतिशत भारत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी बैंकिंग परिदृश्य को बदल रही है, क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित और आसानी से नेविगेट करने योग्य डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करती है।

## भारत में 2030 तक बिजली खपत में होगी 10% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** भारत की बिजली खपत वर्ष 2030 तक 10 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 3000 टेरावॉट प्रति घंटा (टीडब्ल्यूएच) तक बढ़ सकती है। वैश्विक निवेश प्रबंधन कंपनी ओमनीसाइंस कैपिटल की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बिजली क्षेत्र में कोविड के बाद एक बड़ा बदलाव देखा गया है।

वित्त वर्ष 2011 से वित्त वर्ष 24 तक बिजली की खपत लगभग 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रही है, जिसके 2030 तक जारी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में आवासीय और वाणिज्यिक दोनों क्षेत्रों में एक मजबूत विस्तार पर भी प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 तक लगभग 40 लाख इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बिकने से भारत का ईवी बाजार विस्फोटक वृद्धि के दौर से गुजर रहा है।

# भारत 2030-31 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार

**मुंबई, एजेंसी**

एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को कहा कि भारत अनुमानित 6.7 प्रतिशत की एक जबरदस्त वार्षिक वृद्धि दर के बल पर वित्त वर्ष 2030-31 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। कंपनी ने "इंडिया फॉरवर्डः इमर्जिंग पर्सपेक्टिव्ज" अध्ययन का पहला संस्करण प्रकाशित किया, जिसमें भारत को एक अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्था केतौर पर दिखाया गया है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की शानदारजीडीपी वृद्धि दर के आगे की स्थिति है, जो इस सरकार के 7.3 प्रतिशत के पूर्व के अनुमान से अधिक है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया लीडरशिप काउंसिल के प्रमुख और एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस




के चीफ डेटा अधिकारी अभिषेक तोमर ने इस रिपोर्ट को जारी करते हुए कहा कि भारत वृद्धि के लिए कमर कस चुका है और युवा एवं गतिशील कार्यबल के साथ यह वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को नया आकार देने को तैयार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ रही बड़ी अर्थव्यवस्था है। कारोबारी लेनदेन और लॉजिस्टिक्समें सुधार, निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ाने और सरकारी पूंजी पर निर्भरता घटाने के लिए सतत सुधार महत्वपूर्ण है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 90,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,100-56,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,900 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,750 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,200 |
| चांदी तैयार | 88,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 74,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 73,500 |
| चांदी पक्की | 868 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,100 |
| चांदी आभूषण | 89,500। |

# श्वेत क्रांति 2.0 की शुरुआत डेयरी क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• सितंबर आखिरी या अक्टूबर की शुरुआत में बोवाई के आसार

भारत के डेयरी सहकारी क्षेत्र को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 'श्वेत क्रांति 2.0' की शुरुआत की। इसे महिला किसानों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से एक व्यापक पहल माना जा रहा है।

कार्यक्रम में चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें महिला किसानों को सशक्त बनाना, स्थानीय दूध उत्पादन को बढ़ाना, डेयरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और डेयरी निर्यात को बढ़ावा देना शामिल है। शाह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में अधिकतर महिलाएं लगी हुई हैं, जिनमें से कुछ अकेले गुजरात में 60,000 करोड़ रुपये का कारोबार कर रही हैं। यह नई पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने पर केंद्रित होगी। श्वेत क्रांति 2.0 के तहत, सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 50 प्रतिशत की वृद्धि करना है।

## बुनकरों-कताई करने वालों की मजदूरी में होगा इजाफा

**नई दिल्ली।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने बुनकरों की सात प्रतिशत और कताई करने वाले श्रमिकों की मजदूरी 25 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि चरखे पर सूत कातने वाले श्रमिकों के पारिश्रमिक में 25 प्रतिशत और बुनकरों के पारिश्रमिक में सात प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय किया है। बढ़ा पारिश्रमिक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर से लागू होगा। सूत कातने वाले श्रमिकों को प्रति लच्छा 10 रुपये की जगह 12.50 रुपये का मेहनताना मिलेगा।

# बोवाई पिछड़ी, देर से खाने को मिलेगा नया आलू

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

• सितंबर आखिरी या अक्टूबर की शुरुआत में बोवाई के आसार

**अमृत विचार :** प्रदेश में खराब मौसम की वजह से इस बार अगेती आलू की बोवाई पिछड़ गई है, जो अब मौसम साफ होने पर सितंबर अंत या फिर अक्टूबर माह की शुरुआत तक होगी। इस वजह से नया आलू दिवाली के बाद ही बाजार में आएगा। हालांकि मुख्य आलू की फसल में देरी नहीं होगी। इसकी 15 से 25 अक्टूबर तक बोवाई की जाएगी और फरवरी में फसल तैयार हो जाएगी।

उद्यान विभाग ने सात लाख हेक्टेयर में आलू की बोवाई का लक्ष्य रखा है। इसमें 265 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष सात लाख हेक्टेयर में



243 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ था। जो बारिश और कोहरा के कारण अनुमान से कम था, लेकिन पिछले वर्षों की अपेक्षा उत्पादन अधिक रहा।

कृषि विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया कि अगेती फसल में ज्यादा देरी नहीं हुई है। किसान मौसम साफ होते ही खेत सूखने पर बीज उपचारित करके पोटैटो प्लांटर से आलू की बोवाई करें। खेतों में नमी होने की वजह से पलेवा नहीं करना पड़ेगा। जलनिकासी की व्यवस्था जरूर करें। इससे बारिश होने पर फसल बर्बाद नहीं होगी।

**कुफरी भास्कर नया, नीलकंठ की ज्यादा मांग:** इस बार केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा विकसित कुफरी भास्कर प्रजाति की किसानों में ज्यादा मांग है। साथ ही यहां की विकसित नीलकंठ प्रजाति की भी मांग है। नीलकंठ में कैंसर से लड़ने वाले कैरोटिन एंथोसाइनिन नामक तत्व होते हैं। इसके दाम अच्छे मिलते हैं।



### एक नजर

**राज्यसभा सदस्यता से जवाहर सरकार का इस्तीफा मंजूर**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस सदस्य जवाहर सरकार का उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा स्वीकार कर लिया। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की घटना के बाद उठाए गए कदमों को लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाने वाले सरकार ने उच्च सदन से इस्तीफे की घोषणा की थी।

**महाराष्ट्रः एक ही परिवार के 4 लोगों के शव घर में मिले**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले में गुरुवार को एक दंपति और उनके दो बच्चे अपने घर में मृत पाए गए। एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस को संदेह है कि दंपति ने अपने बच्चों को जहरीला पदार्थ देने के बाद आत्महत्या कर ली।

# भाजपा के चुनाव संकल्प पत्र में 20 वादे

## अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100 रुपये

**हरियाणा विस चुनाव**

**चंडीगढ़, एजेंसी**

भाजपा ने 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें महिलाओं को 2,100 रुपये मासिक सहायता प्रदान करने, युवाओं के लिए दो लाख नौकरियां और राज्य के अग्निवीरों को सरकारी नौकरियां देने का वादा किया गया है।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोहतक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल खट्टर, राव इंद्रजीत और चुनाव घोषणापत्र समिति के प्रमुख कृष्णपाल गुर्जर की उपस्थिति में संकल्प पत्र जारी किया। हरियाणा में अगले महीने होने वाले चुनावों के बाद लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही सत्तारूढ़ भाजपा ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलों की खरीद का भी वादा किया है। हरियाणा में भाजपा सरकार पहले से ही 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। पिछले महीने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने 10 और फसलें एमएसपी पर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।

सेना में अल्पकालिक भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना का सामना कर रहे नड्डा ने कहा कि हरियाणा से संबंध रखने वाले प्रत्येक अग्निवीर को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

भाजपा ने घोषणापत्र में जो 20 प्रमुख वादे किए हैं उनमें 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत सभी महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह देने का वादा भी शामिल है। सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस सरकार के दौरान कथित भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को बिना 'खर्ची-पर्ची' के दो लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। सत्तारूढ़ भाजपा ने 'हर घर गृहणी योजना' के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने की भी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार राज्य में पहले से ही गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) और अंत्योदय परिवारों को हर घर गृहिणी योजना के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दे रही है।




### एमएसपी पर 24 फसलें खरीदने का वादा

**चंडीगढ़।** भाजपा के घोषणापत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीदने का भी वादा किया गया है। पार्टी ने देश भर के किसी भी सरकारी मेडिकल या इंजीनियरिंग कॉलेज में ओबीसी, एससी समुदायों से संबंधित हरियाणा के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज जाने वाली लड़कियों को स्कूटर देने का भी वादा किया। नड्डा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में हरियाणा प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा है। उन्होंने पिछली सरकारों के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार और घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं हरियाणा बदल गया है।

# गया-कैमूर में एनआईए की बड़ी कार्रवाई हथियार और चार करोड़ नकद बरामद

**पटना/गया, एजेंसी**

• आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी मिले

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीपीआई (माओवादी) मगध जोन मामले में गुरुवार को बिहार के गया और कैमूर जिले के पांच ठिकानों पर छापेमारी कर 10 हथियार, 4.03 करोड़ रुपये नकद, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए।

एनआईए की ओर से कहा गया कि बिहार के गया और कैमूर जिलों में कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। इस छापेमारी का उद्देश्य मगध क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन को पुनर्जीवित करने और मजबूत करने की सीपीआई (माओवादी) की साजिश को विफल करना था। इस साजिश मामले में तीन संदिग्धों के घरों और कार्यालय परिसरों में छापेमारी की गई। इस क्रम में एनआईए ने पाया कि तीनों मगध क्षेत्र में अपनी नक्सली गतिविधियों



को पुनर्जीवित करने के लिए सीपीआई (माओवादी) के नेताओं को धन और रसद सहायता प्रदान करने में शामिल थे। गया और कैमूर जिले के पांच ठिकानों पर की गई छापेमारी में अलग-अलग बोर के दस हथियार, 4.03 करोड़ रुपये नकद, कई डिजिटल उपकरणों के साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

एनआईए ने कहा कि यह मामला बीते साल 7 अगस्त को औरंगाबाद जिले के गोह थाना क्षेत्र से सीपीआई (माओवादी) के दो कैडरों की गिरफ्तारी से प्रकाश में आया था। गिरफ्तार किए गए कैडरों में रोहित राय और प्रमोद यादव शामिल हैं। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद के साथ-साथ सीपीआई (माओवादी) मगध जोनल सांगठनिक कमेटी से संबंधित पुस्तिकाएं भी बरामद की गई थीं।

### पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के यहां भी छापेमारी

गया। बिहार में सत्तारूढ़ जदयू की पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के आवास पर भी एनआईए की टीम ने छापेमारी की है। मनोरमा देवी के गया शहर के एपी कॉलोनी स्थित आवास पर गुरुवार एनआईए टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी में भारी मात्रा में कैश मिलने की भी बात आ रही है। एसबीआई के कर्मचारी नोट गिनने की दो मशीन एवं तीन बक्से लेकर उनके आवास पहुंचे थे। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि भारी संख्या में आवास से कैश मिला है।

# कॉलेजियम की सिफारिशें कोर्ट के साथ साझा करेगा केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्तियों से संबंधित कॉलेजियम की अनुशंसाओं के बारे में अगले सप्ताह कुछ जानकारियां प्रदान करेगी। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष ये टिप्पणियां करते हुए शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध एक जनहित याचिका पर सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया।

अटॉर्नी जनरल ने न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली इस पीठ से कहा, "कॉलेजियम की अनुशंसाओं के बारे में कुछ विवरण उपलब्ध कराएंगे। कृपया याचिका को एक सप्ताह बाद सूचीबद्ध करें।"

## झूठी गवाही के दावे पर पूजा खेडकर से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को यूपीएससी के उन आरोपों पर पूर्व प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर से जवाब मांगा है, जिसमें कहा गया है कि खेडकर ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका के संबंध में गलत बयान देकर झूठी गवाही दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग के आवेदन पर खेडकर से जवाब दाखिल करने को कहा।

## पूर्व पुलिस आयुक्त ने जज के खिलाफ दर्ज कराया मानहानि का मुकदमा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के पूर्व पुलिस आयुक्त कृष्ण कुमार राव ने एक जज के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर उनसे एक करोड़ का हर्जाना मांगा है। राव के अनुसार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने फरवरी 2022 में पारित एक आदेश में करोड़ों रुपये की डकैती के मामले में गुरुग्राम पुलिस के पूर्व उपायुक्त धीरज सेतिया की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि मामले में जो दिख रहा है, उससे कहीं अधिक है। जज ने कहा कि मुख्य संदिग्ध सचिंदर जैन द्वारा की गई स्वीकारोक्ति के आधार पर यह संदिग्ध लगता है कि सेतिया, जिस पर मामले में जांच को पटरी से उतारने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है, राव के अधीन ऐसा कर सकता है, विशेषकर यह देखते हुए कि गैंगस्टर गुरुग्राम कमिश्नरेट में उससे मिलने आते थे।

## मुंबई के पूर्व पुलिस प्रमुख संजय पांडेय कांग्रेस में शामिल

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडेय गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। वह कांग्रेस में ऐसे समय शामिल हुए हैं, जब महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। वर्ष 1986 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी को 2022 में ईडी ने 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कर्मचारियों की फोन टैपिंग से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। पांडेय को कांग्रेस की मुंबई इकाई प्रमुख वर्षा गायकवाड ने पार्टी में शामिल कराया। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी पांडेय ने स्वयं को धर्मनिरपेक्ष विचारधारा वाला व्यक्ति बताते हुए कहा कि कांग्रेस को छोड़कर कोई अन्य राजनीतिक दल धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का पालन नहीं करता है।

## फुटपाथ पर सो रहे दो लोगों को कार ने कुचला

**नई दिल्ली।** गीता कॉलोनी इलाके में फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूरों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि एक कार फुटपाथ पर चढ़ी हुई है। पुलिस को वहां पहुंचने पर पता चला कि सोनू (40) और मोहम्मद इस्लाम (38) इस दुर्घटना में घायल हो गए। सोनू की इलाज के दौरान मौत हो गई।

**आतंक वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ लड़ाई में बड़ी उपलब्धि**

# भारत जी-20 देशों के विशिष्ट में समूह में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद वित्तपोषण के विरुद्ध लड़ाई के लिए फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) से 'रेगुलर फॉलो-अप' रेटिंग प्राप्त करने वाले सिर्फ चार जी20 देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है, लेकिन एफएटीएफ ने अलकायदा और आईएसआईएल जैसे आतंकी संगठनों से उत्पन्न खतरों से भी चेताया है।

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को इस संबंध में एक्स पर कई पोस्ट कर यह



जानकारी दी और कहा कि यह मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण के विरुद्ध भारत की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर और गर्व का क्षण है। इन चार देशों में भारत, ब्रिटेन, फ्रांस और इटली शामिल है। इसके बाद इंहेंस फॉलो अप सूची में 11 देश शामिल हैं, जिसमें कनाडा, जर्मनी, अमेरिका, चीन, सऊदी अरब , इंडोनेशिया, जापान, कोरिया, मैक्सिको, आस्ट्रेलिया और ब्राजील शामिल है।

एफएटीएफ ने इस दिशा में भारत द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा के बाद यह रैंकिंग दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन में पर्याप्त प्रभावशीलता रेटिंग यह दर्शाती है कि वित्तीय खुफिया जानकारी का हमारा मजबूत उपयोग धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने में महत्वपूर्ण है।

## गोदरेज हेयर डाई और गुड नाइट लिक्विड की नकली फैक्ट्री पर छापा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद पुलिस ने गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई और नकली गुड नाइट गोल्ड फ्लैश की एक नकली फैक्ट्री पर छापा मारा है। पुलिस ने बताया कि तेलंगाना नकली गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई और गुड नाइट गोल्ड फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर की पैकेजिंग सामग्री का अवैध भंडारण और आपूर्ति करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। छापे में गुड नाइट गोल्ड फ्लैश पैकेजिंग की 2000 पीस, पैक किए गए गुड नाइट गोल्ड फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर के 85 पीस और गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई के 180 पीस जब्त किए गए।

# आजादी से अब तक सुप्रीम कोर्ट के 37 हजार फैसलों का हिंदी अनुवाद

• चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि आजादी के बाद से सुप्रीम कोर्ट के लगभग 37 हजार फैसलों का हिंदी में अनुवाद किया गया है। अब उनका अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने की प्रक्रिया जारी है। प्रधान न्यायाधीश ने यह बात एक मामले की सुनवाई के दौरान कही।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हिंदी के बाद अब तमिल सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत



अपने फैसलों का संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने की प्रक्रिया में है। संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी, असमिया, बंगाली, बोडो और डोगरी सहित 22 भाषाओं को मान्यता दी गई है। प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों से सुनवाई के दौरान 'इलेक्ट्रॉनिक सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट' से निर्णयों के तटस्थ उद्धरण देने का भी आग्रह किया।

शीर्ष अदालत ने 2023 में वकीलों, कानून के छात्रों और आम जनता को अपने निर्णयों तक निःशुल्क पहुंच प्रदान करने के लिए ई-एससीआर परियोजना शुरू की थी। वकील ई-एससीआर का उपयोग करते हुए सुनवाई के दौरान अपनी दलीलों के समर्थन में पिछले निर्णयों का हवाला देते हैं।

### फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद एआई की मदद से

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का अनुवाद अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे देश भर की जिला अदालतों तक पहुंच सकें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अंतिम अनुवाद की समीक्षा मानवीय हस्तक्षेप के माध्यम से की जाती है। अनुवाद में मानवीय हस्तक्षेप के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने एआई की सीमा का उल्लेख किया और कहा कि यह 'लीव ग्रांटेड' का अनुवाद 'अवकाश प्राप्त हुआ' के रूप में करती है। कानूनी भाषा में 'लीव' का मतलब अकसर किसी वादी को किसी विशेष उपाय का सहारा लेने के लिए अदालत की अनुमति देना होता है।

# शतकवीर अश्विन और जडेजा ने कराई भारत की वापसी

## पहले दिन भारतीय टीम ने छह विकेट पर 339 रन बनाए, भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा, हसन महमूद ने चार विकेट झटके




रविचंद्रन अश्विन

चेन्नई, एजेंसी

शतकवीर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने बांग्लादेश से मिले शुरुआती झटकों से निकालते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारतीय टीम को छह विकेट पर 339 रन तक पहुंचा दिया। दोनों ने सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 195 रन बना लिये हैं। इससे पहले भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा और पहले दो सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजों ने दबाव बनाते हुए छह विकेट 144 रन पर चटका दिये थे। इसके बाद चेन्नई में जन्मे अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले जडेजा ने अपने घरेलू मैदान एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर अद्भुत धैर्य और आपसी तालमेल का प्रदर्शन करते हुए बेजोड़ पारियां खेलीं।

अपना छठा टेस्ट शतक जड़ने वाले अश्विन ने 91 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए 112 गेंद में 102 रन जोड़े जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं जडेजा ने 117 गेंद में 86 रन बना लिये हैं। उन्होंने भी अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाये। इससे पहले इस साल मार्च में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हसन महमूद ने भारतीय शीर्षक्रम को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। 24 वर्ष के महमूद ने पांच ओवर में सिर्फ छह रन देकर पहले स्पैल में तीन विकेट चटकाये। उन्होंने 18 ओवर में 58 रन देकर चार विकेट लिये। यशस्वी जायसवाल के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज सुबह के सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सका। जायसवाल ने 118 गेंद में नौ चौकों की मदद से 56 रन बनाये। जायसवाल और ऋषभ पंत (39) ने चौथे विकेट के लिये 99 गेंद में 62 रन जोड़े। पहले सत्र में प्रभावी दिख रहे पंत ने महमूद की गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास को कैच थमाया। जायसवाल ने 95 गेंद में अपना अर्धशतक मेहदी हसन मिराज की गेंद पर एक रन लेकर पूरा किया। उन्होंने हालांकि इसके बाद अपनी एकाग्रता खोई और नाहिद राणा की गेंद पर पहली स्लिप में शादमैन इस्लाम को कैच दे बैठे। केएल राहुल 16 रन बनाकर आफ स्पिनर मिराज का शिकार हुए।

भारत के छह विकेट 144 रन पर गिर चुके थे। दूसरा सत्र भी पहले ही सत्र की तरह रहा जिसमें बांग्लादेशी गेंदबाज हावी रहे। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और पूरा फोकस एक्सप्रेस गेंदबाज नाहिद राणा पर था लेकिन भारतीय पारी को झटके महमूद ने दिये। रोहित शर्मा (छह) को एक के स्कोर पर डीआरएस से जीवनदान मिला था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके। वह दूसरी स्लिप में नजमुल हसन शंटो को कैच देकर लौटे। शुभमन गिल (0) खाता भी नहीं खोल सके और आठ गेंद खेलने के बाद विकेटकीपर लिटन दास को कैच दे बैठे। विराट कोहली (छह) का मैदान में उतरने पर तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ लेकिन वह भी टिक नहीं सके। महमूद ने आफ स्टम्प से बाहर गेंद डाली जिस पर बल्ला अड़ाने का खामियाजा विराट ने भुगता और विकेट के पीछे लिटन ने कैच लपक लिया। भारत ने पहले तीन ओवर में ही एम ए चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर तीन विकेट 34 रन के भीतर गंवा दिये। इसके बाद जायसवाल और केएल राहुल से ऊपर भेजे गए पंत ने पारी को संभालने की कोशिश की।

### पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करें : अश्विन

**चेन्नई।** घरेलू नायक रविचंद्रन अश्विन ने गुरुवार को नाबाद शतक जड़ने के बाद कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए तैयार की गई लाल मिट्टी की पिच पर उन्होंने जानबूझकर आक्रामक बल्लेबाजी करने का प्रयत्न किया। उनकी यह रणनीति कारगर रही और इसकी बदौलत वह घरेलू दर्शकों के सामने शानदार शतक लगाकर भारत को मुश्किल स्थिति से बाहर निकालने में सफल रहे। अश्विन ने पहले दिन के खेल खत्म होने के बाद मेजबान प्रसारक से कहा, यह चेन्नई की पुरानी पिच है जिसमें थोड़ा उछाल है। लाल मिट्टी की पिच पर आप अगर लाइन में आकर शॉट खेलने के इच्छुक हो तो आप कुछ शॉट खेल सकते हो। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मैं हमेशा से ही अपने बल्ले को ऑफ स्टंप के बाहर घुमाता रहा हूं। मैंने कुछ चीजों पर काम किया और इस तरह की पिच पर अगर आपको गेंद पर शॉट लगाने है तो ऋषभ पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करनी चाहिए। ऋषभ पंत ने 39 गेंद में 52 रन बनाकर अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन लूज स्ट्रोक पर आउट हो गए।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 339/6 (74)

| खिलाड़ी | रन | 4/6 |
|---|---|---|
| यशस्वी बो नाहिद | 56 | 9/0 |
| रोहित का शान्तो बो महमूद | 06 | 1/0 |
| गिल का लिटन बो महमूद | 00 | 0/0 |
| विराट का लिटन बो महमूद | 06 | 0/0 |
| पंत का लिटन बो महमूद | 39 | 6/0 |
| राहुल का जाकिर बो मिराज | 16 | 1/0 |
| जडेजा नाबाद | 86 | 10/2 |
| अश्विन नाबाद | 102 | 10/2 |

**अतिरिक्त :** 28 रन, **विकेट पतन :** 1-14, 2-28, 3-34, 4-96, 5-144, 6-144

**गेंदबाजी :** तसकीन अहमद 15-1-47-0, हसन महमूद 18-4-58-4, नाहिद राणा 17-2-80-1, मेहदी हसन मिराज 21-2-77-1, शाकिब अल हसन 8-0-50-0, मोमिनुल हक 1-0-4-0

## खेल डायरी

### सुमित नागल ने खेलने के लिए मांगी थी 50,000 अमेरिकी डॉलर की फीस



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ ने गुरुवार को दावा किया कि सुमित नागल ने भारत के लिए डेविस कप खेलने के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर की सालाना फीस मांगी थी, लेकिन देश के इस शीर्ष एकल खिलाड़ी ने खुद का बचाव करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उनकी सेवाओं के लिए भुगतान किया जाना सामान्य बात है। नागल ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ डेविस कप से हटने का फैसला किया था।

### विधात्री को महिला पेशेवर गोल्फ टूर में हिताषी के साथ संयुक्त बढ़त



**गुरुग्राम।** महिला पेशेवर गोल्फ टूर पर पिछले तीन टूर्नामेंट जीतने वाली विधात्री उर्स ने गुरुवार को 12वें चरण के टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद हिताषी बक्शी के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बना ली। पहले दौर के बाद हिताषी से एक शॉट पीछे चल रही विधात्री ने दूसरे दौर में दो ओवर 74 का स्कोर बनाया। हिताषी तीन ओवर का स्कोर ही बना पाईं। विधात्री और हिताषी एक ओवर 145 के समान स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### आईएलटी20 ने स्टार खिलाड़ियों रॉय, होप और वेड से अनुबंध किया



**मुंबई।** डीपी वर्ल्ड अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20 की छह फ्रेंचाइजी ने अगले साल 11 जनवरी से नौ फरवरी तक होने वाले तीसरे सत्र के लिए जेसन रॉय, मैथ्यू वेड और शाई होप जैसे स्टार खिलाड़ियों के साथ अनुबंध किया है। नए खिलाड़ियों से अनुबंध करने की विंडो (समय-सीमा) जून में शुरू हुई थी जो पिछले रविवार को संपन्न हुई। मैच अबु धाबी, दुबई और शारजाह में होंगे। इस प्रतियोगिता में दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ी खेलने वाले हैं।

### भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन में मजबूत शुरुआत की



**डेनिया (स्पेन)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने गुरुवार के लेडीज यूरोपीय टूर पर ला सेला ओपन के शुरुआती दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरूआत की। त्वेसा ने नौवें होल से शुरूआत की और बैक नाइन में आठ पार तथा एक बर्डी से संयुक्त 15वें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स इवन पार पर थीं जबकि सहर अटवाल संयुक्त 75वें स्थान पर थीं। रिद्धिमा दिलावड़ी पहले होल के बाद एक ओवर पर थीं।

# न्यूजीलैंड के चार विकेट पर 255 रन

- टॉम लैथम और केन विलियमसन ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की
- पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका की टीम 305 रन पर ऑल आउट हो गई

गॉल, एजेंसी

टॉम लैथम और केन विलियमसन के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां चार विकेट पर 255 रन बनाए। श्रीलंका के पहली पारी के 305 रन के जवाब में लैथम (70) और डेवोन कॉनवे (17) ने पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। सलामी बल्लेबाज लैथम ने विलियमसन (55) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की।

बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या की गेंद पर पवेलियन लौटने से पहले लैथम स्पिनरों के खिलाफ सहज नजर आ रहे थे। उन्होंने जयसूर्या की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में स्क्वायर लेग पर कैच थमाया। विलियमसन की अच्छी लय में नजर आए लेकिन 55 रन के स्कोर पर उनकी एकाग्रता टूटी और उन्होंने धनंजय डिसिल्वा की गेंद पर विकेटकीपर कुसाल मेंडिस को कैच थमाया। रचिन रविंद्र (39) भी धनंजय की गेंद को पूरी तरह से चूककर बोल्ड हुए। डेरिल मिचेल (नाबाद 41) और टॉम ब्लंडेल (नाबाद 18) ने पांचवें विकेट के लिए 59 रन की अटूट साझेदारी करके इसके बाद न्यूजीलैंड को और झटके नहीं लगने दिए। इससे पहले श्रीलंका की टीम सात विकेट पर 302 रन से आगे खेलने उतरी और 305 रन पर ऑल आउट हो गई। तेज गेंदबाज विल ओ रोर्के ने 55 रन देकर पांच विकेट चटकाए।



श्रीलंका के गॉल में शॉट खेलते हुए न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल।

# फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना से भिड़ेगा इटली

डेविस कप

**मैड्रिड।** गत चैंपियन इटली नवंबर में डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना से भिड़ेगा। दक्षिणी स्पेनिश के शहर मलागा में गुरुवार को अंतिम आठ के लिए हुए ड्रॉ में अमेरिका का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से, जर्मनी का कनाडा से और नीदरलैंड का स्पेन से मुकाबला तय हुआ। अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने के बाद इटली, स्पेन, कनाडा और अमेरिका को वरीयता दी गई। इटली-अर्जेंटीना मुकाबले का विजेता सेमीफाइनल में अमेरिका या ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। जर्मनी-कनाडा मैच का विजेता नीदरलैंड या स्पेन के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेगा।

चाइना ओपन



महिला एकल में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराया

# मालविका क्वार्टरफाइनल में

**चांगझोऊ।** भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ ने गुरुवार को चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। गुरुवार को एक घंटा और पांच मिनट तक चले मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दूसरे राउंड में दो बार की राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को 21-17, 19-21, 21-16 से हराया। इस जीत के साथ वह साइना नेहवाल और पीवी सिंधु के बाद बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला एकल शटलर बन गई हैं।

# इंडिया ए ने मैच में बनाई पकड़

अनंतपुर, एजेंसी

दलीप ट्रॉफी

शाश्वत रावत (नाबाद 122) की शतकीय पारी के दम पर इंडिया ने वापसी करते हुए गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के छठे मुकाबले में अपनी पकड़ बना ली है। गुरुवार को टॉस जीतकर इंडिया सी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अंशुल कम्बोज और विजयकुमार वैशाख की घातक गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिये। ऐसे संकट के समय शाश्वत रावत और शम्स मुलानी ने पारी को संभाला। दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया ए ने सात विकेट पर 224 रन बना लिये थे और शाश्वत रावत (नाबाद 122) और आवेश खान (नाबाद 16) क्रीज पर थे। इंडिया सी की ओर से अंशुल कम्बोज ने तीन विकेट, विजयकुमार वैशाख को दो विकेट मिले।

### चार बल्लेबाजों का अर्धशतक, इंडिया डी बड़े स्कोर की ओर

**अनंतपुर।** संजू सैमसन (नाबाद 89), देवदत्त पड़िक्कल (50), श्रीकर भरत (52) और रिकी भुई (56) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत इंडिया डी ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के पाचवें मुकाबले में पांच विकेट पर 306 रन के साथ बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया है। इंडिया बी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया डी के देवदत्त पड़िक्कल और श्रीकर भरत की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया डी ने पांच विकेट पर 306 रन बना लिये है और संजू सैमसन (नाबाद 89) और सारांश जैन (नाबाद 26) क्रीज पर मौजूद थे। इंडिया बी की ओर से राहुल चाहर ने तीन विकेट लिये। नवदीप सैनी और मुकेश कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारतीय महिलाओं ने जॉर्जिया व पुरुष टीम ने चीन को हराया

शतरंज ओलंपियाड

**बुडापेस्ट।** ग्रैंडमास्टर आर वैशाली और वंतिका अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के सातवें दौर में जॉर्जिया को हराया जबकि विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश की अगुवाई में पुरुष टीम ने चीन को हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। वैशाली और वंतिका ने क्रमशः लैला जे और बेला कोतेनाश्विली को हराया। भारतीय महिला टीम ने जॉर्जिया को 3-1 से और पुरुष टीम ने चीन को 2.5-1.5 से हराया। डी हरिका ने नाना जागनिजे से ड्रॉ खेला जबकि दिव्या देशमुख को निनो बात्सियाश्विली ने ड्रॉ पर रोका। ओपन वर्ग में गुकेश ने चीन के वेइ यि को हराया। गुकेश और विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन के बीच मुकाबले की अटकलें थी, जिन्हें नवंबर में सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप मुकाबला खेलना है। चीन ने हालांकि लिरेन को आराम देने का फैसला किया। अगले दौर में भारतीय पुरुष टीम का सामना ईरान और महिला टीम का पोलैंड से होगा।

# भारत के शुरुआती मैच बांग्लादेश से

- सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप में तीन टीम के ग्रुप ए में मालदीव तीसरी टीम
- टूर्नामेंट के ग्रुप बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें शामिल

थिम्पू, एजेंसी

गत चैम्पियन भारत शुक्रवार को सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप में ग्रुप ए के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। तीन टीम के ग्रुप ए में मालदीव तीसरी टीम है और भारत को 24 सितंबर को उससे भिड़ना है। ग्रुप बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 28 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 30 सितंबर को फाइनल होगा।

भारत 2022 का चैम्पियन है, जब पिछली बार यह टूर्नामेंट अंडर-17 आयु ग्रुप में खेला गया था। पिछले साल का चरण अंडर-16 आयु वर्ग के लिए कराया गया था, जिसका विजेता भी भारत ही था। मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने इसी चांगलिमिथांग स्टेडियम में ट्राफी उठाने वाली टीम के 23 में से 16 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। एक साल पहले भारत ने शुरूआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की थी और फाइनल भी बांग्लादेश के खिलाफ हुआ था, जिसमें वह 2-0 से विजेता रहा था। इश्फाक अहमद ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमें बांग्लादेश के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मैच की उम्मीद है। मैं चाहता हूं कि हमारे खिलाड़ियों की परीक्षा हो और हम जानते हैं कि बांग्लादेश की टीम से खेलना इतना आसान नहीं होगा। हमें सकारात्मक शुरूआत का भरोसा है। उम्मीद है कि हर कोई मैच में अच्छी फुटबॉल का लुत्फ उठायेगा।

## बॉलीवुड हलचल

# सिटाडेल सीजन 2 में नजर आयेंगी प्रियंका चोपड़ा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 में काम करती नजर आयेंगी। प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन से जुड़ी झलकियां सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रियंका ने सिटाडेल 2 के सेट से एक बीटीएस वीडियो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो टूर की शुरुआत प्रियंका के क्लोज-अप शॉट में मिरर सेल्फी से होती है। इससे पहले कि वह सिटाडेल-सीजन 2 के सेट पर एक शानदार काले रंग की ड्रेस में नजर आईं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शार्प पोनीटेल, धूप का चश्मा लगाए हुए प्रियंका का यह लुक बेहद हॉट है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने लिखा, नादिया वापस आ गई। इससे पहले प्रियंका ने सेट पर जाने का एक वीडियो भी साझा किया था, जिसका कैप्शन था, हैलो सिटाडेल एस 2। अगस्त में प्रियंका ने अपने नए रंग की आंखों को दिखाते हुए एक क्लिप साझा की थी।



# दुर्गापूजा पर रिलीज होगी अपराधी



**मुंबई।** ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म अपराधी दुर्गापूजा के अवसर पर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म अपराध का निर्माण दक्षा फिल्म इंडिया के बैनर तले किया गया है, और निर्देशन शेखर शर्मा ने किया है। फिल्म अपराधी में खेसारीलाल का दमदार एक्शन और रोमांस देखने को मिलेगा, जिसमें गांव का खास अंदाज दिखाया जाएगा। फिल्म में ऋतु सिंह, मेघाश्री और रक्षा गुप्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। बिहार और झारखंड में फिल्म का वितरण रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट कर रही है। फिल्म अपराधी को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा, यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है। इसमें मेरा किरदार एक्शन और रोमांस दोनों का बेहतरीन मिश्रण है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। खासकर इस दुर्गापूजा के मौके पर इसे रिलीज करना मेरे लिए खास है, क्योंकि यह फिल्म परिवार और समाज के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उजागर करती है।

# बेटों को जब वी मेट दिखाना चाहती हैं करीना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर अपने बेटों को अपनी सुपरहिट फिल्म जब वी मेट दिखाना चाहती हैं। हाल ही में, करीना कपूर के नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल का एलान किया गया है। इस दौरान उनकी कई फिल्में दिखाई जाएगी। इस फिल्म फेस्टिवल में करीना कपूर की जब वी मेट, कभी खुशी कभी गम, अशोका, चमेली और ओमकारा समेत कई फिल्मों को दिखाया जाएगा। इसका आयोजन 20 से 27 सितंबर तक होगा। करीना कपूर चाहतीं हैं कि उनके बेटे तैमूर अली खान और जेह अली खान उनकी एक फिल्म जब वी मेट देखें। इस फिल्म में करीना कपूर ने गीत का रोल किया है, जिसे दर्शक काफी पसंद करते हैं। करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। करीना कपूर की आने वाली फिल्म में सिंघम अगेन प्रमुख है।

# पंजाब ने हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

**जालंधर।** पंजाब ने गुरुवार को शूट आउट में उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराकर 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता। पंजाब के लिए सुखविंदर सिंह (पांचवें मिनट), जरमन सिंह (33वें मिनट) और जोबनप्रीत सिंह (39वें मिनट) ने गोल दागे जबकि उप्र के लिए अजीत यादव (31वें मिनट), सूरज पाल (48वें मिनट) और आकाश पाल (54वें मिनट) ने गोल किए, जिससे मुकाबला 3-3 से बराबर था। शूटआउट के दौरान उप्र के आकाश पाल, नितीश भारद्वाज और अजीत यादव ने गोल किए जबकि पंजाब के लिए जपनीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जरमन सिंह और लवनूर सिंह ने गोल दागकर खिताब सुनिश्चित किया। तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में हरियाणा ने कर्नाटक को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। टीम के लिए अमित खासा (30वें मिनट), नवराज सिंह (50वें मिनट), नितिन (54वें मिनट), मनीष कुमार (55वें मिनट) और साहिल रुहाल (59वें मिनट) ने गोल किए।

# चैंपियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान ने ड्रॉ खेला

- 90वें मिनट में नूनो मेंडेस के गोल ने पीएसजी को 1-0 से जीत दिलाई

जिनेवा, एजेंसी

यूएफा चैंपियंस लीग में बोलोगना और शखतार दोनेत्स्क के बीच बुधवार को खेला गया मैच गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान का मुकाबला भी 0-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ। इससे पहले मंगलवार को हुए मुकाबलों में कुल 28 गोल दागे गये, जिनमें अकेले बायर्न म्यूनिख एफसी के नौ शामिल थे। वहीं अगले दिन के छह मुकाबलों में केवल 13 गोल ही हुए।

नये लीग चरण में खेले जाने वाले 144 में से अब तक 12 मैचों में ये दूसरा एकमात्र ड्रॉ है। पिछले सत्र में पूरी प्रतियोगिता में प्रति मैच औसतन तीन गोल हुए थे। पेरिस सेंट जर्मेन और गिरोना का मुकाबला भी गोलरहित ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, लेकिन 90वें मिनट में नूनो मेंडेस के गोल ने पीएसजी को 1-0 से जीत दिलाई। बोरूसिया डॉर्टमंड ने स्थानापन्न खिलाड़ी जेमी गिटेंस के दो और सेरहो गुइरासी के अतिरिक्त समय में किये गोल से क्लब ब्रुग को 3-0 से हराया। टूर्नामेंट में गुरुवार को बार्सिलोना का मुकाबला मोनाको से होगा जबकि अटलांटा की आर्सेनल से भिड़ंत होगी। साथ ही बायेर लीवरकुसेन का सामना फेयेनूर्ड से होगा। 36 टीमें जनवरी तक आठ अलग-अलग विरोधी टीमों से खेलेंगी और उन्हें एकल लीग तालिका में स्थान दिया जाएगा। नॉकआउट चरण में जाने वाली टीमों का निर्धारण होगा।



गोल करने का मौका चूकने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते मैनचेस्टर सिटी के इल्के गुंडोगन। • एजेंसी


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति पर जुर्माना

सिंगापुर। यहां के एक अस्पताल में उपचाराधीन भारतीय मूल के व्यक्ति पर एक सुरक्षा अधिकारी, पुलिस अधिकारियों और उसका उपचार कर रहे चिकित्सक के साथ अभद्रता करने के आरोप में सात हजार सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार, मोहनराजन मोहन (30) ने बुधवार को उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम के तहत दो आरोपों में दोष स्वीकार कर लिया।

### लाहौर में रैली से पहले कई नेता गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने गुरुवार को दावा किया कि पंजाब पुलिस ने उसके संगठन पर कार्रवाई शुरू कर दी है और शनिवार को लाहौर में होने वाले उसके प्रस्तावित शक्ति प्रदर्शन से पहले पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता अली एजाज बुट्टर ने कहा कि पुलिस ने पीटीआई के नेताओं अली इम्तियाज वराइच, अफजल फात और कई अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं को शनिवार (21 सितंबर) को लाहौर के मीनार-ए-पाकिस्तान के मैदान में होने वाले पार्टी के शक्ति प्रदर्शन से पहले हिरासत में ले लिया है।

### हैरिस को मतदाताओं का ज्यादा समर्थन मिलता दिख रहा है

वाशिंगटन। अमेरिका की रियल एस्टेट एजेंट लिलियन डन्समुइर अभी तक कमला हैरिस के बारे में नहीं सोचती थी और न ही उपराष्ट्रपति के बारे में उनकी कोई राय थी, लेकिन अब लिलियन का झुकाव हैरिस की ओर बढ़ रहा है। एरिजोना के बुलहेड सिटी की रियल इस्टेट एजेंट लिलियन डन्समुइर (58) ने कहा, ''वह (कमला हैरिस) बहुत मजेदार हैं। मुझे लगता है कि वह बहुत होशियार हैं। वह अच्छी तरह बोल सकती हैं।

### दिल्ली व रतलाम के विद्यालयों ने अंतिम दौर में बनाई जगह

**लंदन।** वर्ष 2024 के 'वर्ल्ड बेस्ट स्कूल' पुरस्कार के फाइनल में गुरुवार को जगह बनाने वाले विद्यालयों में दिल्ली और मध्य प्रदेश के दो नवोन्मेषी विद्यालय शामिल हैं। पुरस्कार जीतने के लिए ये दोनों स्कूल अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संस्थानों से मुकाबला करेंगे। दिल्ली के वसंत कुंज स्थित रयान इंटरनेशनल स्कूल और मध्यप्रदेश के रतलाम स्थित सीएम आरआईएसई स्कूल ने फाइनल में जगह बनाई है। यह पुरस्कार एक्सेंचर, अमेरिकन एक्सप्रेस और लेमन फाउंडेशन के सहयोग से लंदन स्थित टी4 एजुकेशन द्वारा स्थापित किया गया है, जिसमें विजेताओं के साथ 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि साझा की जाती है।

### खाद्य कीमतों के खिलाफ विरोध, लगा कर्फ्यू

पेरिस। फ्रांसीसी विदेशी क्षेत्र मार्टीनिक के अधिकारियों ने द्वीप के प्रशासनिक केंद्र फोर्ट-डी-फ्रांस शहर के कई इलाकों में बढ़ती खाद्य कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के चलते कर्फ्यू लगा दिया है। फ्रांसीसी मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, ले फिगारो अखबार ने मंगलवार को बताया है कि कैरेबियन सागर में फ्रांसीसी विदेशी क्षेत्र मार्टीनिक द्वीप पर, कई दिनों से बढ़ती खाद्य कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान छह पुलिस अधिकारी घायल हो गये।

# सलीम खान को गैंगस्टर का नाम लेकर धमकी

- पुरुष और बुर्का पहने हुए एक महिला को हिरासत में लिया गया

**मुंबई, एजेंसी**

बांद्रा इलाके में अभिनेता सलमान खान के पिता और लेखक सलीम खान को धमकाने के बाद एक पुरुष और बुर्का पहने हुए एक महिला को हिरासत में लिया गया।



पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि लेखक सलीम खान बुधवार को सुबह की सैर के बाद बांद्रा बैंडस्टैंड में बैठे थे कि तब इनके पास आए महिला और पुरुष ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर उन्हें धमकी दी। एक अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस को बताया कि वे सलीम खान के साथ केवल मजाक कर रहे थे। अधिकारी ने कहा, दोपहिया वाहन पर जा रहे एक पुरुष और बुर्का पहने हुए एक महिला ने बैंडस्टैंड पर सलीम खान को बैठे हुए देखा। वे यूटर्न लेकर उनके पास पहुंचे और कहा कि लॉरेंस बिश्नोई को भेजूं क्या। अधिकारी के मुताबिक सलीम खान को धमकाने के बाद दोनों वहां से चले गए। सलीम खान के सुरक्षाकर्मी ने दोपहिया वाहन का नंबर देखा और बुधवार को बांद्रा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की और दोनों का पता लगा लिया। दोनों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से उपद्रव करने और कुछ अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आंखों को रगड़ने से हो सकती है कार्निया डैमेज

आंख हमारे शरीर के सबसे जरूरी अंगों में से एक हैं। जिसकी मदद से हम अपने आसपास की दुनिया देख पाते हैं। हमारी आंखें बहुत सेंसिटिव होती हैं। आंखों में इन्फेक्शन या आई फ्लू का खतरा ज्यादा रहता है। क्योंकि फंगस इन्फेक्शन फैलाने वाले वायरस और बैक्टीरिया हवा में रहते हैं। अधिकांश लोग इन्फेक्शन या एलर्जी के कारण आंखें रगड़ने लगते हैं। इससे कुछ देर के लिए से बहुत अच्छा महसूस हो सकता है। लेकिन बार-बार ऐसा करना खतरनाक हो सकता है। ज्यादा तेजी से आंखों को रगड़ने से कॉर्निया डैमेज हो सकता है।



### अपनी आंखें क्यों रगड़ते हैं लोग

आंखें के रगड़ने के कई कारण हो सकते हैं। जब हमारी आंखों में खुजली होती है, हम थके हुए होते हैं या ऐसा महसूस होता है कि पलकें आंखों में फंस गईं हैं तो हम सभी अपनी आंखें रगड़ते लगते हैं। कुछ लोगों को आंखों को बार-बार रगड़ना एक रिफ्लेक्स या आदत भी हो सकती है। आंखों के रगड़ने से अलग-अलग उम्र के मुताबिक अलग-अलग परेशानियां हो सकती हैं। जो बच्चे आंखों को ज्यादा रगड़ते हैं, उनके कॉर्निया का आकार बदल जाता है। आंखों की ब्लड वेसल्स बहुत नाजुक होती हैं। आंखों के रगड़ने से वेसल्स टूटने लगती है। जिससे आंखों की सफेद परत पर खून आने लगता है और आंख लाल पड़ जाती है। इसके अलावा बच्चों के बार-बार आंखों को रगड़ने से डार्क सर्कल आने लगते हैं। वहीं एडल्ट के बार-बार आंखों को रगड़ने से केराटोकोनस नाम की बीमारी हो सकती है। इसमें कार्निया की सतह अनियमित और पतली हो जाती है।

### आंखों को हाइड्रेट रखने के लिए खाने-पीने का रखें ध्यान

आंखों को हाइड्रेट रखने के लिए अपनी डाइट में विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर फूड शामिल करें। इसके लिए गाजर, चुकंदर, शिमला मिर्च, मूली और हरी सब्जियों को खूब खाएं। इसके साथ ही हर रोज 2 से 3 लीटर पानी जरूर पिएं। जब आंखे हाइड्रेट रखेंगी तो आंखों में खुजली या जलन की परेशानी कम होगी।

### एलर्जी से बचाना जरूरी

आमतौर पर धूल-मिट्टी या ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से आंखों में एलर्जी होती है। जिसके कारण लोग आंखों को रगड़ने लगते हैं। आंखों से पानी आना, पलकों का ड्राई होना या आंखों का लाल होना जैसी किसी स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### स्क्रीन से ब्रेक लें

लैपटॉप, टैबलेट या मोबाइल की स्क्रीन पर लगातार टकटकी लगाकर देखने से आंखों पर खिंचाव पड़ता है। जिससे आंखें ड्राई होने लगती है और बार-बार रगड़ने का मन करता है। हर 20 मिनट में स्क्रीन से नजर हटाएं और 20 फीट दूर रखी किसी चीज कर कुछ देर देखें।

### लगातार पलक झपकाएं

पलकें झपकाना एक नेचुरल क्रिया है। इससे आंखें नम और स्वस्थ बनी रहती हैं। लेकिन जब हम स्क्रीन लगातार देखते हैं तो हमारी आंखें कम झपकती हैं, जिससे आंखें ड्राई हो जाती हैं। इसलिए नियमित पलक जरूर झपकानी चाहिए।

# फर्जी कंपनियां से भेजे थे विस्फोटक पेजर

## अमेरिकी मीडिया का दावा, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में विस्फोटों को लेकर दुनिया भर में हलचल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

लेबनान में बीते दो दिनों में हुए पेजर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में हुए विस्फोटों को लेकर दुनिया भर में पैदा कौतूहल के बीच अमेरिकी मीडिया में दावा किया गया है कि इजराइल ने विस्फोटक पेजर बनाने के लिए यूरोप में एक फर्जी कंपनी बनायी थी। न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट में तीन खुफिया अधिकारियों के हवाले से इजराइल पर यह आरोप लगाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक हंगरी स्थित कंपनी बीएसी कंसल्टिंग केएफटी के पास ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो की ओर से उपकरणों के निर्माण का अनुबंध था। उनका कहना है कि वास्तव में, बीएसी कंसल्टिंग केएफटी एक इजराइली कंपनी का हिस्सा थी।

रिपोर्ट के अनुसार बीएसी कंसल्टिंग केएफटी के नाम से पेजर बनाने वाले इजराइली खुफिया अधिकारियों की असली पहचान छिपाने के लिए कम से कम दो और प्रमुख कंपनियां बनाई गईं। दरअसल बीएसी कंसल्टिंग केएफटी के पास सामान्य ग्राहक थे जिनके लिए वह बिना विस्फोटक के पेजर तैयार करता था। लेबनान में विस्फोटक युक्त पेजर की आपूर्ति 2022 की गर्मियों में शुरू हुई। उस समय हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला के सुरक्षा कारणों से मोबाइल फोन के इस्तेमाल को कम करने के निर्देश के बाद पेजरों की खरीद के ऑर्डर आने पर ऐसे पेजरों का उत्पादन बढ़ा दिया गया।



लेबनान में धमाकों के बाद कमान संभाले सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

**ताइवान में भी मची अफरातफरी :** उधर, ताइवान में भी लेबनान की घटनाओं को लेकर अफरातफरी मची है। ताइवान की सुरक्षा एजेंसियां लेबनान में गोल्ड अपोलो से जुड़े पेजरों में विस्फोट के मामले की जांच में जुटी हैं। रेडियो ताइवान इंटरनेशनल ने ताइवान के रक्षा मंत्री वेलिंगटन कू के हवाले से गुरुवार को कहा कि ताइवान की सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल इस मामले की गहरायी और पूरी गंभीरता से जांच कर रही हैं। ताइवानी सुरक्षा एजेंसियों ने मीडिया में आयी उस रिपोर्ट के बाद जांच शुरू की है जिसमें कहा गया था कि इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद ने लेबनानी आंदोलन हिजबुल्ला द्वारा गोल्ड अपोलो को ऑर्डर किए गए पांच हजार पेजरों में कुछ मात्रा में उच्च क्षमता वाले विस्फोटक रखे थे। हालांकि, गोल्ड अपोलो के सीईओ ने कहा कि जिन पेजरों में विस्फोट हुआ है, उनका ताइवानी कंपनी से कोई लेना-देना नहीं है।

### विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हुई

**बेरूत।** लेबनान के विभिन्न हिस्सों में संचार उपकरणों (वॉकी-टॉकी, मोबाइल, लेपटॉप) में हुए विस्फोटों से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन केंद्र ने कहा वॉकी-टॉकी के विस्फोटों के कारण, मरने वालों की संख्या 20 तक पहुंच गई है, जबकि 450 से अधिक घायल हुए हैं।

### इजराइल वॉकी-टॉकी उड़ाकर हिजबुल्ला को समझौते के लिए करना चाहता है राजी : रिपोर्ट

**बेरूत।** इजराइल का लक्ष्य लेबनान में हिजबुल्ला द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले वॉकी टॉकी (रेडियो) में विस्फोट कर उन्हें हमास के साथ अपने संबंधों को त्यागने और यहूदियों के साथ एक अलग सौदा करने के लिए राजी करना है। एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। एक लेबनानी सूत्र ने बुधवार को बताया कि लेबनान के विभिन्न हिस्सों में पेजर के अलावा अन्य संचार उपकरणों में विस्फोट हुआ था। लेबनानी मीडिया ने बताया कि जिन वॉकी-टॉकी में विस्फोट हुआ था उन्हें लगभग पांच महीने पहले खरीदा गया था।

# पाकिस्तान बोला- प्रावधानों का हो सम्मान

- सिंधु जल संधि को लेकर दिए गए नोटिस पर दी प्रतिक्रिया

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

भारत द्वारा सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को औपचारिक नोटिस दिए जाने के कुछ दिनों बाद, इस्लामाबाद ने गुरुवार को कहा कि वह इस समझौते को महत्वपूर्ण मानता है और उम्मीद करता है कि नई दिल्ली भी इसके प्रावधानों का पालन करेगा।

भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की वार्ता के बाद 19 सितंबर 1960 को सिंधु जल संधि (आईडब्लूटी) पर हस्ताक्षर किये थे, जिसका एकमात्र उद्देश्य सीमा पार की नदियों का प्रबंधन करना था। नई दिल्ली में बुधवार को सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने 30 अगस्त को पाकिस्तान को एक औपचारिक नोटिस भेजकर 64 साल पुराने समझौते की समीक्षा की मांग की थी, जिसमें उसने परिस्थितियों में मौलिक और अप्रत्याशित बदलावों और सीमा पार से लगातार जारी आतंकवाद के प्रभाव का हवाला दिया था। भारत के नोटिस पर एक सवाल का जवाब देते हुए विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने यहां संवाददाताओं से कहा पाकिस्तान सिंधु जल संधि को महत्वपूर्ण मानता है और उम्मीद करता है कि भारत भी इसके प्रावधानों का पालन करेगा। बलूच ने बताया कि दोनों देशों के बीच सिंधु जल आयुक्तों का एक तंत्र है और संधि से जुड़े सभी मुद्दों पर इसमें चर्चा की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि संधि से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए कोई भी कदम समझौते के प्रावधानों के तहत ही उठाया जाना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि विदेश कार्यालय के प्रवक्ता की प्रतिक्रिया से पता चलता है कि पाकिस्तान उस समझौते में संशोधन में रुचि नहीं रखता है।



# गाजा में स्कूल पर इजराइल का हमला, 5 बच्चों समेत 8 की मौत

**गाजा।** शहर के पूर्व में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजराइली हमले में कम से कम आठ फिलिस्तीनी मारे गए। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजराइली विमानों ने शुजाय्या पड़ोस में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले इब्न अल-हेथम स्कूल पर बमबारी की। गाजा सिविल डिफेंस ने कहा हमारी टीमों ने इजराइली हवाई हमले के परिणामस्वरूप पांच बच्चों और दो महिलाओं सहित आठ पीड़ितों के शव बरामद किए हैं।

# बांग्लादेश में सेना को मजिस्ट्रेट पावर के दुरुपयोग की चेतावनी

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश में कानून-व्यवस्था में सुधार और विघटनकारी गतिविधियों को रोकने के लिए सेना को दो महीने के लिए मजिस्ट्रेट की शक्तियां दी हैं।

यह फैसला एक प्रमुख मीडिया आउटलेट द्वारा असाधारण उपाय बताया गया है, लेकिन इसके व्यापक दायरे और इसके संभावित दुरुपयोग को लेकर चिंताएं भी व्यक्त की गई हैं। यह निर्णय तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है, जो सैन्य अधिकारियों को पूरे देश में कार्यकारी मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करने और अगले 60 दिनों के लिए इस पद को प्रदान की गई शक्तियों का उपयोग करने में सक्षम बनाता है। इन शक्तियों का उपयोग करके, वे संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार कर सकते हैं या गिरफ्तारी का आदेश दे सकते हैं, तलाशी ले सकते हैं, गैरकानूनी सभाओं को तितर-बितर कर सकते हैं और बल का उपयोग भी कर सकते हैं।

# ग्लोबल साउथ भविष्य को आकार देने के लिए भारतपर करता है भरोसा

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र की एक राजदूत ने कहा है कि बहुपक्षीय भागीदारी के प्रति भारत का दृष्टिकोण परस्पर सम्मान और एकजुटता पर आधारित है और बेहतर भविष्य को आकार देने में योगदान देने के लिए ग्लोबल साउथ भारत के इसी दृष्टिकोण पर भरोसा करता है। संरा में सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस की स्थायी प्रतिनिधि इंगा रोंडा किंग ने कहा आज ग्लोबल साउथ में महत्वपूर्ण नेताओं में से एक आपका बेहतरीन देश भारत है। सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स और इंडिया राइट्स नेटवर्क की ओर से भविष्य का संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन भारत और विश्व के लिए इसके क्या मायने विषय रखा गया है

# न्यूयार्क में मंदिर के संकेतक बोर्ड को विरूपित करने पर नाराजगी

- स्वामीनारायण मंदिर के बोर्ड से छेड़छाड़ पर सांसदों ने कार्रवाइ रकी मांग की

**वाशिंगटन, एजेंसी**

न्यूयार्क में एक मंदिर के बाहर लगे संकेतक बोर्ड को विरूपित किए जाने की घटना को लेकर अमेरिका के शीर्ष सांसदों ने नाराजगी व्यक्त की है। यह घटना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से कुछ दिन पहले हुई है। न्यूयार्क के मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की ओर जाने वाली सड़क और उसके बाहर लगे संकेतक बोर्ड को सोमवार को पेंट से विरूपित कर दिया गया और आपत्तिजनक शब्द लिखे गए।

लॉन्ग आइलैंड के सफोल्क काउंटी में स्थित मेलविले 16 हजार सीट वाले नासाऊ वेटरन्स मेमोरियल कोलिजियम से लगभग 28 किलोमीटर दूर है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 सितंबर को एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करने वाले हैं। सीनेट के बहुमत के नेता सीनेटर चक शूमर ने कहा इस हिंदू पूजा स्थल का अपमान निंदनीय है। लॉन्ग आइलैंड या न्यूयार्क या फिर पूरे अमेरिका में कहीं भी नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। सांसद रिच मैककॉर्मिक ने कहा मैं मेलविले, न्यूयॉर्क में बीएपीएस मंदिर के अपमान से बहुत दुखी हूं।

# श्रीलंका में चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन हुईं 11 रैलियां

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन करीब 11 चुनावी रैलियां आयोजित की गईं। मीडिया रिपोर्टों में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। द डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, निर्दलीय उम्मीदवार रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार को मतारा, गाले, कालूतारा, होमगामा और मरदाना में तीन रैलियों को संबोधित किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, विपक्षी नेता सजित प्रेमदास ने भी गाले, बेरुवाला और कोलंबो सेंट्रल में रैलियां की। नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के उम्मीदवार अनुरा कुमारा दिसानायके ने कालूतारा, गम्पाहा और नुगेगोडा में रैलियों को संबोधित किया।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर भगवान गणेश की मूर्तियों के विसर्जन के बाद राज्यस्तरीय स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी कचरा को हटाकर लोगों को प्रोत्साहित किया। एजेंसी

# कनाडा ने विदेशी छात्रों के लिए अध्ययन परमिट में कटौती की

**ओटावा, एजेंसी**

### जस्टिन ट्रूडो का एलान

- इस साल 35 फीसदी कम परमिट जारी कर रहे

कनाडा ने अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए अध्ययन परमिट में कटौती करने का ऐलान किया है जिससे बहुत से भारतीय नागरिकों के प्रभावित होने की आशंका है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा हम इस साल 35 फीसदी कम परमिट जारी कर रहे हैं तथा अगले साल इसमें 10 फीसदी और कमी की जाएगी।

उन्होंने कहा आव्रजन हमारी अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद है, लेकिन जब खराब तत्व व्यवस्था का दुरुपयोग करते हैं और छात्रों का फायदा उठाते हैं, तो हम कार्रवाई करते हैं। यह कदम तब उठाया गया है जब कनाडा सरकार अस्थायी निवासियों की संख्या कम करने पर विचार कर रही है। कनाडा भारतीय विद्यार्थियों के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। ट्रूडो की घोषणा से कनाडा में पढ़ने की इच्छा रखने वाले कई भारतीय छात्रों पर असर पड़ने की संभावना है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार, शिक्षा भारत और कनाडा के बीच पारस्परिक हित का एक प्रमुख क्षेत्र है। भारत विदेशी छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत है और अनुमानित तौर पर 4,27,000 भारतीय विद्यार्थी कनाडा में पढ़ रहे हैं।



ज्ञान-विज्ञान

23 मिलियन प्रकाश वर्ष तक फैला हुआ है यह जेट

# वैज्ञानिकों ने खोज निकाला सबसे बड़ा ब्लैकहोल जेट

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने सबसे बड़े ब्लैक होल के दो जेट की खोज की है। ब्लैकहोल का जेट अपनी आकाशगंगा से बाहर जाकर गर्म प्लाज्मा के विस्फोट करते हैं। ये जेट 23 मिलियन प्रकाश वर्ष तक फैले हुए हैं। इस विशालकाय जेट को पोर्फिरियन नाम दिया गया है।

ब्लैकहोल जेट ब्रह्मांड की भयानक विनाशकारी शक्ति है। जिसके आगे वाली कोई भी वस्तु बच नही सकती है। ब्रह्मांड में इस तरह की महाशक्तियां चारों ओर फैली हुई हैं। जिनकी खोजखबर में वैज्ञानिक खास दिलचस्पी रखते हैं। खगोलविदों का मानना है कि आकाशगंगाएँ और उनके केंद्रीय ब्लैक होल एक साथ विकसित होते हैं और इसका एक प्रमुख पहलू यह है कि जेट भारी मात्रा में ऊर्जा फैला सकते हैं। जिस कारण मेजबान आकाशगंगाओं और उनके निकट की अन्य आकाशगंगाओं के विकास प्रभावित होता है। खोज से पता चलता है कि जेट का प्रभाव जितना हमने सोचा था उससे कहीं अधिक दूर तक फैल सकता है। आकाश सर्वेक्षण के दौरान अब तक पाई गई सबसे बड़ी जेट प्रणाली है। यूरोप की एरे रेडियो टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हुई है। वैज्ञानिकों ने इस जेट की आयु 13.8 अरब वर्ष की आंकी है। इनकी ऊर्जा खरबों सूर्यों के बराबर है। यह जेट दूर की आकाशगंगा के केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैक होल के ऊपर और नीचे से निकल जाते हैं। खोजे गए जेट की जोड़ी का आकार 140 आकाशगंगाओं को एक के बाद एक पंक्तिबद्ध करने के बराबर है। कैलटेक पोस्टडॉक्टरल के वैज्ञानिक व मुख्य लेखक मार्टिजन ओईई द्वारा यह खोज नेचर पेपर में प्रकाशित हुई है।



### अभी कई रहस्य उजागर होने बाकी है

नैनीताल : खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि सबसे बड़े ब्लैकहोल जेट का पता तो चल गया है, लेकिन लंबी दूरी तय करने जेट का रहस्य अभी बरकरार है। अपनी मेजबान आकाशगंगाओं से बहुत दूर तक कैसे बढ़ जाते हैं, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है। ब्लैक होल जेट के बारे मे बहुत कुछ जानना अभी बाकी है। जिनका भविष्य में पता चलेगा।

# भारतीय रक्षा उद्योग को अफ्रीका में साझेदारी की उम्मीद जताई

- अफ्रीका एयरोस्पेस एंड डिफेंस एक्सपो में हिस्सा ले रही हैं भारतीय कंपनियां

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की आठ और निजी क्षेत्र की दो रक्षा उपकरण विनिर्माता कंपनियां अफ्रीका एयरोस्पेस एंड डिफेंस एक्सपो में हिस्सा ले रही हैं। ये कंपनियां अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को प्रदर्शित कर रही हैं और बिक्री के बाद उनके रखरखाव में सहयोग की पेशकश कर रही हैं।

अफ्रीका एयरोस्पेस एंड डिफेंस (एएडी) में हिस्सा ले रहे अधिकारियों ने बताया कि रखरखाव को एक महत्वपूर्ण कारक मानते हुए रक्षा क्षेत्र की इन शीर्ष कंपनियों को विश्वास है कि वायु, भूमि और समुद्री उत्पादों में भारत की क्षमता को महाद्वीप और वैश्विक स्तर पर पसंद किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका की प्रशासनिक राजधानी त्वेन में स्थित वाटरक्लूफ वायुसेना केंद्र पर आयोजित एएडी प्रदर्शनी देश के सकल घरेलू उत्पाद में सबसे बड़ा योगदान देने वाले आयोजनों में से एक है। इस साल 18 से 22 सितंबर तक एएडी के तहत प्रदर्शनी और एयर शो आयोजित किया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने प्रदर्शनी में भारत के पैवेलियन का बुधवार को आधिकारिक उद्घाटन करने के बाद कहा हमारे उत्पादों ने लड़ाई की स्थिति में अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए वे अफ्रीकी देशों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। मुझे भरोसा है कि वे इन उत्पादों की खरीद करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार के उद्यम आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजय द्विवेदी ने कहा कि यह पहली बार है कि वे प्रदर्शक के रूप में भाग ले रहे हैं।